हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



Page 11

खेल





संकटमोचक बनकर उभरे केएल राहुल, मुल्लानपुर टेस्ट में जड़ा धमाकेदार शतक



Page 09

देश





पर्यावरण दिवस, बाहुबली से बायो युग की ओर बढ़ रहा यूपी : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



कृष्ण पक्ष, शतभिषा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • रविवार • 07 जून 2026 • वर्ष 28 • अंक 185 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,40,000 | ₹ 2,65,000 |

## आज का इतिहास

**1975 :** पहले विश्व कप का पहला मैच भारत-इंग्लैंड के बीच लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला गया। इसमें भारत की हार हुई।

**1979 :** भारत के दूसरे उपग्रह भास्कर-एक को सोवियत संघ के बीयर्स लेक से छोड़ा गया।

## न्यूज बाइट्स

### आरा-बनारस मेमू ट्रेन 100 दिनों तक रद्द

**पटना (नि.सं.)** । आरा और बनारस के बीच प्रतिदिन चलने वाली मेमू ट्रेन को रेलवे ने लगभग 100 दिनों के लिए रद्द कर दिया है। यह निर्णय पंडित दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) रेल मंडल में चल रहे विकास एवं तकनीकी कार्यों के मद्देनजर लिया गया है। रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार गाड़ी संख्या 63229 आरा–बनारस मेमू तथा 63230 बनारस–आरा मेमू निर्धारित अवधि तक संचालित नहीं होंगी।

### बिहार बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए सख्त ड्रेस कोड लागू

**पटना (नि.सं.)** । बिहार बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभ्यर्थियों के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से ड्रेस कोड समेत कई सुरक्षा नियम लागू किए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा केंद्रों पर पूरी बांह (फुल स्लीव) के कपड़े पहनकर आने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को केवल आधी बांह (हाफ स्लीव) के कपड़े पहनकर आने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही जूते और मोजे पहनकर आने वाले अभ्यर्थियों को भी परीक्षा केंद्र के भीतर जाने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थियों को साधारण चप्पल या सैंडल पहनकर आने को कहा गया है। राज्य के 11 शहरों में बनाए गए 180 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की जाएगी, जहां सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए कई वस्तुओं को केंद्र परिसर में ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रशासन के अनुसार अभ्यर्थी जूते, मोजे, बेल्ट, टोपी, स्कार्फ, गमछा और मास्क के साथ केंद्र में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा मोबाइल फोन, स्मार्ट या डिजिटल घड़ी, ब्लूटूथ डिवाइस, लैपटॉप, कैमरा और कैलकुलेटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने खेल विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान कहा

# अंतरराष्ट्रीय खेलों को बिहार में ओलम्पिक स्तर की दी जाएंगी सुविधाएं : मुख्यमंत्री



निज संवददाता | पटना

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में खेलों के विकास और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को खेल विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में खेल अवसंरचना, खिलाड़ियों को दी जा रही सुविधाओं, प्रोत्साहन योजनाओं तथा भविष्य की कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिहार में अंतरराष्ट्रीय खेलों के आयोजन और खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए ओलंपिक स्तर की सुविधाएं विकसित की जाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है और चरणबद्ध तरीके से विश्वस्तरीय खेल अवसंरचना का निर्माण कराया जा रहा है।

### खिलाड़ियों को मिल रहा प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जा रहा है। साथ ही खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, खेल सामग्री और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के अलावा 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' योजना के तहत प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के युवा खिलाड़ियों में अपार प्रतिभा है, जिसे सही अवसर और संसाधन उपलब्ध कराकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाया जा सकता है। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजगीर में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का कार्य 31 दिसंबर 2026 तक हर हाल में पूरा किया जाए। इसके अलावा पटना के डुमरी खेल परिसर में विभिन्न खेलों के लिए अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम विकसित करने की दिशा में तेजी से काम करने को कहा।

### ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

मुख्यमंत्री ने पंचायत स्तर पर नियमित खेल महोत्सव और खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन पर बल देते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने पंचायत खेल क्लबों से पूर्व खिलाड़ियों, युवाओं और स्थानीय नागरिकों को जोड़कर खेल संस्कृति को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण, कोचिंग, खेल उपकरण और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि बिहार के खिलाड़ी देश और दुनिया में राज्य का नाम रोशन कर सकें। बैठक में खेल मंत्री श्रेयसी सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, खेल विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### पंचायतों में खेल मैदान निर्माण पर जोर

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य की 8053 ग्राम पंचायतों में से 4700 पंचायतों में 5266 खेल मैदानों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने शेष पंचायतों में भी खेल मैदानों का निर्माण जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (वीबी-जीआरएएमजी) के माध्यम से भी खेल मैदानों का निर्माण कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने पटना स्थित मोइनुल हक स्टेडियम के पुनर्विकास कार्य में तेजी लाने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्टेडियम तक बेहतर सड़क और परिवहन संपर्क विकसित करने पर भी जोर दिया, ताकि बड़े खेल आयोजनों के दौरान यातायात और भीड़ प्रबंधन में कोई समस्या न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर में ऐसे पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाए, जिनमें नवाचार, रोजगार और राष्ट्रीय स्तर पर उपयोगिता की अधिक संभावनाएं हों। उन्होंने जिला स्तरीय खेल भवन-सह-व्यायामशालाओं तथा प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियमों के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश देते हुए इनके संचालन और रखरखाव के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल की संभावनाओं का अध्ययन करने को कहा।

सचिन का रिकॉर्ड पीछे छोड़ने की दहलीज पर वैभव

## बिहार के वैभव सूर्यवंशी का टीम इंडिया में सिलेक्शन

निज संवाददाता | पटना

बिहार के उभरते क्रिकेट सितारे वैभव सूर्यवंशी ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। महज 15 वर्ष 72 दिन की उम्र में उनका चयन भारतीय क्रिकेट टीम में हुआ है। इसके साथ ही वह भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के लिए चुने जाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। वैभव की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से उनके पैतृक गांव ताजपुर समेत पूरे समस्तीपुर जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। चयन की खबर मिलते ही उनके घर पर जश्न का माहौल बन गया। परिवार के सदस्य, रिश्तेदार और ग्रामीण एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर बधाई दे रहे हैं।

घर के बाहर आतिशबाजी की जा रही है, जबकि महिलाएं पारंपरिक मंगल गीत गाकर अपनी खुशी व्यक्त कर रही हैं। युवाओं और बच्चों ने भी नाच-गाकर इस उपलब्धि का स्वागत किया। वैभव के चाचा राजीव सूर्यवंशी ने कहा कि इतनी कम उम्र में इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करना पूरे परिवार और बिहार के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने बताया कि आईपीएल में वैभव के शानदार प्रदर्शन को देखकर उन्हें पहले से ही विश्वास था कि जल्द ही भारतीय टीम में उनका चयन होगा। वहीं, उनके दादा उपेंद्र सूर्यवंशी ने कहा कि उन्होंने पहले ही अनुमान लगा लिया था कि वैभव एक दिन देश का नाम रोशन करेगा। उन्होंने कहा कि अब तक भारतीय पुरुष टीम में किसी खिलाड़ी का चयन इतनी कम उम्र में नहीं हुआ था और वैभव ने नया इतिहास रच दिया है।

गांव के निवासी जितेंद्र कुमार ने कहा कि कुछ लोग पहले वैभव की बल्लेबाजी को महज संयोग बताते थे, लेकिन आईपीएल में उसके प्रदर्शन ने सभी को जवाब दे दिया। उन्होंने कहा कि वैभव ने साबित कर दिया है कि वह दबाव में भी मैच जिताने की क्षमता रखता है। ग्रामीणों का मानना है कि ईश्वर का आशीर्वाद उसके साथ है और वह आने वाले समय में विश्व क्रिकेट में भारत का नाम और ऊंचा करेगा।

### एशियाई खेलों के लिए मिला मौका





वैभव सूर्यवंशी को जून-जुलाई में आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी-20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा सितंबर में जापान में आयोजित होने वाले एशियाई खेलों के लिए भी उन्हें भारतीय दल में जगह मिली है। चयनकर्ताओं ने आईपीएल में उनके बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए यह फैसला लिया है।

### राष्ट्रमंडल यूथ शतरंज चैम्पियनशिप विजेता मो. रेयान को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राष्ट्रमंडल यूथ शतरंज चैम्पियनशिप 2026 के अंडर-18 वर्ग के विजेता युवा शतरंज खिलाड़ी मो. रेयान को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें 22 लाख 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने मो. रेयान को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल कर मो. रेयान ने बिहार का गौरव बढ़ाया है। सम्मान समारोह के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मो. रेयान की उपलब्धि राज्य के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य सरकार हरसंभव सहयोग और प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि मो. रेयान भविष्य में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर देश और बिहार का नाम रोशन करेंगे। मुख्यमंत्री ने मो. रेयान को उनकी सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार खेलों के विकास तथा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।मो. रेयान की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों और शतरंज जगत से जुड़े लोगों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने दी मंजूरी

## विश्वविद्यालयों में लागू होगा राष्ट्रीय सेवा योजना का नया पाठ्यक्रम

निज संवाददाता | पटना



बिहार के सभी विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का नया पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप तैयार किए गए इस पाठ्यक्रम को राज्यपाल एवं कुलाधिपति सैयद अता हसनैन ने मंजूरी प्रदान कर दी है। राज्यपाल सचिवालय की ओर से शनिवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई।

अधिसूचना के अनुसार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक द्वारा भेजे गए प्रस्ताव तथा पाठ्यक्रम समिति की अनुशंसाओं पर विचार करने के बाद नए पाठ्यक्रम और पाठ्यक्रम संरचना को स्वीकृति दी गई है। राष्ट्रीय सेवा योजना का नया पाठ्यक्रम चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के चौथे सेमेस्टर में क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रम के अंतर्गत लागू किया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक सेवा के प्रति जागरूक बनाना है। नए पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं को समाज सेवा, स्वयंसेवी गतिविधियों तथा विभिन्न सामाजिक विकास कार्यक्रमों में भागीदारी का अवसर मिलेगा।

इससे विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक समस्याओं को समझने और उनके समाधान में योगदान देने का अनुभव प्राप्त होगा। राष्ट्रीय सेवा योजना को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाए जाने से छात्र-छात्राएं सामुदायिक विकास, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता, साक्षरता अभियान और अन्य सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे। इससे उनमें सामाजिक संवेदनशीलता और जनसेवा की भावना का विकास होगा। यह नया पाठ्यक्रम राज्य के सभी प्रमुख विश्वविद्यालयों में लागू किया जाएगा। इनमें पटना विश्वविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, मगध विश्वविद्यालय, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय सहित बिहार के अन्य विश्वविद्यालय शामिल हैं।

### नई शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार हुआ सिलेबस

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। इसके माध्यम से छात्रों में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक चेतना, अनुशासन, सेवा भावना और व्यक्तित्व विकास जैसे गुणों का विकास किया जाएगा। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस पहल से विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रहना पड़ेगा, बल्कि वे समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को भी बेहतर ढंग से समझ सकेंगे।

### बिहार में जमीन मापी के लंबित मामलों के निपटारे के लिए बड़ा फैसला, जरूरत वाले क्षेत्रों में भेजे जाएंगे अमीन

**पटना(नि.सं.)**। बिहार में जमीन की इ-मापी से जुड़े लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने नई रणनीति तैयार की है। राज्य में इ-मापी के लगभग 45 हजार मामले लंबित होने के कारण लोगों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए विभाग ने अब जरूरत के अनुसार अमीनों की तैनाती करने का निर्णय लिया है। नई व्यवस्था के तहत उन अंचलों की पहचान की जाएगी जहां इ-मापी के आवेदन कम हैं और जहां आवेदन अधिक संख्या में लंबित हैं। कम कार्यभार वाले अंचलों में कार्यरत अमीनों को डेपुटेशन पर अधिक आवेदन वाले क्षेत्रों में भेजा जाएगा, ताकि लंबित मामलों का तेजी से निष्पादन किया जा सके। राजस्व मामलों की समीक्षा के दौरान इ-मापी के बड़ी संख्या में लंबित मामलों की जानकारी मिलने पर राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने अधिकारियों को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। विभाग का मानना है कि अमीनों की आवश्यकता के अनुसार पुनर्तैनाती से मापी संबंधी आवेदनों के निष्पादन में तेजी आएगी और लोगों को समय पर सेवा उपलब्ध हो सकेगी।

## 13 जून को नाई समाज का राज्यस्तरीय सम्मेलन अधिकाधिक लोगों से शामिल होने की अपील

निज संवाददाता | पटना



नाई (ठाकुर) समाज की विभिन्न मांगों को लेकर 13 जून को पटना स्थित कृष्ण मेमोरियल हॉल में राज्यस्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा, जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों से समाज के लोगों के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य नाई समाज को एक मंच पर संगठित करना तथा केंद्र और राज्य सरकार के समक्ष समाज की भागीदारी और प्रतिनिधित्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना है। सम्मेलन के माध्यम से केंद्र सरकार से राष्ट्रीय केश कला बोर्ड एवं आयोग के गठन की मांग उठाई जाएगी। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि नाई समाज के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास के लिए विशेष नीतियां बनाने की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा कानून बनाए जाने की मांग की जाएगी। आयोजकों ने कहा कि सम्मेलन में पारित प्रस्ताव और मांगपत्र बिहार सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजा जाएगा, ताकि समाज की मांगों पर सकारात्मक पहल हो सके। कार्यक्रम से जुड़े लोगों ने बताया कि पूरे बिहार से नाई समाज के लोग सम्मेलन में भाग लेने पहुंचेंगे। उनका मानना है कि बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी से समाज की एकजुटता और संगठनात्मक शक्ति का संदेश सरकार तक पहुंचेगा।

सम्मेलन की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक में कर्पूरी विकास मंच एवं नाई समाज के अध्यक्ष रामप्रवेश ठाकुर, मंच के कोषाध्यक्ष उदय ठाकुर, प्रीति शर्मा, विजय ठाकुर, मंटू ठाकुर, दयानंद ठाकुर, चंद्रदीप ठाकुर तथा नंदवंशी सेवा संगठन के अध्यक्ष चंदन भाई नंदवंशी सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 10वीं पास मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी 75 हजार तक की छात्रवृत्ति

**पटना(नि.सं.)**। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद (बीईपीसी) ने 10वीं पास मेधावी विद्यार्थियों के लिए सरोजिनी दामोदरन फाउंडेशन (एसडीएफ) के बिहार इंटरमीडिएट विद्याधन छात्रवृत्ति कार्यक्रम की जानकारी प्रचारित करने का निर्देश दिया है। राज्य परियोजना निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से यह छात्रवृत्ति योजना चलाई जा रही है। इसके तहत उन विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा जिन्होंने 10वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिनके परिवार की वार्षिक आय दो लाख रुपये या उससे कम है।चयनित छात्र-छात्राओं को 10वीं कक्षा के बाद दो वर्ष के लिए 10 हजार रुपये प्रतिवर्ष दो साल तक और उच्च शिक्षा के लिए प्रति वर्ष 20 हजार रुपये से 75 हजार रुपये तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी।

बिहार में यातायात व्यवस्था होगी हाईटेक

## 27 जिलों में लगेंगे ट्रैफिक सिग्नल और बनेंगे 40 नए ट्रैफिक पोस्ट

निज संवाददाता | पटना



बिहार में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और हिट एंड रन की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार ने यातायात व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत राज्य के 27 जिलों में ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएंगे, 40 नए ट्रैफिक पोस्ट बनाए जाएंगे और 500 से अधिक निगरानी कैमरे स्थापित किए जाएंगे। इस पूरी योजना पर लगभग 152.45 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। परिवहन विभाग का मानना है कि सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह अनियंत्रित गति और यातायात नियमों की अनदेखी है। ऐसे में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में ट्रैफिक सिग्नल और निगरानी व्यवस्था मजबूत कर हादसों को कम किया जा सकेगा। विभाग के अनुसार अब राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) और राज्य राजमार्ग (एसएच) पर भी उन स्थानों की पहचान की जा रही है, जहां सड़क दुर्घटनाएं अधिक होती हैं। ऐसे स्थानों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएंगे और ट्रैफिक पोस्ट स्थापित किए जाएंगे।

आंकड़ों के मुताबिक पटना में 5,093, मुजफ्फरपुर में 2,691, गया में 2,437, बेतिया में 2,263, नालंदा में 1,888, समस्तीपुर में 1,788, रोहतास में 1,781, वैशाली में 1,769, भोजपुर में 1,745 तथा औरंगाबाद में 1,714 हिट एंड रन के मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा बेगूसराय में 1,598, दरभंगा में 1,377, पूर्णिया में 1,350, सिवान में 1,274, नवादा में 1,231, गोपालगंज में 1,198, सीतामढ़ी में 1,108, भभुआ में 1,079, अररिया में 988 और जमुई में 896 मामले दर्ज किए गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रैफिक सिग्नल, निगरानी कैमरों और ट्रैफिक पोस्टों की संख्या बढ़ने से सड़क सुरक्षा में सुधार होगा। इससे न केवल दुर्घटनाओं पर नियंत्रण मिलेगा, बल्कि हिट एंड रन जैसी घटनाओं में शामिल वाहन चालकों की पहचान और गिरफ्तारी भी आसान होगी। राज्य सरकार की इस पहल से आने वाले वर्षों में बिहार की यातायात व्यवस्था अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित और तकनीक आधारित बनने की उम्मीद है।


BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन





DIPLOMA COURSE

DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine

DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga

अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE

MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine

BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science

अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE

MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)

अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE

BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE

MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत स्पर्शाघात से मृत युवक की पत्नी को पारिवारिक लाभ योजना के तहत मिली सहायता राशि

**कौआकोल।** प्रखण्ड के सोखोदेवरा पंचायत अंतर्गत पावापुरी गोवरैया गांव निवासी मसुदन मांझी की शुक्रवार को विद्युत करंट की चपेट में आने से हुई असामयिक मौत के बाद प्रशासन ने उनके परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की है। शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में मृतक की पत्नी अनिशा देवी को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये का चेक सौंपा। इस दौरान बीडीओ ने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने परिजनों को अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का भी आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि पावापुरी गोवरैया गांव निवासी गांगलु मांझी के 32 वर्षीय पुत्र मसुदन मांझी की शुक्रवार को करंट लगने से मौत हो गई थी। घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। प्रशासन द्वारा त्वरित पहल करते हुए पारिवारिक लाभ योजना के तहत सहायता राशि उपलब्ध कराई गई, जिससे परिजनों को कुछ राहत मिल सके। मौके पर समाजसेवी योगी त्यागनाथ, प्रखंड नाजिर गोपाल कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने दिवंगत मसुदन मांझी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

### कौआकोल अंचल कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में आए तीन मामले

**कौआकोल।** आमजनों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान के उद्देश्य से शनिवार को कौआकोल अंचल कार्यालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में भूमि विवाद एवं अन्य राजस्व संबंधी मामलों की सुनवाई की गई,जिसमें कुल तीन मामलों को प्रस्तुत किया गया।सुनवाई के दौरान एक मामलों का निष्पादन मौके पर किया गया। वहीं शेष दो अन्य मामलों में आवश्यक जांच-पड़ताल,अभिलेखों की समीक्षा एवं साक्ष्यों के आधार पर अगली तिथि निर्धारित करते हुए सुनवाई के लिए रखा गया। जनता दरबार की अध्यक्षता अंचल अधिकारी मनीष कुमार ने की। मौके पर राजस्व अधिकारी अनीश कुमार,राजस्व कर्मचारी मिथुन कुमार मिठू,नरेंद्र कुमार,प्रकाश कुमार,दीपक कुमार,आदित्य कुमार, नितेश कुमार मिश्रा एवं लिपिक नीतीश कुमार सहित अंचल कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### लोक संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं

**कौआकोल।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश तथा आईजी विकास वैभव के आदेश पर कौआकोल थाना क्षेत्र के केवाली गांव में लोक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कौआकोल थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने की।इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों,सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं दर्जनों ग्रामीणों की उपस्थिति रही। लोक संवाद कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। लोगों ने भूमि विवाद,आपसी झगड़े, शराबबंदी,साइबर अपराध तथा विधि-व्यवस्था से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। पुलिस पदाधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष मामलों के शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया।थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों से पुलिस-जन सहयोग को मजबूत बनाने की अपील करते हुए कहा कि अपराध नियंत्रण एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में आम जनता की सहभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोगों को साइबर ठगी,नशाखोरी और अन्य आपराधिक गतिविधियों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित होता है तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान में मदद मिलती है।

### लोजपा (रामविलास) की प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित

**कौआकोल।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की प्रखंड स्तरीय बैठक शनिवार को कौआकोल में प्रखंड अध्यक्ष माहो पासवान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में गोविंदपुर विधानसभा के जिला प्रवक्ता सह संयोजक मनीष कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रखंड कार्यसमिति के सदस्य, सभी पंचायत अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रवक्ता मनीष कुमार ने पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने पंचायत एवं प्रखंड कार्यसमिति को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती से ही पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को आम लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं पार्टी की नीतियों की जानकारी दी तथा जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने और समाधान के लिए प्रयासरत रहने का आह्वान किया। बैठक में प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। मनीष कुमार ने कहा कि क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से विधायक को अवगत कराया जाएगा तथा उनके माध्यम से संबंधित विभागों के समक्ष मामला उठाकर शीघ्र समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के हितों के लिए निरंतर संघर्ष करने और संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। बैठक के अंत में पार्टी की मजबूती एवं आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

### गयाजी में ठनका गिरने से युवती की मौत, नानी के घर आई थी लड़की, 4 लोग झुलसे

**गयाजी।** गयाजी के खिजरसराय प्रखंड अंतर्गत बिहटा गांव में आज ठनका की चपेट में आने से करीना कुमारी (पिता- सुखरी चौधरी) की मौत हो गई। करीना का पैतृक घर जहानाबाद में है और वह बिहटा गांव स्थित अपने ननिहाल आई हुई थी। इस आकाशीय बिजली की चपेट में आने से सिर्फ करीना ही नहीं, बल्कि गांव के चार अन्य लोग भी झुलस गए। घायलों की स्थिति को देखते हुए उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। उनका इलाज चल रहा है। सुमन कुमारी, पम्मी कुमारी (पिता- महेंद्र चौधरी), सुरेश केसरी और पवन कुमार का इलाज महकार अस्पताल में चल रहा है। सभी घायलों की स्थिति पर डॉक्टर नजर बनाए हुए हैं। वहीं इस घटना से ग्रामीण दहशत में हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया है। बिहटा पंचायत के मुखिया सीताराम यादव ने तुरंत पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए तात्कालिक सहायता के रूप में 3,000 रुपये की आर्थिक मदद दी। मुखिया ने इस घटना की जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को दी। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर कागजी कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया भेजा है।

# रजौली प्रखंड कार्यालय में स्वच्छ भारत मिशन पर समीक्षा बैठक

- डोर-टू-डोर कलेक्शन पर जोर
- ई-रिक्शा मरम्मत, शौचालय निर्माण व मानदेय भुगतान के दिए निर्देश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड कार्यालय में शनिवार को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के द्वितीय चरण की योजनाओं के संचालन एवं क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक हुई। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव झा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्वच्छता से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बीडीओ संजीव झा ने सभी पंचायत सचिव और स्वच्छता पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया कि सभी ग्राम पंचायतों में प्रतिदिन डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन नियमित रूप से कराया जाए। साथ ही डब्ल्यूपीयू की क्रियाशीलता एवं रख-रखाव सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने खराब पड़े ई-रिक्शा और पैडल रिक्शा की मरम्मत कराकर तुरंत क्रियाशील करने का निर्देश दिया।

**उपयोगिता शुल्क व शौचालय पर फोकस :-** बैठक में उपयोगिता शुल्क संग्रहण बढ़ाने पर जोर दिया गया। महादलित टोलों में शौचालय विहीन परिवारों के घरों में शौचालय निर्माण के लिए लोगों को प्रेरित करने को कहा गया। नए बनाए गए शौचालयों की प्रोत्साहन राशि भुगतान के लिए लाभुकों को आवेदन प्रपत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बीडीओ ने स्वच्छता पर्यवेक्षकों और स्वच्छता कर्मियों का मानदेय भुगतान नियमित रूप से करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि मानदेय में देरी से काम प्रभावित होता है, इसलिए समय पर भुगतान सुनिश्चित करें।


कार्यालय में बैठक के दौरान बीडीओ के साथ मुखिया व पर्यवेक्षक

**मुखिया से सहयोग की अपील :-** प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी ग्राम पंचायत के मुखिया से अनुरोध किया कि स्वच्छता कार्यों में पंचायत के जनप्रतिनिधियों और सामाजिक लोगों को जागरूक कर सहयोग के लिए प्रेरित करें। जनभागीदारी से ही स्वच्छता अभियान सफल होगा। बैठक में प्रखंड समन्वयक सतीश कुमार, सभी पंचायत सचिव, सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक और मुखियागण उपस्थित रहे। सभी को अपने-अपने क्षेत्र में स्वच्छता मिशन के लक्ष्यों को तय समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया।

## ओडो स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव की मांग को लेकर महाधरना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नारदीगंज प्रखंड के ओडो स्टेशन पर शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूर्व मुखिया एवं नंगे पैर आंदोलनकारी अरविंद मिश्रा के नेतृत्व में उपवास सह महाधरना का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में ग्रामीणों और समाजसेवियों ने रैली निकालकर ओडो स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव सहित छह सूत्री मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया।

सभा को संबोधित करते हुए अरविंद मिश्रा ने कहा कि ओडो स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव से क्षेत्र की पांच पंचायतों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि जब तक स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित नहीं होगा, तब तक उनका नंगे पैर आंदोलन जारी रहेगा।

धरना के दौरान स्टेशन प्रबंधक सतीश कुमार को छह सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव, ओवरब्रिज एवं अंडरपास निर्माण, यात्री सुविधाओं का विस्तार, टिकट आरक्षण व्यवस्था, मालगाड़ी को अन्य प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित करने, सड़क निर्माण तथा किसानों को भूमि अधिग्रहण मुआवजे की तीसरी किस्त का भुगतान प्रमुख रूप से शामिल है।



- पूर्व मुखिया एवं नंगे पैर आंदोलनकारी अरविंद मिश्रा के नेतृत्व में उपवास सह महाधरना का आयोजन किया गया

कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं ग्रामीणों ने आंदोलन को समर्थन देते हुए मांगों को जनहित से जुड़ा बताया। अंत में अरविंद मिश्रा, उनकी पत्नी चंचल मिश्रा, स्टेशन प्रबंधक एवं अन्य लोगों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा):** पुलिस अब थाने से निकलकर सीधे जनता के बीच पहुँच रही है। इसी कड़ी में शनिवार को इंटर विद्यालय ओड़ो में मगध आईजी विकास वैभव के निर्देशानुसार एक विशेष लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने किया। मौके पर एसआई अभिषेक कुमार व धीरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। थानाध्यक्ष ने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि छोटे-मोटे विवादों को कोर्ट-कचहरी ले जाने के बजाय ग्राम कचहरी में आपसी सहमति से सुलझाएं, ताकि आपसी भाईचारा बना रहे।मौके पर ओड़ो पंचायत मुखिया चिंता देवी, सरपंच शीला देवी, समाजसेवी गौरव कुमार छोटी, चंदन कुमार, न्याय सचिव नंदकिशोर राजवंशी, अरुण कुमार सिंह, विक्की कुमार, रविन्द्र मिस्त्री, वार्ड सदस्य महेश यादव, विपिन कुमार, शंकर दयाल शर्मा, मुकेश यादव, ने उपस्थित होकर क्षेत्र की कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।

## ग्रामीण सपनों और तकनीक की कहानी कहेगी शॉर्ट फिल्म "गाँव से AI तक", नवादा में हुआ शुभ मुहूर्त

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** बिहार की पहली ऐसी पंचायत बनने का गौरव प्राप्त करने वाली ओरैना पंचायत, जिसने अपने प्रतिभाशाली बच्चों को बिहार AI समिट 2026 में भाग लेने के लिए भेजकर एक नया इतिहास रचा, अब उसी प्रेरणादायक यात्रा को बड़े पर्दे पर उतारने जा रही है। इस ऐतिहासिक पहल पर आधारित बहुप्रतीक्षित शॉर्ट फिल्म "गाँव से AI तक" का शुभ मुहूर्त शनिवार को नवादा स्थित द सेलिब्रेशन होटल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर फिल्म से जुड़े कलाकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्घाटन नवादा नगर परिषद की मुख्य पार्षद *पिंकी कुमारी* ने किया। वहीं पूर्व मुख्य पार्षद *संजय साव* उद्घाटनकर्ता के रूप में उपस्थित रहे।



फिल्म *"गाँव से AI तक"* बिहार के ग्रामीण क्षेत्र के उन प्रतिभाशाली बच्चों की वास्तविक प्रेरक यात्रा पर आधारित है, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद *बिहार AI समिट 2026* में भाग लेकर नई तकनीकी दुनिया से परिचय प्राप्त किया। फिल्म में यह दिखाया जाएगा कि किस प्रकार बच्चों और उनके अभिभावकों को जागरूक कर उन्हें इस महत्वपूर्ण सम्मेलन तक पहुँचाया गया तथा इसके लिए आवश्यक संसाधनों और सहयोग की व्यवस्था की गई। फिल्म का निर्देशन *सागर इंडिया* कर रहे हैं, जबकि इसके निर्माता *संजय साव* हैं। फिल्म का निर्माण *पारू एंटरटेनमेंट* के बैनर तले किया जा रहा है तथा *बिहार छात्र संसद* इस परियोजना से सहयोगी संस्था के रूप में जुड़ी हुई है। कास्टिंग की जिम्मेदारी *काशिका कास्टिंग* ने संभाली है।

फिल्म की स्टार कास्ट में *सागर इंडिया, अनुराधा पंडित, राज लक्ष्मी, आदित्य आर्यन और प्रशांत मानव* प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म में प्रशांत मानव का किरदार ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को तकनीकी शिक्षा और अवसरों से जोड़ने वाले एक प्रेरक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में दिखाई देगा। शुभ मुहूर्त समारोह में मगहिया गुरु के नाम से प्रसिद्ध *अविनाश जी, सामाजिक कार्यकर्ता **सौरभ मुदगल, **हीरा जी* सहित फिल्म की पूरी टीम और स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

फिल्म निर्माताओं के अनुसार *"गाँव से AI तक"* केवल एक शॉर्ट फिल्म नहीं, बल्कि ग्रामीण युवाओं के सपनों, शिक्षा, तकनीकी नवाचार और बदलते भारत की कहानी है। यह फिल्म समाज को यह संदेश देगी कि अवसर मिलने पर गाँव के बच्चे भी विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ हासिल कर सकते हैं। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे नवादा जिले और बिहार के लिए गौरव का विषय बताया। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होगी और इसके प्रदर्शन की तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

# जनता के द्वार पहुंची पुलिस,रजौली के धमनी में जनसंवाद गोष्ठी विवाद सुलझाकर विकास की राह करने की अनूठी पहल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

- धमनी में ग्रामीणों संग खाकी का सीधा संवाद, विकास कार्यों में आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए अंचलाधिकारी और पुलिस की संयुक्त टीम करेगी कानूनी कार्रवाई

**रजौली ।** रजौली प्रखंड अंतर्गत धमनी स्थित मध्य विद्यालय परिसर में पुलिस प्रशासन द्वारा एक विशेष जनसंवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने की। इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों के साथ पुलिस के अनौपचारिक संवाद को बढ़ावा देना था, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के निवारण के लिए पुलिस थाने के चक्कर न काटने पड़ें, बल्कि पुलिस स्वयं जनता के बीच पहुंचकर उनकी परेशानियों को समझ सके। नवादा ट्रैफिक डीएसपी अभिषेक कुमार ने इस पहल को रेखांकित करते हुए जानकारी दी कि पुलिस विभाग का यह कदम आम जनता और पुलिस के बीच की दूरी को कम करने तथा समस्याओं के व्यक्तिगत स्तर पर समाधान खोजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें जनता बिना किसी संकोच के अपनी बातें रख सकती है। गोष्ठी के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित हुए और उन्होंने कई तरह की शिकायतें तथा आवेदन पुलिस टीम को सौंपे, जिनमें से अधिकांश मामले मुख्य रूप से जमीनी विवादों से जुड़े हुए थे। इसी क्रम में ग्रामीणों और स्थानीय अधिकारियों के बीच भूमि विवाद से जुड़े एक गंभीर मामले पर भी गहन चर्चा की गई,जहां बैठक में उपस्थित बिंदेश्वरी मिस्त्री ने थानाध्यक्ष व अन्य पुलिस अधिकारियों को मामले की पृष्ठभूमि समझाते हुए बताया कि नदी पार करने के बाद गांव में प्रवेश करते ही जो पहला घर आता है, वहां से आगे की सड़क कच्ची है, जिसके बाद पीसीसी ढलैया का निर्माण होना है, लेकिन इस कच्ची सड़क वाले हिस्से पर संबंधित रैयती परिवार का मालिकाना हक है और उन्होंने वहां पर सड़क निर्माण कार्य रोक रखा है,क्योंकि उनका कहना है कि जब तक उन्हें सरकार की ओर से भूमि का उचित मुआवजा नहीं मिल जाता,तब तक वे निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ने देंगे।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मुआवजे की मांग से संबंधित आवश्यक दस्तावेज और आवेदन पहले ही अंचल कार्यालय के पास भेजे जा चुके हैं, जिसके बाद यह मामला न्यायालय के समक्ष भी गया था, जबकि दूसरी तरफ से बातचीत में यह बात सामने आई कि न्यायालय स्तर पर इस मामले का निपटारा हो चुका है, लेकिन भूमि मालिक पक्ष को इसके बारे में पूरी स्पष्टता नहीं थी। इस पर थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने हस्तक्षेप करते हुए रैयती परिवार और संबंधित ग्रामीणों को सलाह दी कि वे भूमि के मालिकाना हक, मुआवजे की मांग और इस मामले से जुड़े जितने भी अदालती या प्रशासनिक कागजात हैं, उन्हें पूरी तरह से संकलित कर अंचल कार्यालय या थाने में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, ताकि अंचलाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर इस विवाद का न्यायसंगत और कानूनी रूप से समाधान निकाला जा सके और क्षेत्र में बाधित पड़े सड़क विकास कार्य को शांतिपूर्ण ढंग से दोबारा शुरू किया जा सके। अधिकारी ने इस बात को भी स्पष्ट किया कि यद्यपि गोष्ठी में औपचारिक आवेदन सीधे भी लिए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी मामलों में पुलिस का अधिकार क्षेत्र अंचलाधिकारी के साथ मिलकर काम करने का होता है, इसलिए इन सभी आवेदनों को समीक्षा के बाद सीओ साहब के पास भेजा जाएगा और उनके द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार पुलिस आपसी समन्वय स्थापित कर त्वरित रूप से आगे की कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। पुलिस की इस जन-केंद्रित गोष्ठी की स्थानीय ग्रामीणों ने खुलकर सराहना की, क्योंकि इससे न केवल उनकी समस्याओं को त्वरित मंच मिला बल्कि विभाग और जनता के बीच आपसी विश्वास को मजबूत करने का भी एक अनूठा अवसर प्रदान हुआ। इस अवसर पर धमनी पंचायत समिति पिंटू कुमार, मुखिया विनोद कुमार, सवैयाटांड़ मुखिया नारायण सिंह, सरपंच राजेंद्र प्रसाद यादव, ग्रामीण नीतीश कुमार, सत्येंद्र कुमार, मर्जी राम ,रामस्वरूप राम, जगदीश प्रसाद, भोला प्रसाद यादव, विजय प्रसाद ,रोहित कुमार, पंकज कुमार, विजय प्रसाद के साथ दर्जनों महिला-पुरुष मौजूद थे, जबकि पुलिस प्रशासन की ओर से एसआई कन्हैया लाल, पीटीसी दिलीप कुमार और पीएसआई रितेश कुमार एवं पुलिस बल भी मुस्तैदी से उपस्थित रहे।


जनसंवाद गोष्ठी में शामिल पुलिस व ग्रामीण

# मगध मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों का प्रदर्शन, ओपीडी सेवा ठप, हॉस्टल-मेस की मांग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गया के अनुग्रह मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आज जूनियर डॉक्टरों ने प्रदर्शन किया। इससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुईं। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर डॉक्टरों के प्रदर्शन के कारण अस्पताल की ओपीडी सेवाएं ठप हो गईं। सैकड़ों मरीजों को बिना इलाज के वापस लौटना पड़ा। मगध मेडिकल कॉलेज में गया सहित आसपास के जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए आते हैं। शनिवार को भी सुबह से ही लंबी कतारें लगी थीं। दूर-दराज से आए कई मरीजों को डॉक्टरों के आंदोलन के कारण निराशा हाथ लगी, क्योंकि ओपीडी सेवाएं बाधित होने से उन्हें न तो चिकित्सकीय सलाह मिली और न ही उपचार मिली।

**मरीजों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की:** आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मरीजों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बार-बार अस्पताल आना उनके लिए मुश्किल है और ऐसे आंदोलनों से सबसे ज्यादा नुकसान गरीब मरीजों को होता है। जूनियर डॉक्टरों ने बताया कि वे लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, अस्पताल में पर्याप्त एयर कंडीशनिंग व्यवस्था न होने से भीषण गर्मी में काम करना मुश्किल हो गया था। ओपीडी और ऑपरेशन थिएटर जैसे महत्वपूर्ण विभाग भी प्रभावित हो रहे थे। डॉक्टरों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रथम वर्ष के कई छात्र-छात्राओं को अब तक हॉस्टल उपलब्ध नहीं कराया गया है। उन्होंने कहा कि हाल के विरोध के बाद कुछ स्थानों पर एयर कंडीशनर लगाए गए हैं, लेकिन उनकी कई अन्य महत्वपूर्ण मांगें अभी भी अधूरी हैं।

**निजी मकानों में रहकर पढ़ाई और प्रशिक्षण:** इसके कारण उन्हें निजी मकानों में रहकर पढ़ाई और प्रशिक्षण करना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक और शैक्षणिक दोनों तरह की परेशानियां बढ़ रही हैं। वहीं पुराने हॉस्टल भवनों की स्थिति भी जर्जर बताई जा रही है। डॉक्टरों का कहना है कि भवनों की मरम्मत और नए आवासीय परिसरों का निर्माण समय की मांग है, लेकिन इस दिशा में अपेक्षित कदम नहीं उठाए गए हैं। विरोध प्रदर्शन का असर केवल ओपीडी तक सीमित नहीं रहा। अस्पताल की रजिस्ट्रेशन व्यवस्था भी प्रभावित हुई। शुरुआती घंटों में कुछ मरीजों का पंजीकरण किया गया, लेकिन बाद में प्रक्रिया बाधित हो गई। इससे मरीजों को जांच, परामर्श और अन्य चिकित्सकीय सुविधाएं हासिल करने में कठिनाई हुई। कई मरीज घंटों तक काउंटर और विभागों के चक्कर लगाते रहे, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिल सकी।



**खराब स्थिति में सड़कें:** जूनियर डॉक्टरों ने अस्पताल परिसर की आधारभूत संरचना को लेकर भी प्रशासन पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि अस्पताल और हॉस्टल परिसर की सड़कें खराब स्थिति में हैं। बारिश के दिनों में जलजमाव और खराब जल निकासी व्यवस्था के कारण आवाजाही मुश्किल हो जाती है। कई बार शिकायत करने के बावजूद इन समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं किया गया।

डॉक्टरों का आरोप है कि कार्यस्थल और आवासीय परिसर में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन इस दिशा में पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दूसरी ओर अस्पताल प्रशासन ने स्थिति को जल्द सामान्य करने का भरोसा दिलाया है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रवीण कुमार अग्रवाल ने बताया कि जूनियर डॉक्टर अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं और प्रशासन लगातार उनके साथ संवाद बनाए हुए है। डॉक्टरों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है और समाधान निकालने के प्रयास जारी हैं।

मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. लता शुक्ला द्विवेदी के साथ भी इस संबंध में बातचीत चल रही है। फिलहाल अस्पताल में मरीजों और डॉक्टरों के बीच बनी यह स्थिति स्वास्थ्य व्यवस्था के सामने बड़ी चुनौती बन गई है। एक ओर डॉक्टर बेहतर सुविधाओं की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मरीज इलाज के लिए परेशान हैं। अब सभी की नजर प्रशासन और डॉक्टरों के बीच चल रही वार्ता पर टिकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन चोर गिरफ्तार, 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' के तहक आरपीएफ-जीआरपी को मिली सफलता

**गया।** गया रेलवे स्टेशन पर 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' के तहत बड़ी कार्रवाई की गई है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) की संयुक्त टीम ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। चोरी के 2 मोबाइल और एक लेडीज पर्स बरामद किया गया है। अनुमानित कीमत करीब 60 हजार रुपए है। आरपीएफ पोस्ट के उप निरीक्षक विकास कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई की गई है। शनिवार को आरपीएफ, सीआईबी, सीपीडीएस और जीआरपी की संयुक्त टीम स्टेशन परिसर में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही थी। इस दौरान प्लेटफॉर्म संख्या-1बी के दिल्ली छोर पर तीन युवक संदिग्ध अवस्था में बैठे मिले, जिनके हाव-भाव पर टीम को संदेह हुआ। संदेह के आधार पर तीनों युवकों से पूछताछ की गई। अपनी पहचान पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग थाना क्षेत्र के मारा हल्दी निवासी सिराजुल इस्लाम गाजी (40), रोमजन शेख (28) और मिजनौर रहमान गाजी (36) के रूप में बताई। तलाशी लेने पर सिराजुल इस्लाम गाजी और रोमजन शेख के पास से 2 मोबाइल मिला। वहीं, रहमान गाजी के कब्जे से एक ग्रे रंग का लेडीज पर्स बरामद हुआ। पर्स की जांच करने पर उसमें पूजा कुमारी के नाम का आधार कार्ड, पैन कार्ड, कान के टॉप्स और अन्य कॉस्मेटिक सामग्री मिली। कड़ाई से पूछताछ करने पर तीनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि मोबाइल और पर्स रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों से चुराए थे। आरपीएफ के उप निरीक्षक विकास कुमार की लिखित शिकायत पर जीआरपी थाना में कांड संख्या 155/2026 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। रेलवे थानाध्यक्ष बनारसी यादव ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा और उनके सामान की रक्षा के लिए रेलवे सुरक्षा बल लगातार स्टेशन और ट्रेनों में विशेष अभियान चला रहा है। ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### टीपी सिंह के 25वें शहादत दिवस पर कार्यक्रम, समर्थकों ने अशोक महतो को पहनाया चांदी का मुकुट

**नालंदा।** नालंदा जिले के अस्थावां पॉलिटेक्निक कॉलेज के मैदान में त्रिपुरारी प्रसाद सिंह उर्फ टीपी सिंह और सुधीर कुमार का 25वां शहादत दिवस मनाया गया। टीपी सिंह विचारक मंच की आयोजित इस कार्यक्रम में गर्मी के बावजूद लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे राजद नेता अशोक महतो का आयोजक सोनू कुमार ने चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। वहीं, टीपी सिंह के गुरु माने जाने वाले सरमेरा के पूर्व जिला परिषद सदस्य बहादुर सिंह ने उन्हें तलवार भेंट की। तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के बाद अशोक महतो ने कहा कि इतने वर्षों बाद शहादत दिवस मनाया जाना एक खुशी का क्षण है। कार्यक्रम के राजनीतिकरण और विरोध पर उन्होंने कहा कि विरोधियों का काम सिर्फ विरोध करना है। जो लोग उनके आदर्शों को मानते हैं, वे यहां पहुंचे हैं। लेकिन जो लोग चाटुकारिता की नीति पर चल रहे हैं, वे तो विरोध करेंगे ही। सोनू कुमार का यह प्रयास सराहनीय है। वहीं, आयोजक सोनू कुमार ने तपती धूप में पहुंचे समर्थकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को बहुजनों के नायक टीपी सिंह के आदर्शों, उनके एकता और भाईचारे के सिद्धांत से अवगत कराना है। लोग उनके नाम को भूलते जा रहे थे, जिसे हमने इस मंच के माध्यम से जीवित करने का प्रयास किया है। विरोध करने वाले भी हमारे ही भाई-बंधु हैं, हमारा किसी से कोई गिला-शिकवा नहीं है।

### नालंदा जिले में 355 नलकूपों में से सिर्फ 196 चालू, 12 करोड़ की योजना भी फाइलों में दफन

**धान की खेती से पहले किसानों की बढ़ी परेशानी**



**नालंदा।** जून का पहला सप्ताह बीतने को है और खरीफ अर्थात धान की खेती का सीजन सिर पर है। इसके बावजूद नालंदा जिले के खेतों की प्यास बुझाने वाला सिंचाई सिस्टम खुद 'सूखा' पड़ा है। नदियां और आहर-पइन धूल फांक रहे हैं। करोड़ों की लागत से लगे राजकीय नलकूप कबाड़ में तब्दील हो चुके हैं। स्थिति यह है कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में मौजूद कुल 355 राजकीय नलकूपों में से मात्र 196 ही वर्तमान में चालू अवस्था में हैं। बिना पानी के धान का बिचड़ा कैसे तैयार होगा, इस चिंता ने अन्नदाताओं की नींद उड़ा दी है। मजबूरन किसानों को महंगे किराए पर निजी नलकूपों के भरोसे खेती करनी पड़ रही है, जिससे उन पर बिजली बिल और सिंचाई का आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

**मामूली गड़बड़ी के बाद भी पंचायत प्रतिनिधियों की चुप्पी:** जिले में 159 राजकीय नलकूप पूरी तरह से खराब पड़े हैं। विभागीय जांच के अनुसार, इनमें से 43 में यांत्रिक दोष, 6 में विद्युत दोष, 93 में संयुक्त दोष और 17 नलकूप अन्य कारणों से बंद पड़े हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि इनमें से 60 से ज्यादा नलकूप ऐसे हैं, जिनमें महज मामूली फॉल्ट है। अगर मुखिया या पंचायत प्रतिनिधि चाहते तो इन्हें तुरंत ठीक करा सकते थे, लेकिन कई वर्षों से इन्हें लावारिस छोड़ दिया गया है। ज्ञात हो कि एक नलकूप चालू रहने से करीब 20 हेक्टेयर खेतों का पटवन होता है। अगर ये सभी बंद पड़े नलकूप चालू रहते, तो जिले के करीब 3180 हेक्टेयर खेतों की सिंचाई आसानी से हो सकती थी।

**एकंगरसराय प्रखंड की स्थिति सबसे खराब:** लघु जल संसाधन विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो सबसे खराब हालत एकंगरसराय प्रखंड की है, जहां सबसे अधिक 25 नलकूप खराब पड़े हैं और महज 13 ही काम कर रहे हैं। इसी तरह इस्लामपुर में 31 में से 19 नलकूप कबाड़ बन चुके हैं, जबकि अस्थावां में 30 में से 21 नलकूप पूरी तरह बेकार हैं। सरमेरा प्रखंड में भी स्थिति बेहद दयनीय है, जहां महज चार नलकूप ही किसी तरह सांस ले रहे हैं।

**निजी बोरिंग के भरोसे किसान, बढ़ रही खेती की लागत:** सिंचाई की मुकम्मल व्यवस्था न होने से किसान परेशान हैं। सरदार बिगहा के धनंजय कुमार, नूरसराय के संजीत कुमार और चंडी के निरंजन कुमार जैसे कई किसानों का दर्द है कि मानसून का अब तक अता-पता नहीं है। जो छोटे किसान हैं और जिनके पास अपनी निजी बोरिंग नहीं है, वे महंगे किराये पर दूसरों से पानी खरीदने को मजबूर हैं। इसका सीधा असर खेती की लागत पर पड़ रहा है।

**फाइलों में दफन है 235 नए नलकूपों की योजना:** सिंचाई व्यवस्था को लेकर लापरवाही का आलम यह है कि 235 नए राजकीय नलकूप स्थापित करने की योजना सात साल बाद भी धरातल पर नहीं उतर सकी है। विभाग ने वित्तीय वर्ष 2019-20 में इन नलकूपों के लिए पहली किस्त जारी की थी। इसके बाद 2021-22, 2022-23 और 2023-24 में दूसरी और तीसरी किस्त के तौर पर 12 करोड़ रुपए से अधिक की भारी-भरकम राशि पंचायतों को दे दी गई। इतनी बड़ी सरकारी राशि जारी होने के बाद भी अधिकांश नए नलकूप चालू नहीं हो सके हैं। विभाग बार-बार नोटिस देकर राशि का हिसाब मांग रहा है, इसके बावजूद मुखिया हिसाब नहीं दे रहे हैं। पंचायत प्रतिनिधि सरकारी खजाने पर कुंडली मारकर बैठे हुए हैं।

**अधिकारियों का पक्ष- पंचायतों को राशि दी गई है:** लघु जल संसाधन विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर उमाशंकर कुमार ने बताया कि नए नलकूपों के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए पंचायतों को राशि दी जा चुकी है। पंचायत प्रतिनिधि काम कराने में कम रुचि ले रहे हैं, जिससे योजना को धरातल पर उतारने में परेशानी आ रही है। प्रतिनिधियों से जल्द से जल्द नलकूप चालू करने का अनुरोध किया गया है।

# सड़क निर्माण कार्य के दौरान पिकअप पलटी, 21 वर्षीय मजदूर की मौत

## बगही गांव के पास हुआ हादसा, चालक समेत दो लोग घायल

सोन वर्षा वाणी I संवाददाता



**इमामगंज।** प्रखंड क्षेत्र के कुशेश्वर पंचायत अंतर्गत बगही गांव के समीप शनिवार को सड़क निर्माण कार्य के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। रोड मार्किंग का कार्य कर रही टीम को लेकर जा रही पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में एक युवा मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक समेत दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद निर्माण स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में सड़क निर्माण का काम अंतिम चरण में चल रहा है। शनिवार को सड़क पर सफेद पट्टी बनाने के लिए रोड मार्किंग मशीन, रंग और मजदूरों को लेकर एक पिकअप वाहन बगही गांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान गांव के पास स्थित एक तीखे मोड़ पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। तेज रफ्तार और मोड़ के कारण वाहन असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा इतना अचानक हुआ कि वाहन पर सवार लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। दुर्घटना में वैशाली जिले के बेलसर थाना क्षेत्र स्थित चक गुलामुद्दीन गांव निवासी अहीराम कुमार साह के 21 वर्षीय पुत्र विजय कुमार वाहन के नीचे दब गए। गंभीर चोट लगने के कारण उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

हादसे में पिकअप पर सवार आनंद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वाहन चालक शुभम कुमार को भी चोटें आई हैं और उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोग और संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा राहत कार्य शुरू किया गया।

सूत्रों के अनुसार, सड़क निर्माण कार्य का ठेका रंजीत कुमार सिंह के पास है। हादसे के बाद कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। युवा मजदूर की असमय मौत से उसके परिवार में मातम पसरा हुआ है। वहीं, प्रशासन और संबंधित विभाग मामले की जानकारी जुटाने तथा दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटा है। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल बना हुआ है।

# नालंदा में आज निकलेगी विशाल साइकिल रैली

सोन वर्षा वाणी I संवाददाता



**नालंदा।** नालंदा में विश्व साइकिल दिवस 2026 के अवसर पर 7 जून को भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह जागरूकता रैली और फिटनेस कार्यक्रम स्थानीय आरबी+2 उच्च विद्यालय परिसर से सुबह 6:00 बजे शुरू होगा। इस आयोजन का मुख्य लक्ष्य लोगों को यह समझाना है कि साइकिलिंग न केवल एक किफायती और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन का साधन है, बल्कि यह नियमित शारीरिक सक्रियता और उत्तम स्वास्थ्य के लिए भी बेहद आवश्यक है।

यह कार्यक्रम जिला प्रशासन नालंदा, फिट इंडिया मूवमेंट और खेलो इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में 'खेलो इंडिया सेंटर रग्बी नालंदा' की आयोजित किया जा रहा है। इस साइकिल रैली के साथ-साथ प्रांगण में कई अन्य फिटनेस गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से खिलाड़ियों, ट्रेनर, स्टूडेंट्स के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की सहभागिता रहेगी। आयोजकों का मानना है कि इस तरह के सामूहिक कार्यक्रमों से समाज के हर वर्ग के लोग अपनी दिनचर्या में शारीरिक व्यायाम और साइकिलिंग को शामिल करने के लिए प्रेरित होंगे। आयोजन समिति और जिला प्रशासन ने जिले के खेल प्रेमियों, युवाओं और आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और इसे सफल बनाएं। 'साइकिल चलाएं, फिट रहें, स्वस्थ रहें, भारत को सशक्त बनाएं' के उद्घोष के साथ लोगों से एक फिट और स्वस्थ भारत के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देने का आह्वान किया गया है।

# नालंदा सदर अस्पताल में आग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

सोन वर्षा वाणी I संवाददाता




**नालंदा।** नालंदा जिले के अस्पतालों में आग से बचाव के इंतजामों को लेकर कमियां देखने को मिल रही है। एक तरफ जहां सदर अस्पताल में अग्नि सुरक्षा के बेहतर और आधुनिक इंतजाम हैं, वहीं कई अन्य सरकारी और निजी अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे है। हालात यह है कि बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) और अग्नि सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर जिले में सैकड़ों छोटे-बड़े अस्पताल धड़ल्ले से चलाए जा रहे हैं, जिससे मरीजों की जान हमेशा जोखिम में रहती है।

**सदर अस्पताल: अलार्म और ऑटोमैटिक सिस्टम से लैस:** सदर अस्पताल में आग से बचाव की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। अग्निशमन विभाग की ओर से बीते 20 मई को ही यहां के उपकरणों का ऑडिट किया गया है। अस्पताल की संरचना इस प्रकार तैयार की गई है कि अगलगी की घटना होने पर अलार्म बजने लगेगा। हर मंजिल पर पानी के पाइप बिछाए गए हैं। पानी की टंकी खाली होने पर मोटर अपने आप चालू हो जाता है और बिजली कटने की स्थिति में जेनरेटर से पानी भरने की बैकअप व्यवस्था है। अस्पताल के स्वास्थ्य प्रबंधक इमरान ने बताया कि परिसर में करीब दो से ढाई सौ स्थानों पर अग्निशमन यंत्र लगाए गए हैं। आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित बाहर निकलने के लिए दो विशेष इमरजेंसी गेट बनाए गए हैं, जबकि कुल पांच दरवाजों से निकासी संभव है।

सदर अस्पताल को छोड़ दें तो जिले के कई अन्य सरकारी अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा ऑडिट को लेकर घोर लापरवाही बरती जा रही है। रहुई सामुदायिक अस्पताल के प्रबंधक राशिद खलील का कहना है कि वहां पिछले एक साल से अग्निशमन यंत्रों की जांच नहीं कराई गई है। इसी तरह, हरनौत रेफरल अस्पताल के प्रबंधक मिथिलेश चौधरी के अनुसार वहां आखिरी बार अप्रैल 2025 में उपकरणों का ऑडिट हुआ था, जिसके बाद से अब तक कोई जांच नहीं हुई है।

**बिना एनओसी चल रहे सैकड़ों निजी अस्पताल:** निजी अस्पतालों की स्थिति और भी भयावह है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार नालंदा जिले में केवल 156 अस्पताल ही निबंधित हैं, जबकि हकीकत में शहरी और ग्रामीण इलाकों को मिलाकर 500 से अधिक छोटे-बड़े अस्पताल बिना निबंधन के संचालित हो रहे हैं। बिहारशरीफ अनुमंडल के सात प्रखंडों में इस साल मई तक महज 45 निजी अस्पतालों ने ही अग्निशमन विभाग से ऑडिट कराकर एनओसी प्राप्त किया है। शेष सभी अस्पताल नियमों की अनदेखी कर अपनी मनमर्जी चला रहे हैं। कई अस्पतालों में अगर अग्निशमन यंत्र लगे भी हैं, तो वे एक्सपायर हो चुके हैं और उनकी रिफिलिंग कराने की जहमत संचालकों ने नहीं उठाई है।

**संकीर्ण गलियों में मंडराता बड़ा खतरा:** जिला मुख्यालय होने के कारण नगर निगम क्षेत्र में सबसे अधिक निजी अस्पताल संचालित हो रहे हैं। रामचन्द्रपुर, खंदकपर और सोहसराय जैसे मोहल्लों की संकीर्ण गलियों में अनगिनत अस्पताल खुल गए हैं। जर्जर और झूलते बिजली के तारों के कारण यहां शॉर्ट सर्किट की संभावना हमेशा बनी रहती है। इन तंग गलियों में आग लगने की स्थिति में दमकल वाहनों का पहुंचना भी लगभग नामुमकिन है, जिससे भीषण तबाही और जान-माल के बड़े नुकसान का अंदेशा बना रहता है।

**क्या है नियम और अनिवार्य सुरक्षा मानक?:** जिला मुख्यालय होने के कारण नगर निगम क्षेत्र में सबसे अधिक निजी अस्पताल संचालित हो रहे हैं। रामचन्द्रपुर, खंदकपर और सोहसराय जैसे मोहल्लों की संकीर्ण गलियों में अनगिनत अस्पताल खुल गए हैं। जर्जर और झूलते बिजली के तारों के कारण यहां शॉर्ट सर्किट की संभावना हमेशा बनी रहती है। इन तंग गलियों में आग लगने की स्थिति में दमकल वाहनों का पहुंचना भी लगभग नामुमकिन है, जिससे भीषण तबाही और जान-माल के बड़े नुकसान का अंदेशा बना रहता है।

# राजगीर मलमास मेला आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम : डॉ. प्रेम कुमार

## विधानसभा अध्यक्ष ने सपरिवार किया पवित्र कुंड में स्नान, राज्य और देश की खुशहाली के लिए की प्रार्थना

सोन वर्षा वाणी I संवाददाता

**राजगीर।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व वाले राजगीर मलमास मेले में अपने परिवार के साथ भाग लिया। उन्होंने ब्रह्ममुहूर्त में राजगीर के पवित्र कुंड में स्नान कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की तथा राज्य और देश की सुख-शांति, समृद्धि, खुशहाली एवं जनकल्याण की कामना की।

पूजा-अर्चना के बाद डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि राजगीर का मलमास मेला सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक साधना का एक अद्वितीय केंद्र है। यह मेला न केवल बिहार बल्कि देश और विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राजगीर का मलमास मेला सदियों पुरानी परंपरा और धार्मिक मान्यताओं से जुड़ा हुआ है। लोक मान्यताओं के अनुसार मगध के तत्कालीन चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध ने इस मेले की सुव्यवस्थित परंपरा की शुरुआत कराई थी। भक्ति और कुश्ती दोनों ही महाराज जरासंध के जीवन के अभिन्न अंग थे। उन्होंने कहा कि धार्मिक विश्वास है कि मलमास अवधि के दौरान सभी देवी-देवता राजगीर में निवास करते हैं। इसी कारण इस अवधि में यहां स्नान, ध्यान, दान और पूजा-अर्चना का विशेष महत्व माना जाता है। श्रद्धालु दूर-दूर से यहां पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हैं और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करते हैं।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मलमास मेले में प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि इस अवधि में श्रद्धापूर्वक की गई आराधना और पूजा से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यही वजह है कि यह मेला देश के प्रमुख धार्मिक आयोजनों में अपनी विशेष पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि राजगीर की धरती भगवान बुद्ध, भगवान महावीर और प्राचीन भारतीय सभ्यता की गौरवशाली विरासत को अपने भीतर समेटे हुए है। ऐसे में यह स्थल धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पर्यटन का भी प्रमुख केंद्र बन गया है।

विधानसभा अध्यक्ष ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों की सराहना करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता और सुगम यातायात व्यवस्था के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। प्रशासन का प्रयास है कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और वे शांतिपूर्ण वातावरण में धार्मिक अनुष्ठानों को संपन्न कर सकें। डॉ. प्रेम कुमार ने श्रद्धालुओं से मेले के दौरान स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों की पवित्रता तभी बनी रह सकती है, जब हम अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखें। उन्होंने लोगों से तंबाकू एवं नशामुक्त वातावरण बनाए रखने तथा धार्मिक परंपराओं का सम्मान करते हुए अनुशासनपूर्वक कार्यक्रमों में भाग लेने का आग्रह किया।

अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मलमास मेला जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में भाईचारा, सद्भाव और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और आध्यात्मिक मूल्यों से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि राजगीर का मलमास मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक चेतना का जीवंत प्रतीक है, जो लोगों को एक सूत्र में बांधने का कार्य करता है।

# नालंदा में चोर ने 6 घर को बनाया निशाना

सोन वर्षा वाणी I संवाददाता



**नालंदा।** नालंदा में चोरों ने शुक्रवार की रात पुलिसिया गश्ति को खुली चुनौती देते हुए एक ही गांव के 6 घरों को अपना निशाना बनाया। चोरों का दुस्साहस ऐसा था कि परिवार के लोग बगल के कमरों में गहरी नींद में सोते रहे और उन्होंने इत्मीनान से लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना सूरजपुर गांव की है, जबकि पड़ोस के सारिलचक गांव में भी चोरों ने चोरी का प्रयास किया।

**एक ही रात में छह घरों का टूटा ताला:** सूरजपुर गांव निवासी पीड़ित शंभु पासवान ने बताया कि शुक्रवार की रात उनका पूरा परिवार घर में सो रहा था। इसी बीच चोरों ने घर में घुसकर गोदरेज का लॉकर तोड़ दिया और करीब 15 लाख रुपये मूल्य के बेशकीमती जेवरात व अन्य कीमती सामान उड़ा लिए। शंभु पासवान के घर के अलावा चोरों ने गांव के पांच अन्य घरों को भी निशाना बनाया है। अश्विनी कुमार के घर से दो मोबाइल फोन की चोरी,पवन राम के घर से बक्से में रखे 10 हजार रुपये नकद, रामलगन यादव के घर से बंद बक्से का ताला तोड़कर 7 हजार रुपये की चोरी हुई है। जबकि मोहन यादव के घर से 3 हजार रुपये नकद उड़ाए गए हैं।

**शोर मचने पर खुली पोल, भाग निकले चोर:** ग्रामीणों के मुताबिक, देर रात करीब दो बजे किसी के भागने की आहट सुनकर एक गृहस्वामी की नींद खुल गई। जब उसने घर का सामान बिखरा देखा तो शोर मचाया। शोर सुनकर पूरे गांव के लोग जाग गए। आनन-फानन में जब लोगों ने अपने घरों की जांच की, तब जाकर पता चला कि एक के बाद एक कुल छह घरों में चोरी हो चुकी है।

**गश्ती पुलिस पर अनदेखी का आरोप:** इस घटना के बाद ग्रामीणों में पुलिस प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश है। पीड़ितों का आरोप है कि वारदात के बाद जब वे लोग आसपास चोरों की तलाश कर रहे थे, उसी समय स्थानीय पुलिस की गश्ती गाड़ी वहां से गुजरी। ग्रामीणों ने पुलिस गाड़ी को रोकने का इशारा किया, ताकि तुरंत सूचना दी जा सके, लेकिन पुलिसकर्मी गाड़ी रोकने के बजाय सीधे आगे निकल गए। गांव की महिलाओं का कहना है कि इलाके में देर रात तक असामाजिक तत्वों और शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। महज एक सप्ताह पहले भी गांव के तीन घरों को चोरों ने निशाना बनाया था और पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी दी गई थी, लेकिन प्रशासन की सुस्ती के कारण चोरों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है।

**रंगे हाथों पकड़ाया चोर, पर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार:** चोरी की दूसरी वारदात सारिलचक गांव में हुई। यहां चोरों ने जितेंद्र चौधरी के घर में सेंधमारी का प्रयास किया। हालांकि, परिजनों की नींद खुल गई और उन्होंने एक चोर को रंगे हाथों पकड़ भी लिया। लेकिन वह किसी तरह हाथ छुड़ाकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहा। पीड़ित जितेंद्र चौधरी ने बताया कि ठीक एक सप्ताह पहले भी उनके बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों के जेवरात उड़ा लिए थे, जब वे इलाज के लिए दिल्ली एम्स गए हुए थे। उस मामले में भी पुलिस अब तक खाली हाथ है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि पीड़ितों की ओर से आवेदन मिला हुआ है। पुलिस मामले को पूरी गंभीरता से ले रही है।

# लोक संवाद गोष्ठी से सुलझेगी लोगों की समस्या, पुलिस-पब्लिक साझेदारी की नई शुरुआत

सोन वर्षा वाणी I संवाददाता






**गयाजी।** गयाजी में पुलिस और जनता के बीच की दूरी को मिटाने और थानों में अनसुनी रह जाने वाली सामूहिक समस्याओं के निवारण के लिए मगध परिक्षेत्र के आईजी विकास वैभव की एक पहल रंग लाती दिख रही है। आईजी के कड़े निर्देशों के बाद अब मगध रेंज के सभी जिलों में हर महीने के पहले शनिवार को 'लोक संवाद गोष्ठी' का आयोजन अनिवार्य कर दिया गया है। इसी कड़ी में गया के डेल्हा थाना अंतर्गत प्रसिद्ध मां बागेश्वरी मंदिर परिसर में एक विशाल लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस के आला अधिकारियों ने सीधे जनता से संवाद किया। इस गोष्ठी की सबसे खास और सकारात्मक बात यह रही कि इसमें बहुत बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं ने हिस्सा लिया और अपनी बात रखी। महिलाओं की यह उपस्थिति दर्शाती है कि समाज का वह हिस्सा भी अब खुलकर सामने आ रहा है, जो अक्सर थानों तक पहुंचने में संकोच करता है।

**निजी बनाम सामूहिक समस्या, आईजी का स्पष्ट संदेश:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईजी विकास वैभव ने बेहद तार्किक और संजीदा लहजे में लोगों को इस गोष्ठी का मूल उद्देश्य समझाया। उन्होंने कहा, आमतौर पर देखा जाता है कि लोग अपनी निजी समस्याओं को लेकर थाना, अंचल, सब-डिवीजन, जिला और प्रमंडल स्तर तक के अधिकारियों के पास जाते है और उसका समाधान पाते है। लेकिन पूरे क्षेत्र, मोहल्ले या समाज की जो 'सामूहिक समस्याएं' होती हैं, उन्हें उठाने वाला कोई नहीं होता। नतीजतन, ये सामूहिक मुद्दे अक्सर लम्बे समय तक बने रहते हैं और कहीं न कहीं आम जनता त्रस्त रहती है। आईजी ने साफ शब्दों में जनता से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की सामूहिक समस्याओं को पुलिस के सामने बेझिझक रखें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इन सभी सामूहिक समस्याओं का पहले गहन अध्ययन किया जाएगा और फिर पूरी पारदर्शिता के साथ उनका समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा।

**अतिक्रमण पर फूटा जनता का गुस्सा:** गोष्ठी के दौरान स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को पूरी प्रखरता के साथ अधिकारियों के सामने रखा। लोगों ने सबसे ज्यादा नाराजगी बालू लदे ट्रैक्टरों के अनियंत्रित संचालन और उससे होने वाले हादसों पर जताई। ग्रामीणों और प्रबुद्ध नागरिकों ने आईजी को बताया कि सुबह होते ही भारी मात्रा में बालू लदे ट्रैक्टर सड़कों पर काल बनकर दौड़ने लगते हैं। क्षेत्र में होने वाले सबसे अधिक सड़क हादसों की वजह यही ट्रैक्टर हैं। जनता ने इन पर अविलंब और सख्त रोक लगाने की मांग की। इसके अलावा, लोगों ने सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्या से भी आईजी को अवगत कराया। इसके अलावा सावन महीने में लगने वाले मेले में बढ़ते आपराधिक घटना को लेकर चिंता जताई। लोगों ने कहा कि इससे व्यापार पर खासा असर पड़ता है।

**मौके पर मौजूद रहे अधिकारी, कार्रवाई का दिया भरोसा:** आईजी विकास वैभव के साथ गया के एसएसपी सुशील कुमार, डेल्हा थाना प्रभारी समेत डेल्हा थाना के पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए आईजी ने मौके पर ही मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और सुबह के वक्त अनियंत्रित दौड़ने वाले ट्रैक्टरों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच का यह सीधा समन्वय ही एक बेहतर और अपराध मुक्त समाज का निर्माण कर सकता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बिजली तार के चपेट में आ युवक की हुई मौत

**राजपुर**। बघैला थाना क्षेत्र के रोतवां गांव में बुधवार को सुबह ग्यारह हजार वोल्टेज बिजली तार के चपेट में आ एक युवक की मौत हो गई. थानाध्यक्ष करन कुमार ने बताया कि उक्त गांव का बत्तीस वर्षीय युवक विकास कुमार गांव स्थित एक पेंड से कुछ तोड़ने के लिए प्रयासरत था.इसी दौरान उक्त पेंड से होकर गुजरे ग्यारह हजार वोल्टेज बिजली तार के चपेट में आ गया.जिससे उसकी घटनास्थल पर हीं मौत हो गई.घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

### मारपीट के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजपुर**। स्थानीय पुलिस ने बुधवार को क्षेत्र के बलिगांव गांव से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया.थानाध्यक्ष अंशु माला ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति बलिगांव गांव निवासी कुश प्रसाद का बेटा शांति पासवान राजपुर थाना कांड संख्य 87/26 अन्तर्गत मारपीट मामले में आरोपित है.गुप्त सूचना मिलते हीं अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया.

### मानवता सेवा संघ के मार्गदर्शक श्यामसुंदर पाण्डेय के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित

**काराकाट /रोहतास** । काराकाट संगठन कार्यालय शांडिल्य कुटीर में मनाई गई शोक सभा । मानवता सेवा संघ के मार्गदर्शक 72 वर्षीय श्याम सुंदर पांडेय दुर्गावती निवासी का आज 1:00 बजे दिन में ब्रेन हेमरेज होने के कारण देहांत हो गया देहांत होने की खबर आज की तरह पूरे जिला में फैल गई या सुनकर के मानवता सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण दुबे ने आपातकालीन बैठक बुलाकर के 2 मिनट का मौन रख कर अमृत आत्मा को शांति प्रदान करने एवं पीड़ित परिवार को साहस देने के लिए भगवान परशुराम से विनती किए मानवता सेवा संघ के मार्गदर्शन के रूप में 2 सालों से लगभग सेव किया श्री पांडेय ने समाज समय पर संगठन को रास्ता दिखाने का काम किया जब भी जरूरत होता था तो संगठन के साथ चट्टान की तरह खड़े रहते थे एक भी ऑनलाइन मीटिंग ऐसा नहीं होता था जिसको छोड़ते थे उनकी बातों को मानवता सेवा संघ के सभी सिपाही बहुत ध्वनि पूर्वक सुनते थे उनके मुखारविंद से निकली हुई एक-एक वाणी संगठन को मजबूती देता था संगठन के महासचिव दशरथ मिश्रा ने कहा कि श्याम सुंदर पांडेय बहुत ही अच्छे विचार के एवं चरित्रवान व्यक्ति थे उनके नहीं रहने से संगठन को बहुत बड़ा क्षति हुई जिसकी भरपाई नहीं हो सकती तो वही संगठन के उपाध्यक्ष गुड्डू उपाध्याय ने कहा संगठन के लिए श्याम सुंदर बाबा की कमी दूर नहीं की जा सकती। मौके पर राष्ट्रीय सचिव अखिलेश तिवारी, शिक्षक रविकांत तिवारी, संस्थापक सदस्य योगेंद्र तिवारी,संस्थापक रजनीकांत पांडेय रिपोर्टर, अजय कुमार पाठक, पप्पू तिवारी ,बालाजी तिवारी, अंगद उपाध्याय ,गोपाल नारायण मिश्रा, श्रीकांत गिरी,उप सचिव संतोष उपाध्याय,मार्गदर्शक चंद्रभान दुबे, मार्गदर्शक फरिंद नाथ त्रिपाठी,आशुतोष तिवारी,मनोज तिवारी,सहित सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।

### कुरसेला में गैस सिलेंडर लोड ट्रक पलटा, बड़ा हादसा टला



**कुरसेला (कटिहार)**: कुरसेला थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-31 स्थित विषहरी मंदिर के समीप शनिवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गैस सिलेंडर से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हालांकि इस घटना में किसी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक चालक हफीजुद्दीन, किशनगंज निवासी,शुक्रवार की देर रात बांका से गैस सिलेंडर लोड कर किशनगंज डिलीवरी के लिए जा रहे थे। इसी दौरान कुरसेला के विषहरी मंदिर के पास अचानक एक कुत्ता ट्रक के सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे ट्रक सड़क किनारे पलट गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। चालक ने बताया कि दुर्घटना में वह पूरी तरह सुरक्षित हैं तथा किसी प्रकार की जनहानि या अन्य नुकसान नहीं हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सुरक्षा के मद्देनजर गैस सिलेंडरों की निगरानी के लिए दो गार्डों की तैनाती कर दी। पुलिस मामले की जांच एवं आवश्यक कागजी प्रक्रिया में जुटी हुई है।

### प्राथमिक विद्यालय देशिया महली में मनाया पर्यावरण दिवस

**कटिहार**। प्राथमिक विद्यालय देशिया महली प्रखंड कदवा में विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के थीम जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित बच्चों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधान शिक्षिका कल्पना कुमारी के द्वारा एक पेड़ मां के नाम,एक पौधा लगाकर शुरुआत की गई। हम हैं पर्यावरण के प्रहरी के दूत के रूप में इको क्लब के बच्चों ने विद्यालय परिसर की सफाई,पर्यावरण से संबंधित स्लोगन, चित्रांकन, निबंध,भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता के द्वारा पर्यावरण के प्रति सजगता का परिचय देते हुए बेहतर भविष्य के निर्माण पर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई । प्रधान शिक्षिका कल्पना कुमारी के द्वारा के बच्चों के बीच पर्यावरण पर युद्ध के विनाशक प्रभाव का जिक्र किया एवं विश्व के तमाम राष्ट् अध्यक्षों से अभिलंब युद्ध पर रोक लगाने की मांग की । इस अवसर पर धरती के विनाश को दस्तक देता प्रदूषण,आर्थिक विकास पर पर्यावरण का प्रभाव,गांव में पर्यावरण की समस्या,जहरीली होती हवाएं,वन विनाश एवं उसके दुष्परिणाम, एक पेड़ मां के नाम से वृक्षारोपण के महत्व को चार्ट पेपर के माध्यम से अपनी बातें रखी। प्रधान शिक्षिका कल्पना कुमारी ने इस अवसर पर बच्चों को एक पेड़ मां के नाम से लगाने हेतु शपथ दिलाई एवं इसे पर्यावरण क्रांति के महत्व को घर-घर तक पहुंचाने में इको क्लब के बच्चों को दूत के रूप में कार्य करने का निर्देश दिया । इस अवसर पर विधालय के प्रधानमंत्री नंदिनी कुमारी,उप प्रधानमंत्री शिवम् कुमार, छात्र राम कुमार,श्याम कुमार, रसोईया रुक्मिणी देवी,इको क्लब के बच्चों ने अपना योगदान दिया ।

# सामान्य बोर्ड की बैठक में कुल 17 विकास योजनाओं पर बहुमत से दी गई सहमति

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट /रोहतास**। नगर पंचायत की आज हुई सामान्य बोर्ड की बैठक में कुल 17 विकास योजनाओं पर बहुमत से सहमति दी गई, जबकि श्मशान घाट के निर्माण का प्रस्ताव फिर से असमर्थित रहने से यह मुद्दा अनिर्णित रह गया। कार्यपालक पदाधिकारी सीमाब मतीन ने बताया कि पास होने वाली योजनाओं में वार्ड 1 से चार, वार्ड 2 से एक, वार्ड 3 से दो, वार्ड 4 से दो, वार्ड 7 से तीन, वार्ड 8 से एक, वार्ड 9 से तीन और वार्ड 10 से एक योजना शामिल हैं। वार्ड संख्या 6 और 11 ने किसी योजना का पत्रिकृत प्रस्ताव नहीं दिया था।

सीमाब मतीन ने बताया कि बैठक के एजेंडों में प्रशासनिक स्वीकृति वाले विकास कार्य, चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने, नालों की सफाई तथा उड़ाही कराकर स्थिति ठीक करना, तिरंगा लाइट लगाने और श्मशान घाट तक सड़क व नाला निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। इनमें से केवल चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने पर सर्वसम्मति बनी है; इस परियोजना को राज्य आयोग द्वारा आंके जाने वाले धन से लागू किया जाएगा।

मुख्य पार्षद राधिका कुमारी ने बैठक के दौरान कहा कि कुछ चुनिंदा वार्डों की योजनाएँ लिखकर बोर्ड में पेश की जा रही थीं और उन्हें अन्य सभी वार्ड पार्षदों से पारित कराने का दबाव दिखाया जा रहा था। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक प्रत्येक वार्ड की योजनाओं को समान रूप से पारित नहीं किया जाएगा, तब तक किसी भी वार्ड की अलग कार्य योजना को अनुमोदन नहीं दिया जाएगा। राधिका ने यह भी कहा कि श्मशान घाट के मार्ग और संबंधित काम को बोर्ड में लाने के उनके प्रयासों के बावजूद पार्षदों ने उस प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया। उप मुख्य पार्षद रविश रंजन, वार्ड पार्षद संतोष तिवारी, विपिन कुमार सिंह, सुरेश माली तथा अन्य पार्षद बैठक में उपस्थित थे। वार्ड 5 और 12 द्वारा प्रस्तुत योजनाओं को बहुमत नहीं मिला और उपमुख्य पार्षद के प्रस्तावों को भी समर्थन नहीं मिला, जिससे उन परियोजनाओं का भविष्य अनिश्चित हो गया है। नगर पंचायत प्रशासन ने कहा है कि पास हुई परियोजनाओं का क्रियान्वयन आगे की प्रक्रियाओं और वित्तीय स्वीकृतियों के बाद प्रारंभ होगा। श्मशान घाट और दरकिनार की गई वार्ड योजनाओं पर निर्णय के लिए अगले बोर्ड सत्र में दोबारा विचार की संभावना बनी हुई है।

# जदयू के बिक्रमगंज नगर अध्यक्ष बनें रवि प्रकाश चंद्रवंशी, लोगों में खुशी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)**। जिला मुख्यालय सासाराम के सर्किट हाउस के सभागार में शुक्रवार को जनता दल (यूनाइटेड) रोहतास जिला इकाई की बैठक में नव मनोनीत जदयू सदस्यों को सम्मानित किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बिंदा चंद्रवंशी और संचालन जिला प्रवक्ता अलख निरंजन ने की। बैठक में प्रदेश कार्यालय के पत्रांक 99/26 के आलोक में रोहतास जिले के छह प्रखंड व नगर अध्यक्षों के मनोनयन का अनुमोदन प्राप्त होने पर उन्हें प्रमाणपत्र सौंपा गया। इस अवसर पर रवि प्रकाश चंद्रवंशी को बिक्रमगंज नगर अध्यक्ष और बिक्रमगंज प्रखंड अध्यक्ष सद्दाम हुसैन उर्फ कल्लू खां को मनोनय प्रमाणपत्र सौंप जिलाध्यक्ष बिंदा चंद्रवंशी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर नगर अध्यक्ष रवि प्रकाश चंद्रवंशी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ,कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा प्रदेश अध्यक्ष सहित जिलाध्यक्ष बिंदा चंद्रवंशी के प्रति तहेदिल से हार्दिक आभार व्यक्त किया। जबकि पार्टी की वरीय कर्मनिष्ठ ईमानदार राज्य परिषद सदस्य सह प्रभारी तरारी विधानसभा अरुणा सिंह का तहेदिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज मार्गदर्शन में मुझे यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस पद उपरांत मैं पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता की भूमिका निभाते हुए बिक्रमगंज नगर के जनहित में कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदारी पूर्वक अपने कार्यों का निर्वहन करते हुए पार्टी को मजूबती प्रदान करूंगा।

# अमेरिका - ईरान महायुद्ध के पार्ट -02 शुरू समझौता टूटा- जे पी पांडेय

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास**। भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश के नेता सह झारखंड राज्य समाज कल्याण आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के संयोजक जय प्रकाश पांडेय ने कहा कि इस भीषण गर्मी में सुपर पावर अमेरिका ने ईरान के साथ महायुद्ध का पार्ट 02 शुरू कर दिया है,जिसका बुरा प्रभाव वातावरण सहित समस्त खाड़ी क्षेत्र के देशों में भी देखने को मिल रहा है,अमेरिकी वायु सेना ने दो बड़े बमों से हमले ईरान पर महायुद्ध के पार्ट 02 को प्रारंभ कर दुनिया के सामने महायुद्ध के खतरे की घंटी बजा दिया है,पूरी दुनिया के देश विनाश के तट पर खड़े है,लेबनान की धरती खून से लाल होता जा रहा है,इजराइल लगातार ईरान पर बड़े हमले कर रहा है,इंसानियत का कत्लेआम लगातार जारी है,अब ईरान भी बड़े हमले की तैयारी में है,जिससे पूरी दुनिया के देशों और खड़ी देशों में चीख पुकार मच सकती है,अमेरिका के दूसरी गलती ने पुनः महायुद्ध के आग में दुनिया के देशों को झोंक दिया है,अब ईरान के निशाने पर खड़ी के अन्य देशों में अवस्थित अमेरिकी ठिकानों पर हमले चालू हो गए है,अब हॉरमुर्ज के समुद्री क्षेत्र और खड़ी क्षेत्र के देश हमलों के शिकार बन रहे है,जिसके कारण महायुद्ध की स्थिति विकराल होती जा रही है,जिसका बहुत बुरा प्रभाव मानव जीवन पर पड़ने लगी है और मानवता के लिए सबसे बड़े खतरे के रूप में देखा जा रहा है,इस युद्ध को तीसरे विश्वयुद्ध के रूप में देखा जाय तो अतिश्योक्ति नहीं होगी,अमेरिका ने बारूदी विनाश की ओर दुनिया को ढकेल दिया है,दुनिया के देश इस बात से अवगत है कि द्वितीय विश्वयुद्ध में अमेरिका अपना जलवा एटम बम से हमले जापान पर हमले कर दुनिया को देखा चुका है,जिसमें लाखों लोगों की मृत्यु हुई थी और आज भी उस क्षेत्र में अपंग लोग जन्म लेते है,परंतु आज का महायुद्ध बहुत ही भयानक महायुद्ध की ओर बढ़ते हुए नजर आने लगा है,ईरान की आई आर जी सी सेना ने हॉरमुर्ज समुद्री क्षेत्र को पूरी तरह बंद करने की धमकी दे चुका है,समूचे खाड़ी क्षेत्र के देश हाई एलर्ट पर है,उधर रूस और यूक्रेन युद्ध भी अपने भयावह स्थिति से गुजर रहा है,अमेरिका के F-47 फाइटर जहाज युद्ध में शामिल हुआ,रोमानिया के ब्लैक सी पर भी हमले शुरू जिससे यूरोपीय देश भी खतरे में, नैटो देशों पर हमले की तैयारी में रूस,ऐसे स्थिति में पूरी दुनिया महायुद्ध के मुहाने पर खड़ी है।

एशिया के देशों पर हमले भारत को एलर्ट रहने की ओर इशारा कर रहा है, इस महायुद्ध में भारत को अपनी पुख्ता तैयारी रखनी होगी, क्यों कि इस महायुद्ध का बुरा प्रभाव दुनिया के सभी देशों पर पड़ता हुआ दिखने लगा है,अर्थात मानव सभ्यता के अंत होने की संभावना दिखाई देने लगी है,ऐसे में मानव सभ्यता की रक्षा कैसे हो भारत को इस पर विचार करने की आवश्यकता है, क्यों कि इस भयावह युद्ध से मानव हत्याओं के साथ साथ भयावह प्रदूषण भी पैदा करेगा जिसका सामना आने वाली पीढ़ी को वर्षों तक झेलना पड़ेगा।हमें उसके लिए तैयार रहना होगा।

# काराकाट में लगेगा बड़ा एल्युमिनियम उद्योग; 500 से अधिक को मिलेगा रोजगार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**काराकाट / रोहतास**। नगर पंचायत काराकाट के चिल्हा क्षेत्र में जल्द ही एक बड़ा औद्योगिक निवेश स्थापित होने वाला है। बिहार सरकार के उद्योग विभाग की ओर से आयोजित राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड (SIPB) की 67वीं बैठक में KNSG Aluminium Pvt. Ltd. की परियोजना को मंजूरी दे दी गई। अनुमान है कि इस परियोजना के शुरू होने से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

बैठक की अध्यक्षता विकास आयुक्त-सह-अध्यक्ष राज्य निवेश प्रोत्साहन परिषद मिहिर कुमार सिंह ने की। बैठक में कुल 16 औद्योगिक परियोजनाओं को स्टेज-1 क्लियरेंस और चार परियोजनाओं को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। उद्योग विभाग ने भी इस मंजूरी की जानकारी अपने आधिकारिक हैंडल पर ट्वीट कर दी है। KNSG Aluminium Pvt. Ltd. के प्रस्तावित उद्योग की स्थापना से काराकाट क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि परिवहन, व्यापार, छोटे उद्योग और सेवा क्षेत्रों को भी लाभ होगा। परियोजना के पीछे नगर पंचायत के पूर्व प्रत्याशी पिंटू सिंह उर्फ बीके सिंह का सक्रिय प्रयास रहा। कंपनी के डायरेक्टरों में पिंटू सिंह के पुत्र करण फूल सिंह, उनकी बेटी सोनिया सिंह और भाई निरंजन सिंह संयुक्त रूप में शामिल हैं। पिंटू सिंह ने कहा कि यह परियोजना स्थानीय लोगों के लिए रोजगार सृजन का बड़ा स्रोत बनेगी और क्षेत्र के विकास में सहायक होगी। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों में इस प्रोजेक्ट का काम शुरू हो जाएगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि लंबे समय बाद क्षेत्र में किसी बड़े उद्योग के आने से आर्थिक गतिविधियाँ तेज होंगी और युवाओं का पलायन कम होगा। उद्योग विभाग का कहना है कि राज्य सरकार बिहार में निवेश बढ़ाने और रोजगार सृजन के लिए लगातार प्रयासरत है और विभिन्न क्षेत्रों में नई औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

# एडिशनल पीएचसी बरना डिहरी का चिकित्सा पदाधिकारी ने किया जांच

## अस्पताल परिसर को चाहरदीवारी की है आवश्यकता

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**राजपुर--** प्रखंड अंतर्गत बरना पंचायत मुख्यालय में स्थापित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का बुधवार को प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर सुमित कुमार ने जांच की. जानकारी देते हुए प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक संदीप कुमार शे बताया कि सभी आठ पंचायतों में एडिशनल पीएचसी बरना डिहरी के पास बड़ा बिल्डिंग मौजूद है.जिस कारण मरीजों के ईलाज की अच्छी व्यवस्था है.

जांच के दौरान अस्पताल के लिए पदस्थापित डाक्टर समेत सभी कर्मी ड्यूटी पर समय से उपस्थित मिले.दवाइयों का रखरखाव ठीक पाया गया. ईलाज के लिए आने वाले मरीजों से कोई शिकायत नहीं प्राप्त हुआ. उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर के लिए मौजूद भूमी की चारदीवारी की आवश्यकता है. गांव एवं आस पड़ोस के लोग आनावश्यक तरीके से अस्पताल परिसर के भूमि में चारपहिया दोपहिया वाहन खड़ा किये रहते हैं.जिससे अस्पताल कर्मियों को असुविधा होती है.



मौके पर पीएचसी मैनेजर संदीप कुमार,एकाउंटेंट बिनोद द्विवेदी,बीसीएम विकास कुमार,प्रखंड एमई अभय कुमार जीएनएम रविशंकर कुमार सिंह, लिपिक मुकेश कुमार गुप्ता,ड्रग स्टोर डाटा अपरेटर धीरज कुमार,कर्मी नवीन गौतम,बडा बाबु मनोज कुमार,सुनिता,सुरक्षा कर्मी मुन्ना पाण्डेय,प्रकाश तिवारी,बिनोद यादव,समेत अन्य मौजूद रहे.

# सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता बैठक आयोजित



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास**। नवीकरणीय ऊर्जा के व्यापक प्रसार तथा आम उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा के लाभों से अवगत कराने के उद्देश्य से बिक्रमगंज नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-14 स्थित गौतम नगर में एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कनीय विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज नवदीप गोयल एवं कनक सोलर एनर्जी के वेंडर ओम नारायण सिंह, बलिया पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र कुमार राय सहित स्थानीय उपभोक्ताओं ने भाग लिया।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना एवं अन्य सौर ऊर्जा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को बताया गया कि रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित कर वे अपनी बिजली की खपत को कम कर सकते हैं तथा सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सब्सिडी का लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही सौर ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा आत्मनिर्भरता एवं बिजली बिल में होने वाली बचत के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

कनीय विद्युत अभियंता द्वारा उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापना की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, ऑनलाइन आवेदन, नेट मीटरिंग व्यवस्था एवं इसके दीर्घकालिक आर्थिक लाभों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कनक सोलर एनर्जी के प्रतिनिधियों ने भी सोलर सिस्टम की तकनीकी विशेषताओं, रखरखाव तथा स्थापना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

बैठक में उपस्थित नागरिकों ने सौर ऊर्जा से संबंधित अपनी जिज्ञासाएं एवं सुझाव साझा किए, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। इस अवसर पर लोगों से स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा स्रोत के रूप में सौर ऊर्जा को अपनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया।

# संगठन विस्तार एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार**। जिले के अमदाबाद प्रखंड में जनता दल यूनाइटेड की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक प्रखंड अध्यक्ष खुशबू कुमारी के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष खुशबू कुमारी ने की। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं,जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को और अधिक सशक्त बनाना,पार्टी की नीतियों एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाना तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर रणनीति तैयार करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष सुरेंद्र उरांव उपस्थित रहे। वहीं जेडीयू जिला अध्यक्ष सुरज प्रकाश राय, जिला उपाध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य सुमिता देवी,अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार उरांव सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर सभी अतिथियों का फूल-माला पहनाकर एवं बुके भेंट कर भव्य स्वागत और सम्मान किया गया।



बैठक को संबोधित करते हुए एसटी आयोग के उपाध्यक्ष सुरेंद्र उरांव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार विकास, सामाजिक न्याय एवं जनकल्याण के क्षेत्र में लगातार ऐतिहासिक कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे इन योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने संगठन की मजबूती को पार्टी की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के समर्पण और मेहनत से ही पार्टी निरंतर आगे बढ़ती है। जेडीयू जिला अध्यक्ष सुरज प्रकाश राय ने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सफलता की कुंजी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ने तथा जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जेडीयू हमेशा विकास और सुशासन की राजनीति करती रही है और कार्यकर्ताओं को सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करना चाहिए।

जिला उपाध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य सुमिता देवी ने अपने संबोधन में महिलाओं की भागीदारी को लेकर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। जिसके कारण आज महिलाएं सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने महिलाओं से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। वहीं अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार उरांव ने कहा कि जेडीयू सरकार हमेशा समाज के कमजोर, वंचित, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रही है।

जदयू जिला महासचिव राज कुमार साह उर्फ राजू साह ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है। जदयू जिला महासचिव राज कुमार साह उर्फ राजू साह ने कहा कि कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं और पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने की बात कही।

बैठक के दौरान संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान, पंचायत एवं बूथ स्तर पर पार्टी की सक्रियता बढ़ाने, क्षेत्र की जनसमस्याओं तथा विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं एवं सुझावों को नेताओं के समक्ष रखा, जिस पर सकारात्मक पहल और समाधान का आश्वासन दिया गया। प्रखंड अध्यक्ष खुशबू कुमारी ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि अमदाबाद प्रखंड में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता ही संगठन की असली शक्ति हैं और उनके सहयोग से जेडीयू गांव-गांव तक अपनी पहुंच मजबूत कर रही है।

बैठक के अंत में नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जेडीयू नेता राजेश कुमार साह, बलराम पौद्धार, सुभाष मंडल,अभय सिंह, दिलीप मंडल,गौरी मंडल,घिसू मंडल,बबलू चौधरी, पुतुल चौधरी,आशा देवी, राजीव मंडल आदि उपस्थित रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### एपीडी का 'यस टू एक्सेस' ऐप भारत सरकार के 'सुगम्य भारत ऐप' से हुआ एकीकृत




**सुबह सूचना, नई दिल्ली।** एसोसिएशन ऑफ पीपल विद डिसएबिलिटी ने अपने प्रमुख यस टू एक्सेस प्लेटफ़ॉर्म के सुगम्य भारत ऐप के साथ एकीकरण की घोषणा की। सुगम्य भारत ऐप को भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा लॉन्च किया गया है। इस एकीकरण की घोषणा नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित सर्कल ऑफ कोलैबोरेशन कार्यक्रम के दौरान की गई। यह एकीकरण ऐसे समय में हुआ है जब भारत में सुगम्यता के प्रयासों के लिए केवल बुनियादी ढाँचे में सुधार पर्याप्त नहीं है। स्थायी प्रगति सुनिश्चित करने के लिए सरकारों, नागरिक समाज संगठनों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी, मजबूत जवाबदेही तथा सहयोगात्मक निगरानी की आवश्यकता है।

### करंट लगने से मजदूर की मौत

**भागलपुर ।** भागलपुर के सबौर थाना क्षेत्र स्थित रामनगर मामलखा गांव में करंट लगने से पांच बच्चों के पिता की मौत हो गई। मृतक की पहचान महेंद्र मंडल के बेटे सोनू मंडल (40) के रूप में हुई है। मकई का बोझा ले जाने के दौरान घर के पास से गुजर रहा बिजली का तार टूट गया था, जिसके कारण घर की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और चारों ओर अंधेरा छा गया। सोनू मंडल टूटे हुए तार को जोड़ने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आ गए और तेज झटके से जमीन पर गिर पड़े।गिरने के कारण उनके शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें भी आईं। उन्हें इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद मायागंज स्थित बरारी पुलिस कैंप की टीम अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। सोनू मंडल की मौत के बाद घर में पत्नी समेत पांच छोटे-छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। आसपास के ग्रामीण भी घटना से स्तब्ध हैं और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने में जुटे हैं। मृतक के पिता महेंद्र मंडल ने बताया कि मकई का बोझा ले जाने के दौरान बिजली का तार टूट गया था, जिससे घर में अंधेरा हो गया था। उसी टूटे हुए तार को जोड़ने के दौरान सोनू करंट की चपेट में आ गए और जोरदार झटका लगने से नीचे गिर पड़े। उन्होंने बताया कि उनके शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं। परिजन तत्काल उन्हें मायागंज अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महेंद्र मंडल ने बताया कि सोनू मंडल अपने परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। उनके पांच बच्चे हैं, जिनमें चार बेटियां और एक बेटा शामिल हैं। सभी बच्चे अभी छोटे हैं।

### पेड़ के नीचे खड़े पशुपालक पर गिरी बिजली, मौत

**मुंगेर ।** मुंगेर में शुक्रवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक पशुपालक की मौत हो गई। घटना लड़ैयाटांड़ थाना क्षेत्र स्थित जतकुटिया गांव की है। मृतक की पहचान जतकुटिया निवासी बनारसी यादव के बेटे गणेश यादव (52) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। गणेश यादव प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को अपने मवेशियों को चराने गांव के पास स्थित गोदाम क्षेत्र गए थे। वे गोदाम से करीब सौ मीटर दूर भैंस चरा रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम बदला और तेज बारिश के साथ बिजली कड़कने लगी। बारिश से बचने के लिए गणेश यादव पास के एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कुछ ही देर बाद तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली पेड़ के समीप गिरी। इसकी चपेट में आने से गणेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई। बारिश थमने के बाद गांव के एक बच्चे ने उन्हें जमीन पर पड़ा देखा और ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और शव को गोदाम तक लेकर आए। ग्रामीणों ने बताया कि गणेश यादव परिवार के मुख्य सदस्य थे और पशुपालन से ही अपनी आजीविका चलाते थे। उनकी मौत से परिवार में दुख का माहौल है। घटना की सूचना मिलने पर लड़ैयाटांड़ थाना अध्यक्ष विभांशु शेखर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल मुंगेर भेज दिया। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे शरण लेने से बचने की अपील की है।

### कटिहार जा रहे बाइक सवार कर्मचारी की मौत

**अररिया ।** अररिया-फारबिसगंज मार्ग पर एनएच-27 स्थित लाइन चौक के समीप एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया। इस हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान फारबिसगंज प्रखंड के खमकॉल गांव निवासी 40 वर्षीय रविंद्र कुमार मंडल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रविंद्र कुमार मंडल एक निजी कंपनी में कार्यरत थे और कटिहार में एक महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने जा रहे थे। वे फारबिसगंज से कटिहार की ओर बाइक से जा रहे थे, तभी लाइन चौक के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें पीछे से टक्कर मारकर कुचल दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। देखते ही देखते एनएच-27 पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल यातायात थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और परिजनों व स्थानीय लोगों से घटना के संबंध में जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भेज दिया। अस्पताल में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जारी है। रविंद्र कुमार मंडल अपने परिवार के मुख्य आधार थे, और उनकी अचानक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे परिवार पर गहरा सदमा लगा है। स्थानीय लोगों ने घटनास्थल पर ट्रक चालक के खिलाफ नारेबाजी की और यातायात पुलिस से आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े करता है। परिजनों ने प्रशासन से ऐसे संवेदनशील इलाकों में गति नियंत्रण के कड़े प्रबंध करने की अपील की है।

### घरेलू विवाद में महिला ने कीटनाशक पिया,मौत

**अररिया ।** अररिया के जोकीहाट प्रखंड के काकन वार्ड संख्या 6 में घरेलू विवाद के चलते एक महिला ने कीटनाशक दवा पी ली। गंभीर हालत में उसे सदर अस्पताल अररिया ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान अली हसन की 30 वर्षीय पत्नी लाडली के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार सुबह लाडली घर में खाना बना रही थी। इसी दौरान उनके छोटे बच्चे घर में झाड़ू लगा रहे थे। पति अली हसन ने बच्चों को पीटना शुरू कर दिया। इस बात पर लाडली और पति के बीच कहासुनी हुई। विवाद बढ़ने पर लाडली ने आवेश में आकर घर में रखी कीटनाशक दवा पी ली। परिजनों ने तुरंत लाडली को सदर अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, तब तक उनकी हालत गंभीर हो चुकी थी। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर सुनते ही अस्पताल परिसर में परिजनों में शोक छा गया।

# विक्रमशिला पुल कल से खुलेगा आम लोगों को होगी आसानी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर ।** भागलपुर में विक्रमशिला सेतु के पास गंगा नदी पर क्षतिग्रस्त हिस्से के स्थान पर बनाए जा रहे बेली ब्रिज का निर्माण काम अंतिम चरण में पहुंच गया है। रविवार से इसे आम जनता के आवागमन के लिए शुरू किए जाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने निर्माणाधीन बेली ब्रिज, पहुंच पथ, सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस पिकेट और नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि पुल का अधिकांश निर्माण काम पूरा हो चुका है और शेष तकनीकी और संरचनात्मक काम को युद्धस्तर पर पूरा किया जा रहा है। शनिवार शाम पुल का अंतिम ट्रायल किया जाएगा, जिसके बाद आवश्यक सुधार और सुझावों को शामिल कर इसे आम लोगों के लिए समर्पित कर दिया जाएगा। पुल के संचालन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी सुदृढ़ की गई है।

**यातायात व्यवस्था सामान्य होगी :** पुल के पास पुलिस पिकेट और नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं, जहां तैनात कर्मियों के लिए पंखा, पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। प्रशासन का मानना है कि पुल शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से हो रही आवागमन की परेशानी से राहत मिलेगी और यातायात व्यवस्था सामान्य हो सकेगी। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने कहा कि विक्रमशिला सेतु के पास निर्मित बेली ब्रिज का निर्माण काम लगभग पूरा हो चुका है और सीमा सड़क संगठन (BRO) के अभियंता और अन्य तकनीकी टीम शेष काम को तेजी से पूरा करने में जुटी हुई है। शनिवार शाम अंतिम ट्रायल किया जाएगा और ट्रायल के दौरान मिले सुझावों और आवश्यक सुधारों को तत्काल पूरा कर पुल को आम जनता के लिए समर्पित कर दिया जाएगा। पुल के पास स्थापित पुलिस पिकेट और नियंत्रण कक्ष सुरक्षा और निगरानी की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। यहां तैनात कर्मियों को हर मौसम में काम करना होगा, इसलिए उनके लिए हीट लैमिनेटेड पिकेट के साथ पंखा, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिलाधिकारी ने विश्वास जताया कि पुल शुरू होने के बाद लोगों में उत्साह का माहौल रहेगा और सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलने से आमजन का भरोसा और मजबूत होगा।

## सीएसपी संचालक से 50 हजार की लूट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर ।** भागलपुर में सीएसपी संचालक से लूट हुई है। वारदात सुलतानगंज थाना क्षेत्र के महेशी मोड़ के पास की है, जहां पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने सीएसपी संचालक के सिर में डंडे से मारकर जख्मी कर दिया और बैग में रखे 50 हजार लेकर फरार हो गए। पीड़ित चंदन कुमार ने मामले की शिकायत सुल्तानगंज थाने में दर्ज कराई है। चंदन कुमार पैन गांव के निवासी हैं और सीएसपी का संचालन करते हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को वह अपने घर से बैंक जा रहे थे। इसी दौरान जैसे ही वह महेशी चौक के पास मोड़ पर पहुंचे, पहले से घात लगाए एक बदमाश ने अचानक उन पर लाठी से हमला कर दिया। लाठी का वार सीधे उनके सिर पर लगा, जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े। गिरने के बाद आरोपी ने उनके पास मौजूद पैसों के बैग से नोटों की एक गड्डी निकाल ली और मौके से फरार हो गया।

**बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई :** पीड़ित के अनुसार बैग में अन्य रकम भी थी, लेकिन आरोपी के हाथ में जो गड्डी लगी, उसे लेकर वह भाग निकला। उस गड्डी में 500 रुपये के 100 नोट थे, जिसकी कुल कीमत 50 हजार रुपये थी। हमले में चंदन कुमार के सिर में चोट आई है, वहीं उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें संभाला और दूसरी बाइक से थाने पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। घायल चंदन कुमार ने बताया कि वह आरोपी को नाम से नहीं जानते हैं, लेकिन चेहरा देखकर उसे पहचान सकते हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी अक्सर बैंक के आसपास आता-जाता दिखाई देता था और वह नत्थूपुर का रहने वाला है। चंदन ने आगे कहा कि उन्हें यह जानकारी नहीं है कि आरोपी ने उन पर हमला और लूटपाट क्यों की। उन्होंने कहा कि वह बैंक जाने के लिए निकले थे, तभी अचानक उन पर हमला कर दिया गया।

# हथियार के साथ बदमाश अरेस्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर ।** भागलपुर में अपराध की साजिश रच रहे बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए हैं। शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह ने जानकारी दी। इन्होंने बताया कि SSP के निर्देशन में जिले भर में अवैध हथियारों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 5 जून को नाथनगर थाना क्षेत्र से सूचना मिली कि सुरेश मंडल नाम का व्यक्ति किसी गंभीर अपराध को अंजाम देने की नीयत से अपने पास अवैध हथियारों का संग्रह कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने उसका सत्यापन कराया। सूचना सही पाए जाने पर एसडीपीओ सिटी-2 के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने सुरेश मंडल के ठिकाने पर छापेमारी की, जहां से एक देसी राइफल, एक देसी कट्टा, एक देसी बंदूक और सात कारतूस बरामद किए गए। बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। मामले में नाथनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी पुलिस :** पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपी ने इतने हथियार किस उद्देश्य से जमा किए थे और उनका इस्तेमाल किस प्रकार के अपराध में किया जाना था। साथ ही उसके आपराधिक इतिहास को भी खंगाला जा रहा है, ताकि उसके संभावित आपराधिक संबंधों और गतिविधियों की पूरी जानकारी जुटाई जा सके। प्रेस वार्ता में एसपी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि भागलपुर पुलिस अवैध हथियारों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गठित टीम ने नाथनगर क्षेत्र में छापेमारी कर सुरेश मंडल के पास से एक देसी राइफल, एक देसी कट्टा, एक देसी बंदूक और सात कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि उसने हथियारों का संग्रह किस उद्देश्य से किया था। जांच के दौरान मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पत्नी ने पति पर किया धारदार हथियार से हमला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**मुंगेर ।** मुंगेर में एक घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक पति पर उसकी पत्नी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। यह घटना पूरबसराय थाना क्षेत्र के शाहजुवे रोड पर हुई, जहां मोहम्मद फैसल खान नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित फैसल खान ने आरोप लगाया है कि घटना के बाद उसकी पत्नी अपनी चार माह की बेटी और घर में रखे लाखों रुपये के जेवरात लेकर मायके चली गई। इस मामले में पूरबसराय थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है और पुलिस जांच में जुट गई है।

**कुछ समय बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया :** पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार, शाहजुवे रोड निवासी मोहम्मद फैसल खान की शादी 13 अप्रैल 2025 को भागलपुर जिले के कबीरपुर निवासी इशरत हसन उर्फ सानिया से हुई थी। फैसल ने बताया कि शादी के शुरुआती दिन सामान्य थे, लेकिन कुछ समय बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। फैसल खान ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी का किसी अन्य युवक से संबंध था और वह अक्सर उससे फोन पर बात करती थी। इसी बात को लेकर उनके घर में लगातार तनाव बना रहता था।

**घर के बरामदे में सो रहा था :** पीड़ित के अनुसार, उसकी पत्नी अलग रहने की जिद करती थी और उसकी मां के साथ भी अक्सर झगड़े होते थे। घटना से एक दिन पहले भी फैसल की मां और पत्नी के बीच कहासुनी हुई थी। फैसल ने बताया कि वह देर रात काम से लौटकर घर के बरामदे में सो रहा था। इसी दौरान उसकी पत्नी वहां पहुंची और दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर पत्नी ने धारदार हथियार से फैसल के संवेदनशील अंग पर हमला कर दिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। परिजनों ने उसे तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद कई टांके लगाए।

**चार माह की बेटी को लेकर मायके चली गई :** फैसल का आरोप है कि घटना के बाद उसकी पत्नी घर में रखे लाखों रुपए के जेवरात और उनकी चार माह की बेटी को लेकर मायके चली गई।

# सिमरिया में गंगा में डूबी ननद, भौजाई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बेगूसराय ।** बेगूसराय के सिमरिया गंगा घाट पर आज स्नान करने के दौरान ननद-भौजाई डूब गई। सूचना मिलते ही गोताखोरों ने काफी प्रयास कर ननद का शव गंगा नदी से निकाला है, जबकि भौजाई की खोजबीन चल रही है। मृतका की पहचान दरभंगा के रहने वाले श्रवण महतो की पुत्री सुंदरी कुमारी उर्फ मुस्कान (17) के रूप में हुई है। जबकि, अरुण महतों की पत्नी मन्नु देवी (24) की खोजबीन की जा रही है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि दरभंगा जिला के विशनपुर थाना क्षेत्र स्थित विशनपुर गांव के रहने वाले लक्ष्मण महतो की मां का 15 दिन पहले निधन हो गया था। उसके बाद शुद्धिकरण के लिए गांव एवं रिश्तेदारी के 40 लोग गंगा स्नान करने के लिए सिमरिया आए थे।

**नहाने के दौरान गहरे पानी में गई दोनों महिलाएं :** सुबह में सभी लोग सिमरिया पहुंचे तथा स्नान करने लगे। सभी लोग स्नान करके नदी से निकल गए। इसके बाद सुंदरी कुमारी अपने भौजाई मन्नु देवी के साथ स्नान करने गई। इसी दौरान तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई, इसी बीच दोनों गहरे पानी में चली गई। पांच मिनट के बाद परिजनों ने नहीं देखकर हल्ला मचाया। गंगा स्नान कर रहे अन्य लोगों ने भी खोजा तो कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने खोजा तो SDRF की टीम भी नहीं थी। डायल-112 को फोन किया तो कोई रिस्पांस नहीं मिला। बारिश खत्म होने के बाद घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय गोताखोर पहुंचे और खोजबीन शुरू किया गया। जिसमें काफी देर तक सुंदरी कुमारी का शव बरामद किया गया है। लक्ष्मण महतों ने बताया कि मां का श्राद्ध कर्म 15 दिन में समाप्त होने के बाद सभी लोग सिमरिया गंगा घाट पर स्नान करने के लिए आए थे। इसी दौरान ननद-भौजाई दोनों स्नान करने के लिए एक साथ गई थी। जैसे ही गंगा नदी में दोनों ने एक साथ डुबकी लगाई की डूबी ही रह गई। फिलहाल परिजनों के करुण क्रंदन से सिमरिया घाट का माहौल गमगीन हो गया है।

## प्रेमी ने की आत्महत्या, एक साल से था अफेयर



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय ।** बेगूसराय में एक प्रेमी ने आज आत्महत्या कर लिया है। घटना नयागांव थाना क्षेत्र के बागडोग गांव की है। मृतक की पहचान बागडोव गांव के रहने वाले नरेश तांती के बेटे नंदन कुमार (21) के रूप में हुई है। मृतक की बहन सीमा ने कहा है कि उसके भाई का गांव की लड़की से एक साल से अफेयर था। लड़की के परिजनों ने बात नहीं करने और हत्या की धमकी दी थी। घर पर उन्होंने हंगामा किया था। जिस कारण मेरे भाई ने सुसाइड कर लिया है। पुलिस लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की छानबीन कर रही है। नंदन हेल्पर का काम करता था और गांव में ही रहता था। गांव की एक लड़की से करीब 1 साल से उसका प्रेम संबंध चल रहा था।

**2 दिन पहले लड़की को घर लेकर गए थे परिजन :** बहन ने बताया है कि दोनों में खूब बातें होती थी, बराबर मिलना-जुलना भी होता था। करीब एक महीने पहले लड़की के परिजनों को दोनों के प्रेम प्रसंग की जानकारी हुई, तो उन लोगों ने लड़की से नहीं मिलने की धमकी दी। नंदन को भी लड़की से दूर रहने के लिए समझाया था। नहीं समझने पर जान से मारने की धमकी दी गई। लेकिन प्रेमी-प्रेमिका बात करना नहीं छोड़ते थे। दो दिन पहले लड़की नंदन के घर पर आ गई थी। इसकी जानकारी मिलते ही लड़की के चाचा सहित अन्य परिजन पहुंचे और नंदन के घर में हंगामा करते हुए लड़की को लेकर चले गए थे। इसके बाद से नंदन डिप्रेशन में रह रहा था।

**कल रात वीडियो कॉल पर हुई थी बात :** कल रात दोनों के बीच वीडियो कॉल पर बात हुई थी। जिसमें लड़की ने अब कभी नहीं मिलने की बात कही। इसके बाद आज सुबह में नंदन अपने घर में ही फांसी का फंदा लगाकर लगाकर झूल गया। परिजन देखने गए, तो उसे झूलता देखा। हल्ला होती ही आसपास के लोग जुटे गए। नंदन को फंदे से उतारा गया, तो कुछ लोगों ने बताया कि वह जिंदा है। परिजन बेगूसराय अस्पताल लेकर आ रहे थे, लेकिन रास्ते में ही मौत की आशंका होने पर फिर घर लौट गए। वहां लौटने के बाद सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नंदन को उठाकर सदर अस्पताल लाया। जहां मृत घोषित कर दिया गया। मृतक नंदन की बहन सीमा ने बताया कि भइया का एक साल से गांव के ही एक लड़की के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। करीब एक महीने पहले लड़की के चाचा और पिता ने मेरे भाई को जान से मारने की धमकी दी थी। लड़की परसों मेरे घर आ गई, तो वह लोग जबरदस्ती लेकर चले गए थे और घर में हंगामा भी मचाया था। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि एक युवक के बेहोश पड़े होने की सूचना पर पुलिस पहुंची और उसे उठा कर अस्पताल ले गई। जहां जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों की ओर से अभी लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। ग्रामीणों से पूछताछ में सामने आया है कि प्रेम प्रसंग को लेकर आत्महत्या किया है। सभी पहलुओं पर जांच-पड़ताल चल रही है, उसके बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। परिजनों के आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बैंक मैनेजर से 6 लाख रुपए की ठगी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




♦ **ऐप डाउनलोड कराकर ठगों ने खाते से उड़ाए पैसे साइबर पुलिस ने वापस कराए 1.77 लाख**

**बेगूसराय ।** बेगूसराय में बैंक मैनेजर से ठगी का मामला सामने आया है। ऐप डाउनलोड कराकर साइबर ठगों ने खाते से 6 लाख उड़ा लिए। हालांकि पुलिस की मुस्तैदी और त्वरित कार्रवाई के चलते पीड़ित को उनकी डूबी हुई रकम का एक हिस्सा वापस मिल गया है। पीड़ित संतोष कुमार बांका जिले के अमरपुर मोदी टोला के रहने वाले हैं। वर्तमान में बरौनी में 'क्रेडिट एक्सिस ग्रामीण लिमिटेड' में ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया 12 अप्रैल 2025 को एक अज्ञात नंबर (8002720307) से कॉल आया। केवाईसी (KYC) अपडेट कराने के बहाने आभा (ABHA) नाम का एक फर्जी मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड करवाया गया। ऐप में अपना मोबाइल नंबर, पैन कार्ड और अन्य डिटेल्स डालने के बाद साइबर ठगों ने उनके इंडसइंड बैंक खाते (IndusInd Bank) में सेंध लगा दी।ठगों ने कुल चार ट्रांजेक्शन के जरिए उनके खाते से देखते ही देखते छह लाख रुपए गायब कर दिए।

**चार बार में उड़ाए पैसे :** संतोष कुमार ने साइबर थाने दी गई शिकायत में बताया कि ठगों ने पहली बार में 2 लाख, दूसरी बार में 2 लाख, तीसरी बार में 1.5 लाख और चौथी बार में 50 हजार की अवैध निकासी की। फोन पर आने वाले सभी मैसेज को ठगों द्वारा रीड किया जा रहा था। शक होने पर वापस कॉल किया तो आरोपियों ने खुद को इंडसइंड बैंक का कस्टमर केयर अधिकारी बताकर गुमराह किया। जिसके बाद इसकी शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराई। फिर बेगूसराय साइबर थाना में मामला दर्ज किया गया था।

**बैंक अकाउंट को होल्ड कर दिया गया है :** साइबर डीएसपी इमरान अहमद ने बताया कि पुलिस टीम ने तकनीकी कार्रवाई करते हुए ठगों के खातों को ट्रैक किया और उसमें मौजूद राशि को फ्रीज (होल्ड) करवा दिया। इस मुस्तैदी के कारण होल्ड किया गया 1,77,889 रुपए (एक लाख सतहत्तर हजार आठ सौ नवासी) सफलतापूर्वक रिकवर कर वादी संतोष कुमार के खाते में वापस भिजवा दिया गया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने किया पौधारोपण

**आरा**| विश्व पर्यावरण दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने अपने पैतृक आवास, बहियारा में पौधारोपण किया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की। कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे न केवल प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करते हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए।भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष रंजन ने भी पौधारोपण किया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संकल्प लिया। विधायक अरुण कुमार शाह, सतीश राजू, रुपेश सिंह, रामधारी सिंह, रामानंद झा, सुधीर कुमार यादव, अभिजीत यादव और रणबीर कुमार सहित कई मौजूद थे।

### शराब कांड का आरोपी गिरफ्तार

**आरा** । टाउन थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना पर 2024 से शराब कांड के फरार आरोपी को आनंद नगर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी टाउन थाना क्षेत्र के अहीर पुरवा मोहल्ला के निवासी जय प्रकाश साह के पुत्र विकास कुमार है। टाउन थाना के थानाध्यक्ष देवराज राय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ 2024 में शराब के मामले में केस हुआ था। तब से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### वाद-विवाद प्रतियोगिता में कनिष्क पहले स्थान पर

**बक्सर**| शुक्रवार को श्रम अधीक्षक कार्यालय में जिले के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 10 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के बीच "वर्तमान संदर्भ में बाल श्रम का मुद्दा" विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।5 सदस्यीय निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। निर्णायक मंडल में श्रम अधीक्षक संजय कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी विशाल कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सौम्या सिन्हा, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी त्रिलाकी नाथ पांडेय, शिक्षक डॉ. मनीष कुमार शशि शामिल थे।प्रतियोगिता में सीपीएसएस, डुमरांव के कक्षा 12 के छात्र कनिष्क ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कस्तूरबा उच्च विद्यालय, दुल्हपुर की कक्षा 12 की छात्रा अक्षरा कुमारी द्वितीय स्थान पर रहीं। आदर्श हाई स्कूल, चौसा के कक्षा 11 के छात्र साजिद शेख तृतीय स्थान पर रहे। श्रम अधीक्षक ने बताया कि जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### प्रशिक्षण नहीं लेने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई नहीं

**बक्सर** । शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विभिन्न कारणों से शिक्षक प्रशिक्षण से वंचित रह गए शिक्षकों को राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद ने एक और अवसर देने का निर्णय लिया है। परिषद के निदेशक सज्जन आर. द्वारा SIR कार्य, बिहार विधानसभा चुनाव में प्रतिनियुक्ति, स्वास्थ्य संबंधी कारणों अथवा अवकाश पर रहने के कारण प्रशिक्षण नहीं ले सके शिक्षकों को सत्र 2026-27 में प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। पत्र में कहा गया है कि 1 जून से 20 जून तक ग्रीष्मावकाश के दौरान कई शिक्षक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मुख्यालय से बाहर रह सकते हैं। ऐसे शिक्षक यदि इस अवधि में आयोजित प्रशिक्षण में भाग नहीं लेते हैं, तो उनके विरुद्ध किसी प्रकार की विभागीय कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### बिहिया में घटना को अंजाम देने से पहले ही पिस्टल के साथ आरोपी हुआ गिरफ्तार

**आरा** । जीआरपी और आरपीएफ के द्वारा की गई संयुक्त कार्रवाई में बिहिया रेलवे स्टेशन के पूरबी छोर से पिस्टल और कारतूस के साथ तीन आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में दो नाबालिग सहित एक आरोपी शिवमं राज शामिल है। शिवमं भोजपुर जिले का निवासी बताया जाता है। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों के निर्देशानुसार रेलवे परिसर एवं रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आरपीएफ तथा जीआरपी आरा द्वारा लगातार अपराध निरोधक अभियान चलाया जा रहा है। उसी क्रम में शुक्रवार जीआरपी और आरपीएफ आरा के निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार की संयुक्त टीम द्वारा बिहिया रेलवे स्टेशन क्षेत्र में अपराध निरोधक गश्त एवं निगरानी की जा रही थी। गश्त के दौरान प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर बिहिया स्टेशन के पूर्वी छोर स्थित रेल लाइन के समीप संदिग्ध अवस्था में दो नाबालिग सहित एक युवक को पकड़ा गया। शिवमं के पास से एक देशी पिस्टल , एक खाली मैगजीन तथा एक मैगजीन में तीन कारतूस बरामद किया गया।

### मां-बेटों की बेहरमी से पिटाई

**आरा** । भोजपुर में रास्ते के विवाद में पड़ोसियों ने मां-बेटे समेत तीन लोगों की बेरहमी से पिटाई कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडे और लोहे के रॉड से हमला कर तीनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। आसपास के लोगों के बीच-बचाव के बाद मामला शांत हुआ। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया है। घायलों में धनुपरा बिंद टोली निवासी छट्ठू महतो की पत्नी चांदनी देवी(60), पुत्र कोशी कुमार(21) और बुद्धू कुमार(20) शामिल है। घटना नगर थाना क्षेत्र के धनुपरा गांव के बिंद टोली की है। घायल चांदनी देवी ने बताया कि पड़ोसियों ने गांव के आगे वाले रास्ते को जबरन घेर लिया था। इसको लेकर पहले भी दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी। जब परिवार के लोगों ने रास्ता बंद करने का विरोध किया तो पड़ोसियों ने गाली-गलौज की थी। हालांकि उस समय मामला शांत हो गया था। शनिवार को उनका पुत्र कोशी कुमार बाहर से काम कर घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में पड़ोसियों ने उसे रोक लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों ने उसे जमीन पर गिराकर बेरहमी से पीटा। बेटे की चीख-पुकार सुनकर जब चांदनी देवी और उनका छोटा पुत्र बुद्धू कुमार उसे बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने उन दोनों के साथ भी मारपीट शुरू कर दी। हमले में तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पीड़ित परिवार ने इसकी शिकायत नगर थाना पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इधर, सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. के.एस. चौबे ने बताया कि घायल कोशी कुमार के सिर में गंभीर चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद उसका सीटी स्कैन कराया गया है। अन्य दोनों घायलों का भी अस्पताल में इलाज जारी है।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर

**आरा** । भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पियानिया पुल के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले गए, जहां उनका उपचार कराया जा रहा है। घायलों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी मुबारक हुसैन का 24 वर्षीय पुत्र मो. हसनैन तथा उसी गांव के मो. कमरुद्दीन का 35 वर्षीय पुत्र सैफुल हक शामिल हैं। परिजनों के मुताबिक, मो. हसनैन और सैफुल हक किसी काम से पियानिया स्थित एक चिमनी भट्ठा पर गए थे। वहां से काम खत्म कर दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव बेलाउर लौट रहे थे। इसी दौरान पियानिया पुल के पास पीछे से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर ड्राइवर वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों घायलों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लेकर आए।अस्पताल में चिकित्सकों की देखरेख में दोनों का इलाज जारी है।

# बक्सर-बरूना आरओबी पहुंच पथ क्षतिग्रस्त, एफआईआर दर्ज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर** । बक्सर-बरूना रेलवे स्टेशन के बीच निर्माणाधीन रेल ओवरब्रिज (आरओबी) के पहुंच पथ के क्षतिग्रस्त होने के मामले में संवेदक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड (बीआरपीएनएनएल) के कनीय अभियंता हरेराम राम ने मुफस्सिल थाना में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। यह घटना बक्सर-बरूना रेलवे खंड पर एलसी संख्या-70ए स्थित आरओबी पर हुई। निर्माणाधीन पुल के पहुंच पथ पर यातायात जारी था, तभी एक्सपेंशन ज्वाइंट के पास कंक्रीट क्षतिग्रस्त हो गया। विभाग का आरोप है कि यह स्थिति निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही के कारण उत्पन्न हुई।

**जान-माल की क्षति भी हो सकती थी** : कनीय अभियंता हरेराम राम ने अपने आवेदन में बताया कि निर्माण कार्य संवेदक प्रमोद कुमार सिंह (निवासी बंसा, पोस्ट-करवंदिया, थाना-सासाराम, जिला-रोहतास) द्वारा कराया जा रहा था। आवेदन में यह भी उल्लेख है कि यदि समय रहते इस खामी का पता नहीं चलता तो जान-माल की क्षति भी हो सकती थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए विभाग ने संवेदक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की अनुशंसा की। मुफस्सिल थाना पुलिस ने आवेदन के आधार पर कांड संख्या 166/26 दर्ज किया है। यह मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज किया गया है और इसकी जांच एक पुलिस पदाधिकारी को सौंपी गई है।

◆ ठेकेदार प्रमोद सिंह पर लापरवाही का आरोप, जांच शुरू

**गुणवत्ता तथा निगरानी व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की थी** : हाल ही में आरओबी के पहुंच पथ के एक हिस्से में दरार और धंसाव की घटना सामने आने के बाद निर्माण गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे थे। स्थानीय लोगों, राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों ने भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता तथा निगरानी व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की थी। अब संवेदक के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुट गई है। जांच के दौरान निर्माण कार्य से जुड़े तकनीकी पहलुओं, विभागीय निगरानी और संवेदक की भूमिका की भी पड़ताल की जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मां-बेटे समेत 7 लोग झुलसे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा** । भोजपुर में शुक्रवार देर रात घर के बाहर खड़ी बाइक में आग लग गई। इस दौरान पेट्रोल की टंकी फटने से एक ही परिवार के 7 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों को पहले रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। 4 की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना शाहपुर थाना क्षेत्र के शोभी टोला गांव की है। पीड़ित की पहचान भुअर यादव की पत्नी चांद मुनि देवी(75), उनके पुत्र वीरेंद्र यादव(53), रविंद्र यादव(45), नरेंद्र यादव के पुत्र आशीष कुमार(12), वीरेंद्र यादव के बेटे पुत्र रविशंकर यादव(26), धर्मशिला देवी(40) और उनकी बेटी अंशु कुमारी(14) शामिल है। सभी के चेहरे, हाथ, पैर, पीठ और शरीर के अन्य हिस्से झुलस गए हैं। घायल रविशंकर कुमार यादव ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य खाना खाने के बाद भीषण गर्मी के कारण रात में छत पर सोने चले गए थे। अचानक घर के बाहर खड़ी बाइक से आग की लपटें उठती दिखाई दी। तुरंत हमलोग नीचे आए। बुझाने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान तेज धमाके के साथ गाड़ी की टंकी फट गई। विस्फोट इतना जोरदार था कि आसपास मौजूद सभी लोग उसकी चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने दुश्मनी के कारण बाइक में आग लगाई है। हालांकि आग लगाने वाले की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने बताया कि झुलसे हुए सभी मरीजों का प्राथमिक उपचार किया गया है। गर्मी के कारण अधिकांश लोग हल्के कपड़ों में थे, जिससे शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर जलन हुई है। चार घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उन पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस भी घटना के सभी पहलुओं की जांच में जुट गई है।

## एप्रोच रोड निर्माण में धांधली, पुलिया धंसी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर** । इटाढ़ी रेलवे क्रॉसिंग आरओबी के क्षतिग्रस्त होने के बाद एक तरफ जहां निर्माण एजेंसी पीकेएस कंस्ट्रक्शन, सासाराम की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं वहीं दूसरी तरफ इसी निर्माण एजेंसी द्वारा किए जा रहे एप्रोच रोड निर्माण में भी धांधली की बात सामने आई है। एप्रोच रोड के लिए 11 नम्बर लख पर बनाई गई पुलिया को देखकर भी यह बात स्पष्ट हो गई है कि निर्माण एजेंसी का कार्य सवालों के घेरे में है। यह पुलिया भी धंस गई है। ऐसे में अगर यह निर्माण हुआ तो इसका भी हश्र वही होगा जो आरओबी का हुआ। स्थानीय निवासियों का कहना है कि निर्माण एजेंसी के द्वारा जो निर्माण किया गया है उससे बेहतर सामान्य राज मिस्त्री भी कार्य कर सकते हैं ऐसे में सवाल यह उठता है कि पुल निर्माण निगम के अभियंता ऐसा निर्माण कैसे होने दे रहे हैं? कुछ लोगों के द्वारा यह भी कहा गया कि आरओबी निर्माण में भी जिस तरह से पाया या डिवाइडर आदि का निर्माण कराया गया है वह देखने से ऐसा नहीं लगता है कि प्रशिक्षित कारीगरों ने इसका निर्माण किया है। स्थानीय निवासी प्रेम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि पुल पर पैदल लोगों के चढ़ने के लिए जो रास्ता बनाया गया है, उस पर एक डिवाइडर ऐसा बनाया गया है जिससे टकराकर वाहन दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। नाम ना छापने की शर्त पर कुछ लोगों ने यह भी बताया कि पुल का एलाइनमेंट भी थोड़ा टेढ़ा इस लिए कर दिया गया है ताकि निर्माण के दायरे में आ रहे कुछ घरों को बचाया जा सके। संवेदक के स्थानीय प्रतिनिधि से सम्पर्क करने का प्रयास किया लेकिन फोन नहीं उठाने से उनका पक्ष ज्ञात नहीं हो सका।

# पुल क्षतिग्रस्त मामले में निर्माण एजेंसियों पर उठे सवाल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर** । बक्सर में हाल ही में पुल के क्षतिग्रस्त होने की घटना पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं। भाकपा माले के नेता और डुमरांव के पूर्व विधायक अजीत कुशवाहा ने इस मामले को गंभीर बताया है। उन्होंने सरकार और निर्माण एजेंसियों पर सवाल उठाए हैं। पूर्व विधायक कुशवाहा ने कहा कि पुल का टूटना केवल निर्माण कार्य की विफलता नहीं है, बल्कि यह व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार, लापरवाही और जवाबदेही के अभाव का स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि जनता के टैक्स के पैसे से बनने वाली आधारभूत संरचनाओं का उद्देश्य सुरक्षित और सुगम आवागमन प्रदान करना होता है। यदि करोड़ों रुपये की लागत से बने पुल कुछ ही वर्षों में क्षतिग्रस्त हो जाएं, तो यह निर्माण की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। अजीत कुशवाहा ने आरोप लगाया कि सरकार विकास और बेहतर आधारभूत संरचना के दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत अलग है। पुल क्षतिग्रस्त होने से आम लोगों की दैनिक जिंदगी प्रभावित हुई है, आवागमन में कठिनाई बढ़ी है और व्यापारिक गतिविधियों पर भी असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से जनता का सरकारी योजनाओं पर भरोसा कमजोर होता है। इसलिए इस मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच आवश्यक है। जांच में तकनीकी त्रुटि, घटिया सामग्री के उपयोग या निगरानी में लापरवाही जैसे पहलुओं को स्पष्ट किया जाना चाहिए। भाकपा माले नेता ने मांग की है कि पुल निर्माण से जुड़े सभी पहलुओं की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। यदि किसी अधिकारी, अभियंता, ठेकेदार या अन्य जिम्मेदार व्यक्ति की भूमिका सामने आती है, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए निर्माण कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता नियंत्रण और नियमित निरीक्षण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि जनता के धन का सही उपयोग हो और लोगों को सुरक्षित आधारभूत सुविधाएं मिल सकें।

# बच्चों ने बनाई सीड बॉल, पौधरोपण कर लिया संकल्प

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**ब्रह्मपुर** । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रघुनाथपुर में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि दक्षिण बिहार द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने "मिट्टी के लड्डू अभियान" के तहत विभिन्न प्रजातियों के बीजों से सीड बॉल तैयार की। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दक्षिण बिहार के जनसंवाद प्रमुख एवं पर्यावरण कार्यकर्ता शैलेश कुमार ओझा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं है। यह प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा, "यदि दुनिया का हर व्यक्ति सिर्फ एक पेड़ लगाए। उसकी देखभाल करे। तब धरती को फिर से हरा-भरा बनाया जा सकता है।" वर्तमान में विश्व की जनसंख्या 8 अरब से अधिक है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति द्वारा एक वृक्ष लगाने से धरती को हरित बनाने में बड़ी मदद मिल सकती है। इससे वायु प्रदूषण कम होगा। भूजल संरक्षण बढ़ेगा। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव भी कम होंगे। बच्चों को सीड बॉल तकनीक की जानकारी दी उन्होंने बच्चों को सीड बॉल तकनीक की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कम लागत में बड़े पैमाने पर पौधारोपण का प्रभावी माध्यम है। सीड बॉल को खुले क्षेत्रों में फेंकने से वर्षा के मौसम में बीज स्वतः अंकुरित हो जाते हैं। वे पौधों का रूप ले लेते हैं। उन्होंने बच्चों से छुट्टियों के दौरान यात्रा में सीड बॉल साथ रखने का आग्रह किया। उन्होंने उपयुक्त स्थानों पर इन्हें डालने की बात कही। कार्यक्रम में लीची, नीम, बबूल, अशोक और गुलमोहर सहित कई प्रजातियों के बीजों से सीड बॉल बनाई गई। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर उपस्थित वागीश चौबे, नारायण कुमार, विकास पाराशर एवं अन्य पर्यावरण प्रेमियों ने कहा कि प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के लिए ऐसे कार्यक्रम समय की आवश्यकता हैं। वक्ताओं ने कहा कि पेड़-पौधे केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते। वे जैव विविधता, जल संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन के भी आधार हैं।

## जिला परिषद सदस्य का आत्मदाह का प्रयास, खुद पर डाला केरोसिन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बक्सर** । बक्सर में जिला परिषद सदस्यों के विरोध प्रदर्शन के दौरान शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में एक सदस्य ने अपने ऊपर केरोसिन उड़ेलकर आत्मदाह का प्रयास किया। हालांकि पुलिस की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया और स्थिति को तुरंत नियंत्रित कर लिया गया। जानकारी के अनुसार, विकास योजनाओं की राशि खर्च नहीं किए जाने और लंबे समय से लंबित भुगतानों के विरोध में जिला परिषद सदस्य प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। इसी मुद्दे पर उप विकास आयुक्त के साथ बैठक भी चल रही थी। बैठक के दौरान जिला परिषद सदस्य राजीव कुमार ने अचानक अपने ऊपर केरोसिन उड़ेल लिया और आत्मदाह का प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया।

**कलेक्ट्रेट परिसर में तनावपूर्ण माहौल** : घटना के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में तनावपूर्ण माहौल बन गया। राजीव कुमार को हिरासत में लिए जाने से नाराज अन्य जिला परिषद सदस्य प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि विकास योजनाओं और भुगतान से जुड़े मामलों में प्रशासन लगातार उदासीन रवैया अपना रहा है, जिससे क्षेत्र में विकास कार्य बाधित हो रहे हैं।

**सदस्यों ने वाहन को रोकने की कोशिश की** : विवाद उस समय और बढ़ गया जब पुलिस राजीव कुमार को वाहन से लेकर जाने लगी। इस दौरान कई जिला परिषद सदस्यों ने वाहन को रोकने की कोशिश की और उसके सामने बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। कुछ देर तक परिसर में हंगामे की स्थिति बनी रही। बाद में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाकर रास्ता खाली कराया और वाहन को वहां से रवाना किया।

**जिला परिषद सदस्यों ने जताई नाराजगी** : प्रदर्शनकारी सदस्यों ने आरोप लगाया कि विरोध के दौरान महिला जनप्रतिनिधियों के साथ पुरुष पुलिसकर्मियों ने धक्का-मुक्की की। इस आरोप को लेकर भी जिला परिषद सदस्यों ने नाराजगी जताई। हालांकि समाचार लिखे जाने तक प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था।

**कई विकास कार्यों का भुगतान भी लंबित** : जिला परिषद सदस्यों का आरोप है कि जिले में विकास योजनाओं के लिए आवंटित 70 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अब तक खर्च नहीं की गई है। साथ ही पूर्व में पूर्ण कराए गए कई विकास कार्यों का भुगतान भी लंबित है। उनका कहना है कि भुगतान नहीं होने से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। गौरतलब है कि इसी मांग को लेकर जिला परिषद सदस्य पूर्व में भी अनिश्चितकालीन धरना दे चुके हैं। उस समय एमएलसी चुनाव की आचार संहिता का हवाला देकर धरना समाप्त कराया गया था। बावजूद इसके समस्याओं का समाधान नहीं होने से सदस्यों में असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है

**प्रशासन की उपेक्षापूर्ण कार्यशैली से उठाया कदम** : घटना के बाद जिला परिषद सदस्य राजीव कुमार ने आरोप लगाया कि प्रशासन की उपेक्षा और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण उन्हें यह कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा। वहीं जिला परिषद सदस्य पूजा कुमारी ने कहा कि विकास योजनाओं के लिए उपलब्ध राशि जनता के टैक्स का पैसा है, जिसका उपयोग जनहित में किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि राशि खर्च नहीं होने और भुगतान लंबित रहने से विकास कार्य ठप पड़ रहे हैं।

**कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई** : इस मामले में उप विकास आयुक्त निहारिका छवि से प्रतिक्रिया लेने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने बैठक में व्यस्तता का हवाला देते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

# जिले में नहीं पहुंचा सरकारी धान का बीज, परेशानी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर** । बक्सर जिले के किसान सरकारी धान बीज का इंतजार कर रहे हैं। बिचड़ा तैयार करने के लिए बीज बुआई का समय धीरे-धीरे निकलता जा रहा है। कृषि विभाग के पास अब तक धान बीज उपलब्ध नहीं होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। किसान रोज कृषि कार्यालय पहुंच रहे हैं। कृषि कर्मी सिर्फ बीज आने का इंतजार करने का आश्वासन दे रहे हैं। बाजार में धान बीज सरकारी दर की तुलना में काफी महंगा बिक रहा है। इससे छोटे और मध्यम वर्ग के किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। गोविंदपुर के संजय राय, इटाढ़ी प्रखंड के कमलेश सिंह, करेंसी के मुन्ना चौबे आदि किसानों ने बताया कि समय पर बीज नहीं मिलने से खेती की पूरी तैयारी प्रभावित हो रही है। बिचड़ा डालने का समय निकलता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर साल सरकार अनुदानित दर पर धान बीज उपलब्ध कराती है। इससे किसानों को राहत मिलती है। इस बार समय पर बीज नहीं मिलने से खेती की लागत बढ़ गई है। किसानों का आरोप है कि विभागीय स्तर पर तैयारी समय से नहीं होने के कारण यह स्थिति बनी है। किसानों ने कहा कि अगर अगले कुछ दिनों में बीज उपलब्ध नहीं हुआ तो धान उत्पादन पर असर पड़ सकता है। बीज आते ही वितरण शुरू कर दिया जाएगा : जिला कृषि पदाधिकारी ◗ कृषि विभाग की ओर से जिले को धान बीज प्राप्त नहीं हो सका है। बीज आते ही किसानों के बीच वितरण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## संपूर्ण क्रांति दिवस पर आरा में जेपी प्रतिमा पर माल्यार्पण, 1974 आंदोलन पर गोष्ठी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा** । शुक्रवार को संपूर्ण क्रांति दिवस के मौके पर जयप्रकाश नारायण स्मारक, कलक्ट्री तालाब परिसर में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत और अध्यक्षता पूर्व विधायक और जेपी सेनानी रमाकांत ठाकुर ने माल्यार्पण से की।संचालन सामाजिक कार्यकर्ता और रंगकर्मी अशोक मानव ने किया। रमाकांत ठाकुर ने कहा कि मौजूदा दौर में संपूर्ण क्रांति की जरूरत पहले से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि हालात 1974 की परिस्थितियों से भी अधिक चुनौतीपूर्ण दिखते हैं। उन्होंने व्यवस्था परिवर्तन के लिए जनभागीदारी पर जोर दिया। मुख्य वक्ता सुशील तिवारी ने 5 जून 1974 के आंदोलन का जिक्र किया। उन्होंने पटना की सड़कों पर हुए जनांदोलन से जुड़े अनुभव साझा किए। उन्होंने जेपी के योगदान और सामाजिक चेतना पर प्रभाव पर भी बात रखी। कार्यक्रम के अंत में जेपी सेनानी गंगा सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने 1974 आंदोलन से जुड़े क्रांति गीत भी प्रस्तुत किए। सभा का समापन संपूर्ण क्रांति से जुड़े नारों के साथ हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### धनरुआ में कई कांड का फरार अभियुक्त गिरफ़्तार

**धनरुआ :** गुप्त सूचना के आधार पर कई कांड का फरार अभियुक्त विनोद कुमार को पुलिस जब उसके घर से पकड़ कर थाने ले जा रही थी स्वजन व ग्रामीणों ने छुड़ाने का भरपूर प्रयास किया।इधर थानेदार अमित कुमार ने तत्काल भारी संख्या में पुलिस बल को बुलाकर अभियुक्त को कब्ज़े में ले लिया । भारी संख्या में पुलिस बल को देखते हुए स्वजन व ग्रामीण पीछे हट गए। जानकारी के मुताबिक टॉप टेन अपराधी विनोद कुमार के बारे में पुलिस को सूचना मिली कि वो अपने गांव डोमन बिगहा आया हुआ है।थानेदार अमित कुमार ने तत्काल एक टीम गठित कर छापेमरी करने निकली।डोमन बिगहा गांव से जब फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना ले जाने लगी तभी महिला व पुरुष बल पुर्वक छुड़ाने लगी।काफी देर तक दोनो तरफ से धड़पकड़ चलते रहा।पुलिस बल कम होते देख थानेदार ने थाना से अतिरिक्त पुलिस बुलाया गया।बताया जाता है कि विनोद को पुलिस सिविल ड्रेस में गिरफ्तार करने गई थी ,गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस लाने लगी तब स्वजन व ग्रामीणों को आशंका हुआ कि कोई बाहरी लोग अपहरण कर ले जा रहा था । विनोद पर हत्या ,लूट व रंगदारी समेत आधा दर्जन मामले दर्ज है। टीम में शामिल राहुल कुमार बहरामपुर ओपी प्रभारी ,नवीन कुमार,प्रियंका कुमारी शामिल थे।

### तारेगना स्टेशन पर 13.05 लीटर विदेशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**मसौढ़ी**! तारेगना जीआरपी पुलिस ने नियमित गश्ती के दौरान शुक्रवार को तारेगना स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पास एक युवक को 13.05 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया. आरोपित की पहचान नालंदा जिले के चिकसौरा थाना क्षेत्र के हुराड़ी गांव निवासी जर्मन प्रसाद के पुत्र अंगद कुमार के रूप में हुई है.पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है। जीआरपी थाना अध्यक्ष सोनू कुमार ने के अनुसार अन्य जवानों के साथ अभियान के दौरान युवक संदिग्ध अवस्था में मिला और पुलिस को देखकर भागने लगा,जिसे पकड़ लिया गया. उसके पास से 13.05लीटर विदेशी शराब किया है। इस मामले में रेल थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई। कर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### बाढ़ में विवाहिता की संदिग्ध मौत, गले पर मिला काला निशान, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

**पटना**। पटना के बाढ़ थाना क्षेत्र के सैदपुर सरकट्टी पंचायत के सीतापुर गांव में राधा कुमारी नामक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। परिजनों ने ससुराल वालों पर फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। राधा कुमारी की शादी दो साल पहले नालंदा जिले के खरूआर गांव से सीतापुर गांव में हुई थी। उसका एक बच्चा भी है। मायके वालों का कहना है कि राधा के गले पर काला निशान मिला है, जिससे उन्हें संदेह है कि उसकी हत्या फांसी लगाकर की गई है। मृतका के परिजनों के अनुसार, रात 10 बजे वीडियो कॉल पर राधा से उनकी बात हुई थी। इसके ठीक आधे घंटे बाद, रात 10:30 बजे, ससुराल से फोन आया कि राधा की हालत गंभीर है। रात 11 बजे ग्रामीणों ने फोन कर राधा कुमारी की मौत की सूचना दी।

**मृतका के गले पर मिला गले पर काला निशान:** राधा की मां गुड़िया देवी ने बताया कि, जब वे ससुराल पहुंचे तो उन्होंने राधा के गले पर स्पष्ट काला निशान देखा। उन्होंने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने ही उनकी बेटी की फांसी लगाकर हत्या की है।

**पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार:** थाना अध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह ने बताया कि, प्रथम दृष्टया फांसी लगाकर हत्या की बात सामने आई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि परिजनों की ओर से अभी तक कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# वाहन जांच के दौरान पुलिस ने पकड़ा टेम्पो एक महिला समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। पटना जिले के नदी थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाइ करते हुए भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोडिंग कफ सिरप बरामद किया है। इस कार्रवाई में एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त टेम्पो को भी जब्त कर लिया है। मामले को लेकर फतुहा एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरी कार्रवाई की जानकारी दी। एसडीपीओ अवधेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार 5 जून को नदी थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में पुलिस की विशेष टीम पक्कीदरगाह के समीप वाहन जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान पक्कीदरगाह पीपा पुल की दिशा से एक टेम्पो (BR01PQ7456) तेज रफ्तार में आता दिखाई दिया।

पुलिस को देखकर टेम्पो चालक और उसमें सवार लोगों ने वाहन को तेजी से मोड़कर बंकाघाट स्टेशन की ओर भागने का प्रयास किया। संदिग्ध गतिविधि को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल पीछा शुरू किया और घेराबंदी कर टेम्पो को रोक लिया। टेम्पो की गहन तलाशी लेने पर पुलिस को भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोडिंग युक्त कफ सिरप बरामद हुई। जब्त की गई सिरप की 100 मिलीलीटर की कुल 358 बोतलें मिलीं, जिसकी कुल मात्रा 35.800 लीटर है। पुलिस के अनुसार बरामद कफ सिरप का उपयोग नशे के रूप में किया जाता है और इसकी अवैध तस्करी की जा रही थी।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में वैशाली जिले के राजू कुमार और हनुमान कुमार के अलावा समस्तीपुर जिले की शोभा देवी शामिल हैं। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं, जिनके आधार पर आगे की जांच की जा रही है।

पुलिस ने इस मामले में नदी थाना कांड संख्या-222/2026 दर्ज करते हुए बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम-2018 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि प्रतिबंधित कफ सिरप कहां से लाई जा रही थी और किन क्षेत्रों में इसकी आपूर्ति की जानी थी। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इस मामले के तार किसी बड़े तस्करी नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर अन्य संदिग्धों की तलाश भी की जा रही है।

इस सफल अभियान में नदी थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभियान में एसआई विवेक कुमार, एएसआई संतोष कुमार, एएसआई मनोज कुमार, राजेश कुमार सहित नदी थाना के सशस्त्र बल और गृहरक्षकों ने सक्रिय सहयोग किया। एसडीपीओ अवधेश कुमार ने कहा कि जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## पटना में आरोग्यम वेलनेस सेंटर का उद्घाटन, निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। राजधानी पटना के उमा सिनेमा के समीप स्थित आरोग्यम वेलनेस सेंटर का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जदयू के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) संजय सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। वहीं रोहित त्रिवेदी (डायरेक्टर) और गोलोक नाथ बिस्वास विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के आयोजक एवं आरोग्यम वेलनेस सेंटर के संचालक संदीप नारायण लाल भी मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान अनुभवी चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर का लाभ उठाया और विशेषज्ञ डॉक्टरों से स्वास्थ्य संबंधी सलाह प्राप्त की। इस अवसर पर एमएलसी संजय सिंह ने कहा कि समाज के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। आरोग्यम वेलनेस सेंटर का यह प्रयास लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने केंद्र की टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे संस्थान समाज के स्वास्थ्य स्तर को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। वहीं डायरेक्टर रोहित त्रिवेदी ने कहा कि आरोग्यम वेलनेस सेंटर का उद्देश्य लोगों को आधुनिक एवं समग्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि केंद्र के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ बेहतर उपचार एवं परामर्श की सुविधा भी दी जाएगी। कार्यक्रम के अंत में आयोजक एवं सेंटर के संचालक संदीप नारायण लाल ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया

# एटीएम में फेवीक्विक लगाकर ग्राहकों से ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### बिहटा पुलिस की कार्रवाई, फरार चल रहे शातिर को भेजा गया जेल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिहटा**। पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में एटीएम के माध्यम से ग्राहकों से ठगी करने वाले गिरोह के एक फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी एटीएम मशीन में तकनीकी बाधा उत्पन्न कर ग्राहकों की नकदी हड़पने का काम करता था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार यह मामला बिहटा थाना क्षेत्र के राघोपुर स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एटीएम से जुड़ा है। पिछले महीने हुई इस घटना में शातिर अपराधियों ने एटीएम से पैसे निकालने आए ग्राहकों को निशाना बनाया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी।

जांच में सामने आया कि आरोपी अपने एक साथी के साथ एटीएम में प्रवेश करता था और रुपये निकलने वाले स्लॉट पर फेवीक्विक चिपका देता था। इसके कारण ग्राहक द्वारा निकाली गई राशि मशीन के भीतर ही फंस जाती थी और बाहर नहीं निकल पाती थी। जब ग्राहक परेशान होकर सहायता मांगता था, तब आरोपी खुद को बैंक या एटीएम का कर्मचारी बताकर उसकी मदद करने का दिखावा करता था। वह ग्राहकों को एक फर्जी मोबाइल नंबर देकर भरोसा दिलाता था कि जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। पुलिस के अनुसार ग्राहक के एटीएम से बाहर निकलते ही आरोपी दोबारा मशीन के पास पहुंचता था। इसके बाद पेचकश और अन्य उपकरणों की मदद से रुपये निकलने वाले हिस्से को खोलकर या तोड़कर उसमें फंसी नकदी निकाल लेता था और मौके से फरार हो जाता था। इस तरीके से गिरोह कई लोगों को अपना शिकार बना चुका था। मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तकनीकी और मानवीय सूचनाओं के आधार पर जांच तेज कर दी थी।

बिहटा थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि मामले का एक आरोपी इलाके में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर शिवाला, शाहपुर निवासी श्याम सुंदर, पिता जवाहर लाल विद्यार्थी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी से कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुई हैं। पुलिस अब उसके अन्य साथियों और गिरोह के नेटवर्क के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। बिहटा थाना प्रभारी अमित कुमार ने शनिवार को गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि इसी मामले में पहले भी एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। अब दूसरे फरार आरोपी की गिरफ्तारी से पुलिस को मामले के कई अहम पहलुओं की जानकारी मिलने की उम्मीद है।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि एटीएम से पैसे निकालते समय किसी अनजान व्यक्ति की मदद न लें। यदि एटीएम से राशि नहीं निकलती है या कोई तकनीकी समस्या आती है तो सीधे बैंक के आधिकारिक हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर भरोसा न करें और संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस का कहना है कि साइबर और एटीएम ठगी के मामलों पर लगातार नजर रखी जा रही है तथा ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# सबसे कम उम्र में भारतीय टी-20 टीम में जगह बनाने वाले खिलाड़ी बने वैभव सूर्यवंशी

### बिहार के लाल को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए मिला मौका, क्रिकेट जगत में खुशी की लहर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**पटना**। बिहार के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। महज 15 वर्ष की उम्र में उन्हें भारतीय टी-20 टीम में शामिल किया गया है। आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए घोषित भारतीय टीम में चयन होने के साथ ही वैभव देश के सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं जिन्हें राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। वैभव सूर्यवंशी ने हाल ही में संपन्न इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से क्रिकेट प्रेमियों और चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया था। राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और कई यादगार पारियां खेलीं। उनके आक्रामक खेल और दबाव की परिस्थितियों में रन बनाने की क्षमता ने उन्हें देश के उभरते हुए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की सूची में सबसे आगे ला खड़ा किया।

**आईपीएल में दमदार प्रदर्शन का मिला इनाम:** आईपीएल में वैभव सूर्यवंशी ने 16 मैचों में कुल 776 रन बनाए। उनकी बल्लेबाजी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी आक्रामक शैली रही, जिसके दम पर उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 72 छक्के जड़े। कम उम्र में इस तरह का प्रदर्शन भारतीय क्रिकेट में चर्चा का विषय बन गया और चयनकर्ताओं ने उनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय टीम में मौका देने का फैसला किया।

**भविष्य की योजनाओं को ध्यान में रखकर लिया गया फैसला:** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के चयनकर्ताओं ने आगामी वर्षों की योजनाओं, विशेषकर 2028 टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए वैभव सूर्यवंशी को टीम में शामिल किया है। चयनकर्ताओं का मानना है कि इस युवा खिलाड़ी में लंबे समय तक भारतीय क्रिकेट की सेवा करने की क्षमता है और उचित मार्गदर्शन मिलने पर वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।

**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में होगी नई शुरुआत:** आयरलैंड और इंग्लैंड दौरा वैभव सूर्यवंशी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर की शुरुआत का मंच बनेगा। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि यह दौरा उनके लिए सीखने और खुद को साबित करने का सुनहरा अवसर होगा। देशभर के क्रिकेट प्रेमियों की नजरें अब इस युवा खिलाड़ी के प्रदर्शन पर टिकी रहेंगी।

**श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खेलेंगे:** दौरे के दौरान वैभव सूर्यवंशी भारतीय टीम के लिए श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खेलते हुए नजर आएंगे। युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण वाली इस टीम से भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को काफी उम्मीदें हैं। बिहार के इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी के चयन से राज्य के खेल जगत में भी उत्साह का माहौल है और लोग इसे बिहार क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि मान रहे हैं।

वैभव सूर्यवंशी का भारतीय टीम में चयन न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्ष और मेहनत की सफलता की कहानी है, बल्कि यह देशभर के युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर भारत तिब्बत सहयोग मंच ने किया वृक्षारोपण

### कंकड़बाग के शिवाजी पार्क में लगाए पौधे, लोगों से पर्यावरण संरक्षण का किया आह्वान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत तिब्बत सहयोग मंच, दक्षिण बिहार प्रांत की ओर से राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित शिवाजी पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन मंच के दक्षिण बिहार प्रांत महामंत्री डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने किया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के तहत पार्क परिसर में 16 नए गमलों में मिट्टी भरकर पौधारोपण किया गया। उपस्थित लोगों ने पौधों की देखभाल और पर्यावरण को स्वच्छ एवं संतुलित बनाए रखने का संकल्प भी लिया।

**पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने पर जोर:** इस अवसर पर मंच के वरिष्ठ कार्यकर्ता शिवाकांत तिवारी की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। वृक्षारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने का माध्यम है।

**कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने निभाई सहभागिता:** वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रो. संतोष कुमार शर्मा, शिव भवानी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष लव कुमार सिंह, रुद्र जी, राजीव कुमार सिंह, रंजन कुमार ओझा, संजय कुमार, अनिल कुमार सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता और सहयोगी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**एक पौधा लगाने की अपील:** कार्यक्रम के अंत में डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने देशवासियों से पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करे तो पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में बड़ी मदद मिल सकती है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और प्रकृति के संरक्षण को जन अभियान बनाने का आह्वान किया।

# सम्पूर्ण क्रांति दिवस समारोह का भव्य आयोजन, लोकनायक जयप्रकाश नारायण के विचारों पर हुई व्यापक चर्चा

### 'बिहार : अतीत, वर्तमान और भविष्य' विषय पर संगोष्ठी एवं कवि सम्मेलन का आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। राजधानी पटना के पटेल नगर स्थित जयप्रभा पुस्तकालय सभागार में लोकनायक जयप्रकाश विश्व शांति प्रतिष्ठान के तत्वावधान में "सम्पूर्ण क्रांति दिवस" समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत "बिहार : अतीत, वर्तमान और भविष्य" विषय पर संगोष्ठी तथा कवि सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें साहित्य, समाजसेवा, शिक्षा और राजनीति से जुड़े अनेक बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए प्रतिष्ठान के अध्यक्ष डॉ. एम. के. मधु ने कहा कि बिहार का इतिहास गौरवशाली रहा है, वर्तमान विकासोन्मुख है और भविष्य अत्यंत उज्ज्वल दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने बिहार को अपनी सामाजिक और वैचारिक प्रयोगशाला बनाकर समाजवाद तथा राष्ट्रवाद के समन्वय का अनूठा प्रयोग किया था। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण क्रांति केवल राजनीतिक परिवर्तन का आंदोलन नहीं था, बल्कि सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और नैतिक पुनर्जागरण का व्यापक अभियान था। इस आंदोलन ने देश में लोकतांत्रिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान की और तानाशाही प्रवृत्तियों के विरुद्ध जनशक्ति को संगठित किया।

समारोह की अध्यक्षता प्रख्यात शायर राश दादा राश ने की। मुख्य अतिथि जनता दल (यू) के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रवक्ता तथा उच्च जाति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि जयप्रकाश नारायण 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन और 1974 के ऐतिहासिक छात्र-जन आंदोलन के महानायक थे। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण क्रांति की अवधारणा आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, क्योंकि समाज को नैतिक मूल्यों, सामाजिक चेतना और वैचारिक पुनर्जागरण की निरंतर आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से जेपी के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. हेमन कुमार ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जयप्रकाश नारायण एक ऐसे युगपुरुष थे, जिनके विचार और योगदान भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेंगे। उन्होंने कहा कि जेपी का जीवन संघर्ष, त्याग और जनसेवा की प्रेरक मिसाल है। समारोह के दौरान वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. किशोर सिन्हा की पुस्तक "एक बंदी की डायरी" का लोकार्पण भी किया गया। पुस्तक पर अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ. सिन्हा ने कहा कि जयप्रकाश नारायण कभी सत्ता के आकांक्षी नहीं रहे। लोकतांत्रिक मूल्यों और जनहित के लिए संघर्ष करते हुए उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा, लेकिन उन्होंने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया।

समारोह के विशिष्ट अतिथि सिद्धेश्वर ने कहा कि जयप्रकाश नारायण छात्र आंदोलन के महानायक थे और सामाजिक सुधार के पक्षधर थे। उन्होंने कहा कि जेपी अंतरजातीय विवाह को सामाजिक समरसता और दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों के उन्मूलन का प्रभावी माध्यम मानते थे। उन्होंने अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा करते हुए बताया कि वे किशोरावस्था में गांधी मैदान जाकर जेपी के भाषण सुनने का अवसर कभी नहीं छोड़ते थे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. एम. के. मधु ने कहा कि जयप्रकाश नारायण एक समन्वयवादी चिंतक थे। उन्होंने सम्पूर्ण क्रांति के माध्यम से व्यवस्था परिवर्तन का जो सपना देखा था, उसे साकार करना आज भी समाज और राष्ट्र की सामूहिक जिम्मेदारी है। संगोष्ठी के उपरांत आयोजित कवि सम्मेलन में सुनील कुमार, विभा रानी, मलंग श्रीवास्तव, मधुरेश नारायण, पूनम कटियार, आराधना प्रसाद, राज प्रिया रानी, प्रो. अनिल प्रसाद, डॉ. किशोर सिन्हा, मनोज गोवर्धनपुरी, ज्योत्सना प्रसाद, एकता कुमारी सहित अनेक कवियों और साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं का प्रभावशाली पाठ किया। कवियों ने सामाजिक सरोकारों, लोकतांत्रिक मूल्यों, राष्ट्रप्रेम और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उपस्थित लोगों ने कविताओं की भावपूर्ण प्रस्तुति की सराहना की। समारोह का समापन लोकनायक जयप्रकाश नारायण के विचारों और आदर्शों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प के साथ हुआ। वक्ताओं ने कहा कि सम्पूर्ण क्रांति की भावना आज भी देश और समाज को नई दिशा देने की क्षमता रखती है तथा इसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है।

## महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन का किया गया निरीक्षण





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**हाजीपुर:** पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने आज गया-कोडरमा-हजारीबाग टाउन-अरगडा-पतरातू-गढ़वा रोड रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों, पुल-पुलियों, ओएचई प्रणाली, पथ-रचना तथा ट्रैक की संरक्षा एवं मजबूती का अवलोकन किया । इसी क्रम में महाप्रबंधक महोदय द्वारा ग्रैंड कॉर्ड (जीसी) लाइन के गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन के मध्य टनल संख्या 01 का विशेष रूप से गहन निरीक्षण किया गया । इस घाट सेक्शन में बीओबीआर रेक के परिचालन प्रारंभ करने के उद्देश्य से इस टनल का रीडिजाइन और डाइमेंशन बढ़ाने का चुनौतीपूर्ण कार्य किया जा रहा है ।

पिछले महीने ही महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन में डाउन लाइन में खाली बीओबीआर रेक के परिचालन के ट्रायल का निरीक्षण किया गया था । अब इस सेक्शन के अप लाइन में बीओबीआर रेक के परिचालन के उद्देश्य से इस टनल के डाइमेंशन बढ़ाने के कार्य चल रहा है जिसका आज महाप्रबंधक महोदय द्वारा गहन निरीक्षण किया गया । गुरूपा-गझंडी घाट सेक्शन में बीओबीआर रेक ऑपरेशन शुरू करने से बाढ़, बरौनी एन.टी.पी.सी प्लांट्स के लिए वैगन टर्नराउंड में सुधार होगा । इससे वैगन टर्न राउंड में काफी कमी आएगी और रेक की उपलब्धता बढ़ जाने से ज्यादा लोडिंग संभव हो पाएगा । इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री अखिलेश मिश्र तथा मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड दौरे पर पहुंचे भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से राजग नेताओं ने की मुलाकात, दीं शुभकामनाएं



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के झारखंड आगमन पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी दलों के नेताओं ने शनिवार को रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में उनसे शिष्टाचार मुलाकात कर उनका स्वागत और अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान सहयोगी दलों के नेताओं ने नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दीं और झारखंड में राजग को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में संयुक्त रूप से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर राज्य की राजनीतिक परिस्थितियों, संगठनात्मक गतिविधियों और गठबंधन की भावी रणनीतियों को लेकर भी चर्चा हुई। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलने वालों में ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और विधायक सरयू राय, निर्मल महतो, बीरेंद्र प्रधान और जनार्दन पासवान शामिल थे। नेताओं ने नितिन नवीन के नेतृत्व में भाजपा के संगठनात्मक विस्तार और राजग की मजबूती को लेकर विश्वास व्यक्त किया। वहीं, भाजपा अध्यक्ष ने भी सहयोगी दलों के नेताओं के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में बातचीत की और गठबंधन की एकजुटता को विकास तथा जनहित के लिए महत्वपूर्ण बताया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन का यह पहला झारखंड दौरा है। अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान वे संगठनात्मक बैठकों, जनप्रतिनिधियों से संवाद और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। राजनीतिक दृष्टि से इस दौरे को भाजपा और राजग दोनों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### मानगो के बड़े नालों की 08 से होगी सफाई



**पूर्वी सिंहभूम।** मानगो क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर शनिवार को अपर नगर आयुक्त जितेंद्र कुमार यादव ने विधायक सरयू राय के जनसुविधा प्रतिनिधि मुकुल मिश्रा सहित अन्य प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में यादव ने बताया कि मानगो के बड़े नालों की सफाई का कार्य सोमवार से शुरू किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि गौड़ बस्ती में वर्तमान में रात 12 बजे होने वाली पेयजलापूर्ति का समय बदलेगा और इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। मुकुल मिश्रा ने आस्था स्पेस टाउन में बाइपास लाइन जल्द चालू करने की मांग की, जिससे शंकोसाई, सुभाष कॉलोनी और कालिका नगर में जलापूर्ति व्यवस्था बेहतर हो सके। बैठक में 351 नई स्ट्रीट लाइटों के जल्द वितरण और स्थापना पर भी चर्चा हुई। मिश्रा ने अधिकारियों से किसी प्रकार के दबाव में न आने की बात कही। उन्होंने पेयजल के अवैध कनेक्शनों की जांच कर उन्हें नियमित करने या हटाने की मांग भी उठाई। बैठक में पप्पू सिंह, संतोष भगत, पिंटू सिंह, प्रवीण सिंह और वीरू सिंह मौजूद थे।

### ठगों ने बुजुर्ग महिला से उड़ाए दो लाख के गहने, जांच में जुटी पुलिस



**पूर्वी सिंहभूम।** शहर में पुलिसकर्मी बनकर ठगी करने वाले गिरोह का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार को बिष्टुपुर थाना क्षेत्र में ठगों ने एक बुजुर्ग महिला को अपना शिकार बनाते हुए करीब दो लाख रुपये मूल्य के सोने के गहने ठग लिए। पीड़िता की पहचान बिष्टुपुर एम रोड निवासी प्रकाश कौर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार प्रकाश कौर गुरुद्वारा से पैदल अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान एन रोड के पास दो युवकों ने उन्हें रोका। एक युवक बाइक पर बैठा था, जबकि दूसरा कुछ दूरी पर खड़ा था। बाइक सवार ने महिला से कहा कि सामने खड़ा व्यक्ति उन्हें बुला रहा है। जब वह उसके पास पहुंचीं तो उसने खुद को पुलिसकर्मी बताया और कहा कि बिष्टुपुर क्षेत्र में हत्या की घटना हुई है, इसलिए गहने पहनकर घूमना सुरक्षित नहीं है।ठग की बातों में आकर प्रकाश कौर ने अपनी सोने की चेन, अंगूठी और कंगन उतार दिए। आरोपित ने गहनों को कागज में लपेटकर वापस देने का नाटक किया, लेकिन इसी दौरान असली गहने बदल दिए। घर पहुंचकर जब महिला ने कागज खोला तो उसमें केवल चूड़ी मिली। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बिष्टुपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और महिला से पूछताछ की। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। बिष्टुपुर थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है और मामले की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले जुगसलाई और साकची में भी इसी तरह की ठगी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

### मनीष बने जेएलकेएम के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल प्रभारी



**खूंटी।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए खूंटी निवासी मनीष कुमार साहू को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें संगठन विस्तार और सुदृढ़ीकरण की जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के बाद मनीष कुमार साहू ने केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले जिलों में संगठन के पुनर्गठन, विस्तार और मजबूती के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर तक पार्टी की पहुंच बढ़ाने के लिए कार्यकर्ताओं को संगठित किया जाएगा। साथ ही स्थानीय अधिकारों, झारखंड के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। मनीष कुमार साहू ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

### विधायक 07 को करेंगे एंबुलेंस और शव वाहन का वितरण

**खूंटी।** विधायक सुदीप गुड़िया रविवार को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तोरपा, रनिया, बानो और कर्रा प्रखंडों के लिए एंबुलेंस एवं शव वाहन वितरण करेंगे। कार्यक्रम तोरपा प्रखंड परिसर में आयोजित किया जाएगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और आपातकालीन सेवाओं को सुदृढ़ बनाना एवं जरूरतमंद लोगों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही शव वाहन की सुविधा मिलने से क्षेत्र के लोगों को अंतिम संस्कार संबंधी कार्यों में भी राहत मिलेगी। समारोह में झामुमो के केंद्रीय सदस्य, जिला समिति, विभिन्न वर्ग संगठनों के जिला और प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत एवं बूथ समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, महिला मंडल तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों को आमंत्रित किया गया है। आयोजकों ने सभी कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से तोरपा प्रखंड परिसर में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# झारखंड दौरे पर रांची पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, संगठन विस्तार और रणनीति पर होगा मंथन

**एजेंसी। रांची**





भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन शनिवार को दो दिवसीय संगठनात्मक दौरे पर झारखंड की राजधानी रांची पहुंचे। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उनका यह पहला झारखंड दौरा है, जिसे पार्टी संगठन के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। एयरपोर्ट पर स्वागत के बाद नितिन नवीन सीधे भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने समाजवादी नेता जननायक कर्पूरी ठाकुर तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता और संगठन निर्माता कैलाशपति मिश्र की प्रतिमाओं पर भी पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रमों के बाद नितिन नवीन भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे, जहां वे पार्टी की कोर कमेटी के सदस्यों के साथ संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा करने वाले हैं। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर पर पार्टी की मजबूती, सदस्यता अभियान, जनसंपर्क कार्यक्रमों और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर व्यापक मंथन होने की संभावना है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता का आधार है, इसलिए इस दौरे में संगठनात्मक ढांचे को और प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। अपने दो दिवसीय झारखंड प्रवास के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष विभिन्न बैठकों और संवाद कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वे पार्टी के सांसदों, विधायकों, जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठक कर संगठन की वर्तमान स्थिति और भविष्य की रणनीति पर चर्चा करेंगे। साथ ही कार्यकर्ताओं से संवाद कर उन्हें आगामी चुनौतियों और राजनीतिक अभियानों के लिए तैयार करने का प्रयास भी किया जाएगा। भाजपा सूत्रों के अनुसार, यह दौरा राज्य में संगठन को नई ऊर्जा देने और आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी नेतृत्व झारखंड में जनाधार को और मजबूत करने तथा संगठन की जमीनी पकड़ बढ़ाने के लिए विशेष रणनीति पर काम कर रहा है। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों तक विभिन्न स्तरों पर बैठकों और विचार-विमर्श का दौर चलेगा, जिससे संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। संजय सेठ ने कहा, "राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के मार्गदर्शन में भाजपा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का काम करेगी। उनके सुझाव और दिशा-निर्देश आगामी कार्ययोजना तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हम सभी कार्यकर्ता उनके मार्गदर्शन के अनुसार जनता के बीच पार्टी की पहुंच और प्रभाव को बढ़ाने के लिए कार्य करेंगे।" रांची एयरपोर्ट पर प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदीप वर्मा, भानु प्रताप शाही सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

## गुरु अर्जुन देव जी की शहादत दिवस पर जेम्को सिख संगत ने बांटी शर्बत

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



सिख धर्म के पांचवें गुरु, अर्जुन देव की पावन स्मृति में शनिवार को जेम्को सिख संगत की ओर से जेमको गुरुद्वारा के मुख्य द्वार के पास छबीली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के पुलिस उपाधीक्षक संजीव कुमार ने किया। इस अवसर पर टेल्को थाना प्रभारी और वरीय पुलिस निरीक्षक सुरेश प्रसाद, समाजसेवी एवं केंद्रीय शांति समिति के सदस्य नंदलाल सिंह, ओमप्रकाश उपाध्याय तथा सवर्ण महासंघ फाउंडेशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डीडी त्रिपाठी बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान ग्रंथी सरदार योगिंदर सिंह ने गुरुवाणी का पाठ किया और गुरु अर्जुन देव के जीवन, त्याग एवं बलिदान पर प्रकाश डाला। इसके बाद श्रद्धालुओं एवं राहगीरों के बीच चना-गुड़ और शर्बत का वितरण किया गया। छबीली में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर गुरु साहिब को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि संजीव कुमार ने संबोधन में कहा कि गुरु अर्जुन देव का जीवन धर्म, मानवता और संस्कृति की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब की सेवा, समर्पण और त्याग की भावना समाज को मानवीय मूल्यों से जोड़ने का कार्य करती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरदार सुरजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह लाडे, चरणजीत सिंह चुन्नू, परमजीत सिंह, पलविंदर सिंह बिट्टू, दर्शन सिंह, राममूर्ति सहित जेमको सिख संगत के अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## झारखंड में जल्द आएगा मानसून, 10 जून तक गर्जन के साथ बारिश की संभावना

**एजेंसी। रांची**



राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में दक्षिणी पश्चिमी मानसून जल्द ही दस्तक देगा। पूरे राज्य में प्री मानसून सिस्टम सक्रिय हो गया है। राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में काले और घने बादल छाए हुए हैं। साथ ही गर्मी और उमस भी बढ़ गई है।

**पश्चिमी मध्य और पूर्वी मध्य अरब सागर पहुंचा मानसून–** मौसम विभाग के अनुसार रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में गर्जन के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से 10 जून तक तेज हवा और बारिश हो सकती है। इसे लेकर विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। नसून पश्चिमी मध्य और पूर्वी मध्य अरब सागर, कर्नाटक, पूरा गोवा, महाराष्ट्र के कुछ हिस्से, आंध्र प्रदेश तमिलनाडु के अधिकांश भाग और दक्षिणी पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में पहुंच गया है। इसके अगले तीन दिनों में पश्चिम बंगाल में पहुंचने की संभावना है। इसी प्रकार यह झारखंड की ओर भी आगे बढ़ेगा। इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 41 डिग्री और सबसे कम तापमान रांची के नामकुम में रिकॉर्ड किया गया। वही इस दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के चाय भाषा में 50.5 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई।

**टेम्परेचर अपडेट–** शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री और न्यूनतम 24.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 37.8 डिग्री और न्यूनतम 26.6 डिग्री,डाल्टनगंज में अधिकतम 41 और न्यूनतम 27.9 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 36.5 डिग्री और न्यूनतम 27.6 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया खुलासा, पांच आरोपित गिरफ्तार




**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

शहर में लगातार बढ़ रही बाइक चोरी की घटनाओं के बीच मानगो थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने वाहन चोरी और चोरी की बाइक की खरीद-बिक्री करने वाले एक गिरोह का खुलासा करते हुए उसके पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में मो शाकिब, दानिश खान, इस्माइल आलम, मो अयान और मो नसीम अख्तर शामिल हैं। वहीं नयाब मुस्तफा और सरफराज अली फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। इसी दौरान रोड नंबर-14 स्थित फॉरेस्ट मैदान के पास कुछ युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोककर पूछताछ की और उनके पास मौजूद बाइक संख्या जेएच05एजे-4340 के दस्तावेज मांगे। आरोपित वाहन से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने स्वीकार किया कि बाइक चोरी की है। पुलिस के अनुसार आरोपित बाइक की खरीद-बिक्री के उद्देश्य से फॉरेस्ट मैदान क्षेत्र में पहुंचे थे। शनिवार को मानगो थाना प्रभारी नित्यानंद प्रसाद ने बताया कि सहायक अवर निरीक्षक राजेश कुमार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि फरार आरोपितों की तलाश जारी है। पुलिस को उम्मीद है कि जांच में वाहन चोरी के कई अन्य मामलों का भी खुलासा हो सकता है।

## मजदूरों ने रोजगार छिनने और श्रम कानूनों के उल्लंघन का लगाया आरोप , पूर्व मंत्री से की हस्तक्षेप की मांग

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



एमजीएम थाना क्षेत्र के बेलाजुड़ी स्थित जेके टायर यार्ड में कार्यरत कई मजदूरों ने रोजगार छिनने और श्रम कानूनों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता दुलाल भुईयां से हस्तक्षेप की मांग की है। शनिवार को एमजीएम भाजपा मंडल अध्यक्ष सूरज साहू के नेतृत्व में श्रमिकों का एक प्रतिनिधिमंडल दुलाल भुईयां से मिला और अपनी समस्याओं को विस्तार से रखा। मजदूरों ने बताया कि सनर्जी बेसिक इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड परिसर में संचालित जेके टायर यार्ड में करीब 150 श्रमिक कार्य करते हैं। हाल ही में इनमें से लगभग 60 मजदूरों को बिना स्पष्ट कारण काम से बैठा दिया गया है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। श्रमिकों का कहना है कि यार्ड में प्रतिदिन बड़ी संख्या में ट्रकों से टायरों की अनलोडिंग और लोडिंग का काम कराया जाता है। इसके बावजूद उन्हें निर्धारित श्रम मानकों के अनुरूप सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि उनसे प्रतिदिन 10 घंटे तक काम लिया जाता है, जबकि भुगतान केवल 8 घंटे की मजदूरी के हिसाब से किया जाता है। इसके अलावा कर्मचारियों को भविष्य निधि (पीएफ), कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई), चिकित्सा सुविधा, कैंटीन सुविधा तथा साप्ताहिक अवकाश जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित रखा गया है। मजदूरों ने कहा कि लगातार पूरे वर्ष काम कराने के बावजूद उन्हें श्रम कानूनों के अनुरूप लाभ नहीं दिए जा रहे हैं। दुलाल भुईयां ने श्रमिकों की शिकायतों को गंभीर बताते हुए कहा कि यदि मजदूरों के आरोप सही हैं तो यह श्रमिक अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मजदूर को पीएफ, ईएसआई, ओवरटाइम भुगतान, चिकित्सा सुविधा और अन्य वैधानिक लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सोमवार को वह कंपनी परिसर पहुंचकर श्रमिकों और प्रबंधन दोनों पक्षों से बातचीत करेंगे तथा पूरे मामले की जानकारी लेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो कंपनी प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। दुलाल भुईयां से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में सूरज साहू, गुरु प्रसाद शिट, शत्रुघ्न सिंह मुंडा, शेखुस शिट, कराह शेट, अंधडुवा, बीजू सतपथी, रहिम बिस्के, तापस पाल, पारियाल शिट, अस्ताना गिरी, पारादीप गिरी, चित्ता प्रसाद गिरी और अन्य श्रमिक शामिल थे।

## बिष्टुपुर में संभावित वारदात से पहले युवक गिरफ्तार, लोडेड देसी पिस्तौल बरामद

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर संभावित आपराधिक घटना को टालने का दावा किया है। गिरफ्तार आरोपित के पास से एक लोडेड देसी पिस्तौल बरामद किया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार सुबह गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि बेलीबोधन घाट के आसपास एक युवक हथियार लेकर घूम रहा है और किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों के निर्देश पर बिष्टुपुर थाना प्रभारी अशोक दुबे के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया और इलाके में सघन छापेमारी अभियान शुरू किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम को देखते ही संदिग्ध युवक भागने लगा। हालांकि पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा किया और कुछ ही दूरी पर उसे पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसकी पहचान निहाल कुमार गुप्ता (19) के रूप में हुई, जो आदित्यपुर के आरआईटी थाना क्षेत्र अंतर्गत रोड नंबर-10 का निवासी है। पुलिस द्वारा की गई तलाशी में युवक के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुई, जिसमें एक जिंदा कारतूस लोड था। बरामद हथियार को तत्काल जब्त कर लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि वह लोगों में दहशत फैलाने और उन्हें डराने-धमकाने के उद्देश्य से हथियार अपने पास रखता था। शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी)ललित मीणा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आरोपित के खिलाफ आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। अदालत में पेश किए जाने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सिटी एसपी ने बताया कि पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपित को हथियार कहां से मिला, उसके पीछे कौन लोग जुड़े हो सकते हैं और वह इसका इस्तेमाल किस उद्देश्य से करने वाला था। साथ ही हथियार आपूर्ति करने वाले नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

## बिरसा हरित ग्राम योजना ने बदली 6000 एकड़ जमीन की तस्वीर






**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

जिला समाहरणालय परिसर में शनिवार को आयोजित आम महोत्सव-सह-बागवानी मेला किसानों की उपलब्धियों का उत्सव बन गया। मेले का उद्घाटन उपायुक्त राजीव रंजन ने किया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए किसानों ने आम्रपाली, मल्लिका सहित कई उन्नत किस्मों के आमों की प्रदर्शनी लगाई, जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम में जिला प्रशासन ने बताया कि मनरेगा के तहत संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना ने पिछले एक दशक में जिले की बागवानी व्यवस्था को नई पहचान दी है। वर्ष 2016-17 से शुरू हुई इस योजना के अंतर्गत अब तक लगभग 6000 एकड़ भूमि पर आम के बागान विकसित किए जा चुके हैं। प्रति इकाई 4.37 लाख रुपये की लागत से स्थापित इन बागानों से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। योजना की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पटमदा के किसान अशोक कुमार महतो के उत्पादित आम का निर्यात एपीडा के माध्यम से सऊदी अरब तक किया गया। पिछले वर्ष 14 किसानों ने आम की बिक्री से 5.12 लाख रुपये की अतिरिक्त आय अर्जित की थी। पूर्वी सिंहभूम मॉडल की चर्चा अब दूसरे राज्यों तक पहुंच चुकी है। इसकी कार्यप्रणाली का अध्ययन करने के लिए छत्तीसगढ़ के 13 अधिकारियों और विषय विशेषज्ञों की टीम ने हाल ही में जमशेदपुर और बोड़ाम का दौरा किया था। वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिले में अब तक 96,649 किलोग्राम आम का उत्पादन हो चुका है, जबकि 21,017 किलोग्राम आम की बिक्री भी की जा चुकी है। जिला प्रशासन किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय बाजारों के साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिक्री की व्यवस्था मजबूत कर रहा है।

# ढाई करोड़ पौधे लगाने वाले पीपल बाबा की किताब लॉन्च, अरावली में पौधरोपण के साथ दिया संदेश

**अरावली , एजेंसी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रसिद्ध पर्यावरणविद् पीपल बाबा (स्वामी प्रेम परिवर्तन) की बहुप्रतीक्षित पुस्तक 'पीपल की छांव में' का लोकार्पण किया गया। यह कार्यक्रम हरियाणा के छतरपुर स्थित बाबा नीम करोली आश्रम में अरावली की पहाड़ियों के बीच आयोजित हुआ। पेंगुइन स्वदेश द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी, स्वयंसेवक और पुस्तक प्रेमी शामिल हुए। इस दौरान लगभग 1 हजार पौधे लगाए गए और मौके पर ही 1700 से अधिक लोगों ने पुस्तक खरीदी।



पीपल बाबा देशभर में ढाई करोड़ से अधिक पौधे लगाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी आत्मकथा 'पीपल की छांव में' उनके करीब 50 सालों के पर्यावरण संरक्षण अभियान, संघर्षों और अनुभवों पर आधारित है। पुस्तक में उनके बचपन, नानी से मिले प्रकृति प्रेम के संस्कार, देश के 220 से अधिक जिलों की यात्राओं और वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाने की कहानी दर्ज है। लेखक ने इसमें प्रकृति, आस्था और मानवीय संवेदनाओं के गहरे संबंधों को भी दर्शाया है।

### कौन हैं पीपल बाबा

देशभर में पीपल बाबा के नाम से प्रसिद्ध स्वामी प्रेम परिवर्तन का जन्म 1966 में चंडीगढ़ में एक सेना अधिकारी के परिवार में हुआ था। उनका मूल नाम आज़ाद जैन था। पुणे विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में एमए करने के बाद उन्होंने योग और ध्यान के क्षेत्र में कार्य किया तथा बाद में आध्यात्मिक जीवन अपनाकर स्वामी प्रेम परिवर्तन के नाम से पहचान बनाई। पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण को जीवन का मिशन बनाने वाले स्वामी प्रेम परिवर्तन ने देशभर में करोड़ों पौधे लगाकर विशेष पहचान बनाई, जिसके चलते उन्हें 'पीपल बाबा' के नाम से जाना जाने लगा। पिछले पांच दशकों में उन्होंने 22 राज्यों के 226 जिलों में 2.70 लाख हेक्टेयर में ढाई करोड़ पेड़ लगाए हैं।

कार्यक्रम में पीपल बाबा ने पेंगुइन फॉरेस्ट स्थापित करने की घोषणा करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार के सहयोग से ऐसा वन विकसित किया जाएगा। जहां किताबों और प्रकृति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि एक पौधा लगाना केवल हरियाली बढ़ाना नहीं, बल्कि एक नई दुनिया का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में समाज अपनी जड़ों और प्रकृति से दूर होता जा रहा है, ऐसे में पर्यावरण संरक्षण के लिए बच्चों को मिट्टी और पेड़-पौधों से जोड़ना बेहद जरूरी है।

## पति की मेहनत की कमाई मायके भेजती रही पत्नी, 23 लाख की चोरी के आरोप में पत्नी-साला गिरफ्तार

**रायगढ़, एजेंसी।** पति की कमाई को चोरी से मायके वालों को देने वाली पत्नी व उसके भाई को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रकरण में महिला के पिता के विरुद्ध भी धोखाधड़ी का आरोप लगा है। फिलहाल वह फरार है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में लगभग 23 लाख रुपये की गड़बड़ी सामने आई है। रायगढ़ जिले के घरघोड़ा के वार्ड पांच छाल रोड निवासी 41 वर्षीय पिंगल कुमार बघेल ने वर्ष 2008 में सीमा बघेल से प्रेम विवाह किया था। फेब्रिकेशन, सेंट्रिंग का कार्य करने वाले बघेल व्यवसाय से होने वाली आय को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिदिन पत्नी को देते थे।

पुलिस के अनुसार, बघेल के व्यवसाय में प्रगति होने पर ससुर भरतलाल यादव व साले कृष्ण कुमार यादव का उनके घर आना-जाना बढ़ गया था। रुपये कम होने के संदेह पर बघेल ने घर में सीसीटीवी कैमरा लगवाकर निगरानी की तो पता चला कि पत्नी आलमारी से रकम निकालकर बेरोजगार भाई को देती थी। उसके भाई के खाते में 23 लाख रुपये के लेन-देन पाए गए। पुलिस ने बघेल की पत्नी, ससुर व साले के विरुद्ध धोखाधड़ी एवं आपराधिक षड्यंत्र का प्रकरण दर्ज किया।

## वैश्विक मंच पर भारतीय रेल का डंका: भारी माल ढुलाई प्रणालियों वाले विशिष्ट देशों के क्लब में शामिल हुआ भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत भारी माल ढुलाई रेल प्रणालियों का संचालन करने वाले चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया है। भारत माल ढुलाई संचालन की सुरक्षा, विश्वसनीयता और दक्षता को बढ़ाने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं व उन्नत प्रौद्योगिकी अपनाने की दिशा में अग्रसर है। यह बात डीएफसीसीआइएल के प्रबंध निदेशक प्रवीण कुमार ने शुक्रवार को कही। भारतीय समर्पित माल ढुलाई गलियारा निगम लिमिडेट (डीएफसीसीआइएल) के प्रबंध निदेशक प्रवीण कुमार ने यहां आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय हैवी-हाल सेमिनार-2026 सम्मेलन से इतर पत्रकारों के साथ बातचीत में लाजिस्टिक लागत घटाने में समर्पित गलियारे की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने बताया कि यह सेमिनार दुनियाभर के विशेषज्ञों को एक साथ लाने और टेक्नोलाजी के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया है। इससे भारत में लॉजिस्टिक की लागत कम करने में मदद मिल सकती है।

## विकास गांव की पगडंडियों से निकलता है - सीएम भजनलाल शर्मा

### कहा- आत्मनिर्भर गांवों से ही बनेगा विकसित राजस्थान

**भीलवाड़ा , एजेंसी।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भरता को लेकर एक बड़ा और नीतिगत बयान दिया है। भीलवाड़ा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश और प्रदेश के समग्र विकास का रास्ता गांवों की पगडंडियों से होकर ही निकलता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब प्रदेश का हर गांव सशक्त होगा और वहां शहरों जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी, तभी हमारे गांव हर दृष्टि से आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

**डबल इंजन सरकार के विजन से सशक्त हो रहे गांव:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्होंने कहा-

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार की तमाम योजनाएं अब सीधे धरातल पर उतर रही हैं, जिससे हमारे गांव दिन-प्रतिदिन सशक्त और मजबूत हो रहे हैं।

**विकसित भारत के विजन में विकसित राजस्थान का संकल्प:** मुख्यमंत्री ने डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का जो विकसित भारत का एक विराट विजन है, उसे पूरा करने के लिए हमारा संकल्प है कि उसमें विकसित राजस्थान भी बने और विकसित गांव भी बने। केंद्र और राज्य दोनों सरकारें मिलकर लगातार इस विजन को साकार करने के लिए पूरी निष्ठा से काम कर रही हैं। उनके इस संबोधन को प्रदेश में ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास कार्यों को और तेज करने के मजबूत संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

## बेंगलुरु एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला, मुंबई जा रही इंडिगो फ्लाइट से टकराया पक्षी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली। बेंगलुरु एयरपोर्ट पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब उड़ान से पहले इंडिगो की फ्लाइट 6श्व 6283 से एक पक्षी टकरा गया। घटना शुक्रवार को हुई, जिसके बाद, पायलट ने एहतियाती जांच के लिए तुरंत विमान को वापस बे में बुला लिया। इंजीनियरों ने जांच की और विमान को उड़ान भरने के लिए मंजूरी दे दी। करीब एक घंटे से ज्यादा की देरी के बाद फ्लाइट ने अपनी यात्रा फिर से शुरू की। घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।




## रैपिडो ड्राइवर वारदात से पहले करता था रेकी, मुठभेड़ में चार बदमाश गिरफ्तार; नोएडा की कई घटनाओं का खुलासा

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा में सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने बंद मकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

मुठभेड़ में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए, दो साथियों को कांबिंग में गिरफ्तार किया गया। आरोपितों के कब्जे से 52 लाख के गहने और 11 लाख 27 हजार रुपये नगदी बरामद हुई है।

डीसीपी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को मोजर बियर गोल चक्कर के पास सर्विस रोड पर चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की दो बाइक पर सवार चार संदिग्ध आते दिखाई दिए। रुकने का इशारा करने पर भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। वहीं, जवाबी कार्रवाई में वकील उर्फ रिजवान और सरफराज उर्फ फैज घायल हो गए। दो साथी भोले उर्फ भोला और अलीजान को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में पता चला कि भोले उर्फ भोला पेशे से रैपिडो चालक है। वह विभिन्न सोसायटियों में सवारी के बहाने आते जाते बंद मकानों की रेकी कर साथियों को देता था। रात में चोरी की वारदात अंजाम देते थे।

तीन मकानों में चोरी की घटनाएं कबूल की

आरोपितों ने सूरजपुर की पैरामाउंट सोसायटी में 25 अप्रैल को एक मकान से चोरी करने का जुर्म कुबूल किया। यहां से चोरी की 100 ग्राम के एक सोने के बिस्किट, दो 50-50 ग्राम के सोने के बिस्किट, सोने की चेन, हार, झुमके, अंगूठियां, कंगन, लाकेट, नोज पिन, चांदी की पायल, बिछिया और 8.50 लाख रुपये नगद बरामद किए हैं।

इसी तरह 26 अक्टूबर को ग्राम जैतपुर में की चोरी से गहने बेच कर मिले 2.55 लाख रुपये बरामद किए। इसके अलावा सेक्टर-144 स्थित मगध एन्क्लेव में तीन अप्रैल 2026 को मकान में चोरी के बेचे सामान के 15 हजार रुपये बरामद हुए। आरोपियों के कब्जे से 300 ग्राम सोने के गहने बरामद पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 300 ग्राम सोने के गहने बरामद हुए हैं, जिनकी कीमत करीब 51 लाख रुपये बताई जा रही है। 450 ग्राम चांदी के गहने, 11 लाख 27 हजार रुपये नकद, दो बाइक और चार अवैध तमंचे भी बरामद किए गए हैं। गिरोह के सदस्यों के खिलाफ यूपी के कई जिलों में चोरी, लूट, गैंगस्टर एक्ट, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के दर्जनों मामले दर्ज हैं।

# बाहुबली से बायो युग की ओर बढ़ रहा यूपी: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**लखनऊ , एजेंसी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित 'बायोयुग' कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए। इस दौरान 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया। भारतीय सेनाओं ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचों को सटीक निशाना बनाकर ध्वस्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि इस सफलता के पीछे भारतीय सेनाओं का ऊंचा मनोबल और स्वदेशी रक्षा क्षमता प्रमुख कारण रही। हम यह इसलिए कर पाए क्योंकि हमारे पास स्वदेशी हथियार थे और हम किसी अन्य देश पर निर्भर नहीं थे। यही सामर्थ्य हमें ऊर्जा, ईंधन और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी प्राप्त करनी होगी, जिससे हमारा देश अन्य देशों की तुलना में पिछे ना रहे।



**बायोफ्यूल आत्मनिर्भर भारत की ताकत:** रक्षा मंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल स्वच्छता तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध राष्ट्रीय शक्ति और सुरक्षा से भी जुड़ा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सैनिकों के मनोबल को और मजबूती प्रदान करता है। इसके साथ साख राष्ट के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहा है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि जब देश अपने खेतों, फसलों और जैविक संसाधनों से ऊर्जा पैदा करता है, तब वह बाहरी दबावों के मुकाबले और भी अधिक मजबूत बनता है। उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा कि ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने, घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और स्वदेशी संसाधनों पर आधारित आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने की आवश्यकता है।

**पेट्रोल में 20 प्रतिशत तक एथेनॉल मिश्रण:** राजनाथ सिंह ने बताया कि वर्तमान में भारत पेट्रोल में 20 प्रतिशत तक एथेनॉल मिश्रण कर रहा है, जिसको मुख्य रूप से गन्ने और कृषि उत्पादों के द्वारा तैयार किया जाता है।यह 20 प्रतिशत एथेनॉल हमारे लिए एक बफर की तरह था, जिसने अर्थव्यवस्था को बड़े झटके से बचाया।

बायोफ्यूल सिर्फ पर्यावरण संरक्षण का माध्यम ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता का भी एक महत्वपूर्ण हथियार है। आपको बता दें कि पश्चिम एशिया में भारी संकट और वैश्विक तेल कीमतों में भारी उछाल के समय यही एथेनॉल मिश्रण जिसे हम गन्ने और कृषि उत्पादों से बनाते थे वही भारत के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच के रुप में साबित हुआ था।

### बायोप्लास्टिक उद्योग को बढ़ा रही सरकार

राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश में बायोप्लास्टिक उद्योग की संभावनाओं की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की बायोप्लास्टिक इंडस्ट्री नीति इस क्षेत्र को नई गति दे रही है। उन्होंने गन्ने से तैयार होने वाले पीएलए (पॉली-लैक्टिक एसिड) आधारित बायोप्लास्टिक का जिक्र करते हुए कहा कि यह पूरी तरह जैव-अवक्रमणीय (बायोडिग्रेडेबल) है ,जो पर्यावरण के लिए अनुकूल विकल्प साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक प्लास्टिक आज एकआवश्यक बुराई卐 बन चुका है, लेकिन बायोप्लास्टिक के माध्यम से इस बुराई को प्रकृति के अनुकूल बनाया जा सकता है।

### बायोयुग की ओर बढ़ रहा उत्तर प्रदेश

राजनाथ सिंह कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में बायो-इकोनॉमी को बढ़ावा मिला है। गन्ना किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ कृषि आधारित उद्योगों के क्षेत्र में काफी विस्तार देखने को मिला है। मध्य-पूर्व में हाल के संकटों के दौरान वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला थोड़ी प्रभावित हुई, जिस कारण कई प्लास्टिक उद्योगों को कच्चे माल की कमियों का सामना करना पड़ा। यदि भारत गन्ने और कृषि आधारित संसाधनों से बायोप्लास्टिक के उत्पादन को निरन्तर बढ़ाता है, तो विदेशी निर्भरता कम होगी और देश की आर्थिक सुरक्षा और स्थिति दोनो मजबूत होगी।

# यमुना सिटी में बसाए जाएंगे 10 और नए सेक्टर, यीडा ने की लैंड बैंक बनाने की तैयारी

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के पास यमुना सिटी में दस और नए सेक्टर विकसित किए जाएंगे। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने इसके लिए लैंड बैंक बनाने की तैयारी कर ली है। इन सेक्टरों में जापानी, सिंगापुर सिटी समेत अन्य परियोजनाओं को जमीन दी जाएगी।

यमुना प्राधिकरण ने बताया कि शहर में वर्तमान में 52 सेक्टर विकसित किए जा चुके हैं। वहीं, 46 सेक्टर विकसित करने के लिए सर्विस मास्टर प्लान बनाने की योजना पर काम चल रहा है। मास्टर प्लान-2041 के अनुसार पहले फेज में गौतमबुद्ध नगर और बुलंदशहर का करीब 75 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल विकसित किया जा रहा है।

**सर्विस मास्टर प्लान तैयार कराने को आरएफपी जारी:** अब तक 35 हजार हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र का विकास हो चुका है। ऐसे में अब शहर को विस्तार देने के लिए यीडा 10 और सेक्टर विकसित करने के लिए भूमि खरीद शुरू करने जा रहा है। नए सेक्टरों के लिए लैंडबैंक बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। वहीं, 46 नए सेक्टरों में जलापूर्ति, सीवर और ड्रेनेज के लिए सर्विस मास्टर प्लान तैयार कराने के लिए आरएफपी जारी कर आवेदन मांगे हैं।




आरके सिंह, सीईओ, यीडा, शहर में दस और सेक्टरों के लिए लैंडबैंक तैयार किया जाएगा। भूमि खरीद के लिए पूर्व में ही शासन से 2800 करोड़ प्राप्त हो चुके हैं। एयरपोर्ट के आसपास के सेक्टरों को विकसित करना प्राथमिकता है।

**ग्रेटर नोएडा में गरीब परिवारों के लिए किफायती फ्लैट बनेंगे:** वहीं, ग्रेटर नोएडा में आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) परिवारों के लिए किफायती फ्लैट बनाने की योजना पर काम तेज कर दिया गया है। बिरौंडा और पतवाड़ी गांव के पास बहुमंजिला सोसाइटी के निर्माण के लिए जगह चिह्नित की गई है। परियोजना विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार निम ने बताया कि बिरौंडा गांव के पास 18 हजार वर्गमीटर जमीन चिह्नित की गई है। यहां पर 30 वर्गमीटर आकार के 12 मंजिला फ्लैट बनाए जा सकते हैं। इसमें लिफ्ट का भी प्रावधान होगा।

## 100 छूट ! गाजियाबाद के 18,645 वाहन मालिकों को मिलेगी बड़ी राहत; यूपी सरकार जल्द लागू करेगी ओटीएस योजना

**गाजियाबाद, एजेंसी।** परिवहन कर के बकाएदार वाहन स्वामियों को जल्द बड़ी राहत मिलने वाली है। प्रदेश सरकार एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लागू करने की तैयारी में है। योजना लागू होने पर जिले के 18,645 बकाएदार वाहन स्वामी अपने पुराने परिवहन कर का निस्तारण रियायती दरों पर करा सकेंगे। प्रस्ताव के अनुसार बकाया परिवहन कर पर 35 प्रतिशत तक अतिरिक्त छूट और पेनाल्टी में 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

दो माह तक प्रभावी रहेगी योजना

उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान के तहत जारी 30 जनवरी 2026 की अधिसूचना में संशोधन का प्रस्ताव रखा गया है। इसके तहत पुराने वाहनों पर देय एकमुश्त कर की गणना में पहले से जमा कर को समायोजित करते हुए शेष देय राशि निर्धारित की जाएगी। योजना अधिसूचना जारी होने की तिथि से केवल दो माह तक प्रभावी रहेगी।

परिवहन विभाग के अनुसार, जिले में 18,645 वाहन स्वामियों पर 41 करोड़ 27 लाख रुपये परिवहन कर बकाया है, जबकि 24 करोड़ 16 लाख रुपये की पेनाल्टी भी लंबित है। इस प्रकार कुल बकाया राशि 76 करोड़ 43 लाख रुपये तक पहुंच गई है।

यह आंकड़ा 1 अप्रैल 2016 से 31 मई 2026 तक के 10 वर्ष से कम पुराने वाहनों का है। बकाएदार वाहनों में 3,517 ई-रिक्शा, 5,014 टैक्सी और 10,114 मालवाहक वाहन शामिल हैं।

# 10 घंटे में जुड़ गए 10 लाख लोग, बीजेपी छोड़ते ही अन्नामलाई को मिला जबरदस्त समर्थन

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडू में बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष अन्नामलाई ने पार्टी छोड़ने के बाद नया राजनीतिक आंदोलन शुरू कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके इस आंदोलन को खूब समर्थन मिल रहा है। 10 घंटे के अंदर ही कम से कम 10 लाख लोगों ने उनके समर्थन में हस्ताक्षर किए हैं। बता दें कि अन्नामलाई ने शुक्रवार को ही बीजेपी को ही बीजेपी से इस्तीफा देने के बाद अपना नया अभियान शुरू किया था।

अन्नामलाई ने सोशल मीडिया पर लिखा, हमारे राजनीतिक आंदोलन को बड़ा समर्थन मिलरहा है और 10 घंटे में ही कम से कम 10 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। इससे साबित होता है कि लोग हमारे इस अभियान और दृष्टिकोम से इत्तेफाक रखते हैं। जिन लोगों ने हम पर विश्वास किया है, हम उन सभी लोगों को धन्यवाद देते हैं।

**आंदोलन से पार्टी की ओर:** पार्टी से इस्तीफा देने के बाद अन्नामलाई ने कहा कि यह आंदोलन एक राजनीतिक दल का रूप लेगा और आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगा। एक डिजिटल प्लेटफॉर्म वेथेलीडरडॉटओआरजी लॉन्च करने के बाद वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए उन्होंने इस पहल से जुड़ने और योगदान देने के लिए स्वयंसेवकों को आमंत्रित किया।



**बीजेपी छोड़ने का क्या है कारण:** लॉन्च होने के महज एक घंटे के भीतर ही 1.50 लाख से ज्यादा लोगों ने इस नए प्लैटफॉर्म पर रजिस्ट्रेशन करवा लिया था। अन्नामलाई ने कहा कि वह सम्मान के साथ बीजेपी से अलग होना चाहते थे और इसीलिए यह आंदोलन शुरू किया गिया है। भाजपा आलाकमान से मतभेदों पर बात करते हुए इस पूर्व आईपीएस अधिकारी ने कहा कि भाजपा छोड़ने का उनका फैसला पिछले 18 महीनों से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ चल रहे लंबे वैचारिक मतभेदों का नतीजा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को दो मई को सौंपे गये अपने इस्तीफे में उन्होंने तमिलनाडु की राजनीतिक दिशा को लेकर विजन के स्तर पर मतभेदों का हवाला दिया था।

**राजनेता बनाने का आंदोलन :** उन्होंने कहा, आगे की राह को लेकर मेरे जो विचार हैं, मैं उससे नेतृत्व पर और बोझ नहीं डालना चाहता था।卐 उन्होंने कहा कि राज्य से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर उनके और आलाकमान के विचार आपस में मेल नहीं खा रहे थे। अपना विजन सामने रखते हुए श्री अन्नामलाई ने कहा कि इस प्रस्तावित आंदोलन का मुख्य ध्यान जमीनी स्तर पर विकास करने, कार्यकर्ता तैयार करने और आम नागरिकों को नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने पर होगा। उन्होंने कहा,यह नये विचारों और विचारधाराओं से ओतप्रोत एक जन-आंदोलन होगा। हम आम लोगों को राजनीतिक नेता बनने के लिए प्रशिक्षित करने जा रहे हैं।

**पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर बनेगा संस्थान :** उन्होंने राजनीति में आने के इच्छुक लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए कोयंबटूर में पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर एक सेंटर फॉर पॉलिटिक्स एंड एथिक्स स्थापित करने की योजना की भी घोषणा की। सफर को याद करते हुए अन्नामलाई ने जिक्र किया कि 2020 में भाजपा में शामिल होने से पहले उन्होंने अपने करियर की शुरुआत दिवंगत विजयकांत की पार्टी डीएमडीके से की थी। उन्होंने कहा,ऐसा लगता है जैसे मैं प्रशिक्षु था। अब 17 साल बाद भी मैं बेहतर राजनीति और बेहतर शासन सीखने की कोशिश कर रहा हूं।

उन्होंने भाजपा में शामिल होने से पहले अभिनेता रजनीकांत के साथ हुई अपनी बातचीत को भी याद किया। उन्होंने कहा कि उस समय उन्होंने कोई भी फैसला लेने से पहले कई पहलुओं पर विचार किया था। उन्होंने सुपरस्टार के प्रति अपना सम्मान भी दोहराया।

## पंजाब में भीषण सड़क हादसा: ट्रॉला और पिकअप में जबरदस्त टक्कर, डेरा ब्यास जा रहे सात श्रद्धालुओं की मौत

**फिरोजपुर, एजेंसी।** पंजाब में फिरोजपुर के ब्लाक ममदोट के जंगा वाला मोड़ पर एक भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। सभी श्रद्धालु डेरा ब्यास जा रहे थे। शनिवार सुबह हुए हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई।

**डेरा ब्यास जा रहे थे श्रद्धालु :** जानकारी के अनुसार, जलालाबाद से एक महिंद्रा पिकअप गाड़ी मे कई श्रद्धालु डेरा ब्यास दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब साढ़े छह बजे जंगा वाला मोड़ पर पिकअप की ट्राले से जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि लोगों को संभलने का मौका ही नहीं मिला। लोग उछलकर आगे के शीशे से टकराए और सड़क पर गिरते गए। एक के बाद एक सात लाशें बिछ गई।

**मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी :** लोगों के चीखने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और लोगों को गाड़ी से बाहर निकाला। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और वाहनों को हटाकर रास्ता साफ करवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि आखिर किसकी गलती की वजह से हादसा हुआ।

**सात की मौके पर मौत :** हादसे में महिंद्रा पिकअप में सवार सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि सात के करीब जख्मी हो गए। तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। जख्मियों को फरीदकोट के मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि महिंद्रा पिकअप गाड़ी में खचाखच लोग भरे हुए थे। ये सभी डेरा ब्यास जा रहे थे।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## 1998 के बाद सबसे बुरे दौर से गुजर रही ममता की टीएमसी?

पश्चिम बंगाल चुनाव में हार के बाद टीएमसी अंदरूनी संकट से जूझ रही है। ममता बनर्जी पार्टी को एकजुट रखने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन विधायकों की बैठक में कम उपस्थिति, निष्कासन और बगावत के दावों ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कार्यकर्ताओं में बेचैनी और नेताओं की नाराजगी के बीच पार्टी की एकजुटता पर सवाल उठ रहे हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद से टीएमसी लगातार परेशानियों में घिरी हुई है। सत्ता से दूर होते ही पार्टी के भीतर का असंतोष सतह पर आ गया है। और अब जिस तरह की खींचतान चल रही है, उसे देखते हुए ऐसी अटकलें लग रही हैं कि क्या पार्टी टूट जाएगी। ममता बनर्जी की छवि जुझारू नेता की है, जिन्होंने हर सियासी लड़ाई खुद जमीन पर उतर कर लड़ी। 34 साल पुरानी लेफ्ट सरकार के खिलाफ उपजे असंतोष को आवाज देकर 2011 में वह सीएम पद तक पहुंची थीं। 15 साल बाद जब वह विपक्ष में हैं, तो फिर से सड़क की राजनीति कर रही हैं। चुनाव बाद हिंसा के विरोध में मंगलवार को उन्होंने कोलकाता में धरना दिया। उन्होंने भाजपा पर चुनावों में गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। वह लड़ते हुए दिखना चाहती हैं, ताकि पार्टी को हार की हताशा से निकाल सकें, लेकिन इस बार मुश्किल बड़ी दिख रही है। 1998 में अपनी स्थापना के बाद से टीएमसी शायद सबसे मुश्किल दौर से गुजर रही है। पार्टी के भीतर एकजुटता को लेकर सवाल हैं। ममता ने अपने विधायकों की बैठक बुलाई थी, जिसमें 80 में से केवल 20 पहुंचे। फिर पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में दो विधायकों को निष्कासित कर दिया गया। इन्हीं विधायकों ने फर्जी हस्ताक्षर मामले में शिकायत की है, जो अगर सही पाई जाती है तो मुश्किल और बढ़ेगी। इस बीच निलंबित प्रवक्ता रिजू दत्ता का दावा है कि 50 विधायक टीएमसी से टूट कर पार्टी सिंबल पर दावा कर सकते हैं। इधर देखा जा रहा है कि चुनावी हार के बाद पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं को एकजुट रखना मुश्किल हो रहा है। तमिलनाडु में भी परिणाम के बाद एआईएडीएमके में बगावत की खबरें आईं। महाराष्ट्र में कुछ साल पहले शिवसेना में बड़ी टूट हुई थी। और बंगाल में तो वैसे भी सत्ताधारी दल का पूरी व्यवस्था पर कब्जा रहता है। इसमें विपक्ष के लिए शायद ही गुंजाइश बचती हो। लेफ्ट के शासन में टीएमसी इसी संकट से जूझ रही थी और जब टीएमसी आई, तो भाजपा ने इसी तरह की परेशानी उठाई।

## एक और एग्जाम, एक और खामी... कब सुधरेगी एनटीए की व्यवस्था?

क्यूट यूजी में तकनीकी गड़बड़ियों के कारण हजारों छात्र और अभिभावक परेशान हुए, जिससे एनटीए की कार्यप्रणाली पर फिर सवाल उठे हैं। पहले नीट और अन्य परीक्षाओं में भी विवाद सामने आ चुके हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल सुधारात्मक कदम काफी नहीं, बल्कि जवाबदेही और मजबूत रोकथाम व्यवस्था जरूरी है। एक और एग्जाम, एक और खामी - नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के साथ यह कहानी बार-बार दोहराई जा रही है। क्यूट जी में जिस तरह की अव्यवस्था देखने को मिली, वह हताश करने वाली है। सबसे ज्यादा निराशाजनक बात यह है कि एजेंसी अपने वादों पर खरी नहीं उतर पा रही और इससे उबरने का कोई रास्ता नहीं दिख रहा। देशभर के विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए होने वाली क्यूट यूजी में तकनीकी दिक्कतों की वजह से स्टूडेंट्स और उनके पैरंट्स घंटों परेशान रहे। कई जगह परीक्षा देरी से शुरू हुई और कई जगह हो ही नहीं पाई। एनटीए ने 3765 स्टूडेंट्स के लिए दोबारा एग्जाम कराने की बात कही है। एजेंसी का गड़बड़ियों को स्वीकार करना ठीक है, लेकिन असली सवाल है कि ऐसा बार-बार क्यों हो रहा है। पहले मेडिकल एंट्रेंस टेस्ट रद्द करना पड़ा, क्योंकि पेपर लीक हो गए थे। इसके बाद सीबीएसई के ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम को लेकर विवाद उठा। ये दोनों मामले अभी तक हल नहीं हुए थे और क्यूट यूजी का मसला खड़ा हो गया। इससे एक दिन पहले, 29 मई को ही नीट यूजी मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई थी और उसमें अदालत ने जो टिप्पणियां कीं, उन पर अमल करने की जरूरत है।

*गंगा विश्व की सबसे प्रदूषित नदियों में से एक बन अब बढ़ती जनसंख्या और तीव्र औद्योगीकरण के कारण गंगा विश्व की सबसे प्रदूषित नदियों में से एक बन गई है। गंगा नदी के किनारे बसे इलाकों में करीब चार करोड़ से अधिक लोग रहते हैं। इसके प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण मानव मल है। एक अनुमान के अनुसार प्रतिदिन लगभग पांच अरब लीटर गंदा पानी नदी में मिल जाता है।*

## अविरल जलधारा से जहरीले पानी तक- भारतीय नदियों की दुखद कहानी

**(ऋतुपर्ण दवे)**

घर से मोहल्ला, मोहल्ले से वार्ड और वार्ड से नगर के समूचे कचरा निपटान के लिए सतत प्रभावी दृष्टिकोण अपनाना होगा। कचरे का समाधान हो जाएगा, तो नदियां अपना स्वरूप पा सकेंगी और ये हमारे जीवन की धारा बनेंगी। भारत में प्रदूषित नदियां चिंता का विषय बनी हुई हैं। सरकार कई योजनाएं चला रही है, लेकिन धरातल पर कुछ दिखता नहीं। ऐसा भी नहीं है कि नदियों के प्रदूषण को रोकने के लिए बजट की कमी हो। कमी है तो इच्छाशक्ति की। हालत यह कि नदियों की दशा सुधरने के बजाय दिन-प्रतिदिन खराब हो रही है। सर्वोच्च न्यायालय से लेकर विभिन्न राज्यों के उच्च न्यायालयों ने भी इस पर चिंता जताई है। हम छठ पर्व पर हर साल यमुना की बदहाली देखते हैं। उन दिनों यह चर्चा का विषय बनती है, लेकिन पर्व निकलते ही सब भूल जाते हैं कि अगली बार सुधार के लिए भी कुछ करना है। कमोबेश यही स्थिति देश की दूसरी नदियों की है। कई बार न्यायालयों की सख्त टिप्पणियां सामने आईं, लेकिन किसी पर कोई फर्क नहीं पड़ा। दिल्ली में यमुना को तो दुनिया की सबसे प्रदूषित नदियों में से एक माना जाने लगा है। यह नदी दिल्ली में जल आपूर्ति का बड़ा सहारा है। इसमें प्रदूषण की वजह नजफगढ़ का नाला है। इसका प्रदूषित पानी रासायनिक अवशेष के साथ यमुना में मिलता है। दिल्ली तक बह कर आने वाली यमुना नजफगढ़ नाले के कारण 70 फीसद से अधिक प्रदूषित हो जाती है। यहां अमोनिया का स्तर भी बहुत अधिक बढ़ जाता है। दक्षिण में भी नदियों का प्रदूषित होना चिंता का विषय बात केवल राष्ट्रीय राजधानी की नहीं है। कई राज्यों में भी नदियां प्रदूषित हो रही हैं। चेन्नई की कूउम नदी का भी यही हाल है। इसे अब देश की सबसे प्रदूषित नदी माना जाता है। दक्षिण में भी नदियों का प्रदूषित होना चिंता का विषय है। गंगा-यमुना के अलावा भी ऐसी नदियां हैं, जो प्रदूषण का बोझ उठाए चुपचाप बह रही हैं और अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही हैं। अन्य प्रदूषित नदियों में साबरमती और दामोदर नदी भी शामिल हैं। औद्योगिक कचरा, अनुपचारित गंदा पानी, प्लास्टिक और कृषि रसायनों के कारण भी कई नदियां बेहद जहरीली हो चुकी हैं। इनमें गंगा की सहायक नदियां भी शामिल हैं। ऐसा भी नहीं है कि नदियां किसी एक स्थान पर ही प्रदूषण का शिकार होती हैं। एक ही नदी कई स्थानों पर उस क्षेत्र की गंदगी को लेकर आगे की ओर बढ़ती हैं। कई नदियां तो दर्जनों स्थानों पर और कुछ तो इससे भी ज्यादा जगहों पर गंदगी का वाहक बन चुकी हैं। नदियों को मैली होने से बचाने के लिए किसी भी स्तर पर गंभीरता नहीं दिखती। नदी में गंदगी मिलने पर किसी को भी दुख नहीं होता। एक ओर तो नागरिक अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे, तो दूसरी ओर स्थानीय निकाय भी इस दिशा में काम नहीं कर रहे। वे नदियों का दुरुपयोग इसलिए करते हैं, ताकि उनके नगर-कस्बे या गांवों की समूची गंदगी साफ हो जाए और नदी उनका बोझ ढोते हुए आगे बढ़ जाए। इसे रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। हमारा ध्यान देश की बड़ी नदियों पर रहता है। बाकी नदियों की दशा पर हम सोचते ही नहीं हैं। गंगा नदी में बेतहाशा बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए बड़ी-बड़ी योजनाएं चलाई गईं, लेकिन वह प्रदूषण से मुक्त नहीं हो पा रही है। वाराणसी में गंगा किनारे हजारों शवों का दाह संस्कार इसके किनारे किया जाता है और अस्थियों को विसर्जित किया जाता है। कई लोग तो सीधे शव को ही बहा देते हैं, लेकिन गंगा के पावन होने पर कोई आंच नहीं आती। यह सदियों से चला आ रहा है। गंगा विश्व की सबसे प्रदूषित नदियों में से एक बन अब बढ़ती जनसंख्या और तीव्र औद्योगीकरण के कारण गंगा विश्व की सबसे प्रदूषित नदियों में से एक बन गई है। गंगा नदी के किनारे बसे इलाकों में करीब चार करोड़ से अधिक लोग रहते हैं। इसके प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण मानव मल है। एक अनुमान के अनुसार प्रतिदिन लगभग पांच अरब लीटर गंदा पानी नदी में मिल जाता है। कहने को दूषित जल को शोधित करने लिए बड़े-बड़े संयंत्र लगाए गए हैं, लेकिन वास्तव में एक चौथाई ही उपचारित हो पाता है। गंगा के पानी की स्थिति यह है कि इसमें जीवाणुओं का स्तर स्नान के लिए सुरक्षित स्तर से 150 गुना अधिक है। कमोबेश यही हाल अमरकंटक से निकली नदी नर्मदा और सोन का है। नर्मदा अपने उद्गम से थोड़ा आगे से ही प्रदूषण की मार झेलती दिखती है, तो सोन नदी चंद किलोमीटर का सफर पूरा करने के बाद एक कागज कारखाने का अपशिष्ट झेलती और जलशोधन का 'नाटक' देखती आगे बढ़ती है। जब देश की बड़ी नदियों का यह हाल है, तो शेष के बारे में केवल अंदाजा ही लगाया जा सकता है। गंगा नदी को साफ करने पर 1986 से अब तक बीस हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च हो चुके हैं, जिसमें 2014 में 'नमामि गंगे' कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से 13 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि भी शामिल है। वर्ष 2019 के एक आकलन में क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया ने पाया कि गंगा के किनारे बसे ज्यादातर शहर सीधे अपना कचरा नदी में डाल रहे थे, क्योंकि उनके पास कचरा निपटान संयंत्र नहीं थे। आज स्थिति यह है कि शोधन संयंत्र न लगने या सही तरीके से उनका प्रबंधन न होने से अधिकतर नदियों में गंदगी मिल रही हैं। नदियों में बढ़ते प्रदूषण के आंकड़ों को लेकर कहीं कोई चिंता नहीं दिखती है। ऑस्ट्रिया के लक्समबर्ग में एक स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय संस्था इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एप्लाइड सिस्टम्स एनालिसिस (आईआईएएसए) का एक शोध वास्तविकता पर काफी हद तक प्रकाश डालता है। इसके अनुसार वर्तमान में दुनियाभर के नगरपालिका क्षेत्र के कचरे का 17 फीसद हिस्सा भारत में है। इससे निपटने के लिए अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को तत्काल अमल में लाना होगा, नहीं तो नदियों में कचरे के जाने की समस्या बढ़ती रहेगी। नगरपालिका क्षेत्र के ठोस कचरे के निपटान के लिए एक वैश्विक संधि हो जो यह सुनिश्चित करे कि सभी देश समान नियमों का पालन करें, जिससे एक देश से दूसरे देश में नदियों से कचरा आने का जोखिम कम हो जाए। यदि ऐसा हो जाता है, तो राष्ट्रीय स्तर पर कचरे के फैलने की विश्वव्यापी समस्या के लिए ऐसा वैश्विक समझौता ज्यादा सक्षम होगा और इससे व्यापक स्तर पर समाधान निकलेगा। भारत में नगरपालिका क्षेत्र से रोजाना तकरीबन एक लाख 52 हजार 245 मीट्रिक टन ठोस कचरा निकलता है। यह कचरा आमतौर पर घरों का होता है। जैव चिकित्सा अपशिष्ट भी एक बड़ी समस्या बन चुका है। वर्ष 2021 में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 शुरू किया गया था, तब लक्ष्य रखा गया कि 2026 तक सभी शहरों को कचरा मुक्त बनाना है। जिसमें कई शहरों-कस्बों और नगरों में सफलता भी दिख रही है। गौरतलब है कि नगर की स्वच्छता और कचरा प्रबंधन से ही नदियों की सफाई जुड़ी हुई है। लोग अब इस बात को समझने भी लगे हैं। घर से मोहल्ला, मोहल्ले से वार्ड और वार्ड से नगर के समूचे कचरा निपटान के लिए सतत प्रभावी दृष्टिकोण अपनाना होगा। कचरे का समाधान हो जाएगा, तो नदियां अपना स्वरूप पा सकेंगी और ये हमारे जीवन की धारा बनेंगी। इसके लिए जन और तंत्र दोनों को ही जुटना होगा। जब नदियों में रासायनिक कचरा नहीं रहेगा, तो वे अविरल बहेंगी। बस जरूरत है तो इच्छाशक्ति की। **(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

## सेवानिवृत्ति का 'दूसरा सूर्योदय'- जब जीवन अंत नहीं, नई शुरुआत बन जाए

**(अनंतपद्मनाभन)**

मानवीय जीवन के पारंपरिक नजरिए में सेवानिवृत्ति को अक्सर एक 'पूर्ण विराम' के रूप में देखा जाता है। जब एक सेवानिवृत्त व्यक्ति स्वेच्छा से किसी सामाजिक कार्य का नेतृत्व करता है, तो वह अपने दशकों के अनुभव को समाज को सौंप रहा होता है। मानवीय जीवन के पारंपरिक नजरिए में सेवानिवृत्ति को अक्सर एक 'पूर्ण विराम' के रूप में देखा जाता है। दशकों की मेहनत के बाद समाज इसे एक अंतिम विदाई मान लेता है। हमें बचपन से ही यह मानने की आदत डाल दी गई है कि साठ साल के बाद का समय केवल शारीरिक गिरावट और घर के एकांत में सिमटने का काल है। हालांकि, जागरूक लोगों के लिए सेवानिवृत्ति अब एक पूर्ण विराम नहीं, बल्कि एक 'अल्पविराम' सिद्ध हो रही है। यह केवल आराम का समय नहीं, बल्कि व्यक्तिगत विकास और समाज के प्रति एक नए योगदान का महत्त्वपूर्ण अवसर है। समय का यही नया उपयोग हमारे पूरे दृष्टिकोण को बदल देता है। सेवानिवृत्ति हमें वह कीमती उपहार देती है, जिसे हमने अपनी रोजी-रोटी कमाने (आजीविका) की दौड़ में कुर्बान कर दिया था– 'समय की आजादी'। अब मस्तिष्क उन सपनों को जीने के लिए स्वतंत्र है, जिन्हें हमने वर्षों से दबा रखा था। यह वह जादुई पल है, जब इकट्ठा की गई सफलता को सही अर्थों में सार्थकता में बदला जा सकता है। वरिष्ठ नागरिक समाज के साथ अपने जुड़ाव की नई परिभाषाएं लिख रहे हैं आज वरिष्ठ नागरिक समाज के साथ अपने जुड़ाव की नई परिभाषाएं लिख रहे हैं। वे यह साबित कर रहे हैं कि हमारे भीतर का 'परिवर्तन लाने वाला इंसान' कभी सोता नहीं है। यह अपनी मूल पहचान को फिर से जीवित करने का एक सशक्त मार्ग है। इस जीवनशैली को अपनाने वाले बुजुर्ग पूरे समाज के लिए एक प्रकाश स्तंभ बन रहे हैं। जब एक सेवानिवृत्त व्यक्ति स्वेच्छा से किसी सामाजिक कार्य का नेतृत्व करता है, तो वह अपने दशकों के अनुभव को समाज को सौंप रहा होता है। उदाहरण के तौर पर तमिलनाडु के बहत्तर वर्षीय सेल्वमणि ने सेवानिवृत्त होने के एक दशक बाद खुद को बेचैन पाया। उनके मन में तकनीकी शिक्षा हासिल करने की पुरानी इच्छा थी। उसे उन्होंने जिंदा रखा और आज वे एक छात्र की तरह इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं। घर से कॉलेज के लिए रोज पचास किलोमीटर की यात्रा करते हैं। उनका संघर्ष केवल डिग्री तक सीमित नहीं है। घर से निकलने से पहले वे रसोई के काम निपटाते हैं और अपनी बीमार पत्नी की देखभाल भी करते हैं। कॉलेज में छात्र उन्हें प्यार से 'दादाजी' बुलाते हैं। वे सिखाते हैं कि भले ही शरीर की आयु बढ़ जाए, लेकिन लक्ष्य सामने हो तो चेतना हमेशा युवा रहती है। इसी तरह, सक्रियता का जज्बा केरल की कात्यायनी अम्मा में भी दिखा, जिन्होंने छियानबे वर्ष की आयु में साक्षरता अभियान में अट्ठानबे फीसद अंक प्राप्त किए। उनकी सफलता ने उस पुरानी सोच को तोड़ दिया कि बुजुर्ग नई चीजें नहीं सीख सकते। इसके अलावा, बीडी गरवारे ने सेवानिवृत्ति के बाद अपने अनुभव को शिक्षा और समाज सेवा की ओर मोड़ दिया। शारीरिक रूप से दुरुस्त और सेहतमंद रहने के प्रति भी नजरिया बदल रहा है। गुजरात की एक डॉक्टर भगवती ओजा अस्सी वर्ष की उम्र पार करने के बाद भी तैराकी और साइकिल चालन में स्वर्ण पदक जीतती रहीं। उनका जीवन सिद्ध करता है कि सक्रियता एक साधना है, जिसमें मन के साथ शरीर का स्वस्थ होना जरूरी है।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6115

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 4 | 2 | | | | |
| 8 | | 4 | 9 | | | | 7 | 3 |
| 3 | | | | | | 4 | 5 | |
| | | | 8 | 7 | | | 9 | |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | 3 | | | 6 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | 7 |
| 9 | 6 | | | | 5 | 8 | | 2 |
| | | | | 3 | 9 | | | 4 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6114

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 6 | 2 | 4 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 2 | 5 | 3 | 6 |
| 8 | 4 | 9 | 1 | 6 | 7 | 3 | 5 | 2 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 1 | 6 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 6 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 | 9 | 1 | 5 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज पूर्ण रूप से कार्य के प्रति समर्पित हैं। आज निवेश और बचत की योजना बनाने के लिए सर्वश्रेष्ठ दिन है। अपनी भविष्य की योजनाओं को आज पुन- परखें। कार्यक्षेत्र में आज आपको नई जिम्मेदारी मिल सकती है, इसे प्रसन्नता के साथ स्वीकारें। बस यह ध्यान रखें कि आज की मेहनत लंबी अवधि के लिए है, तुरंत फल की आशा न करें।

### वृष
आज आपका मन उत्साहित है, जिससे धन निवेश करने की तीव्र इच्छा हो सकती है। मंगल देव का आशीर्वाद आपके साथ है, पर चंद्रदेव आपसे धैर्य रखने का अनुरोध कर रहे हैं। आज कोई भी बड़ा आर्थिक निर्णय लेने से पहले अपनी जेब और बजट का आकलन अवश्य कर लें। परिवार से जुड़ी जरूरतों पर आज थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता हो सकती है।

### कर्क
आज कहीं से धन फंस सकता है या अनावश्यक खर्च सामने आ सकता है। आज बिना पूर्ण जानकारी के कहीं भी धन निवेश न करें। कार्यक्षेत्र में आज आप पर्दे के पीछे रहकर कार्य करेंगे, परंतु यही मेहनत आपको भविष्य में बड़ा लाभ प्रदान करेगी। आज दिखावे से बचें, बस चुपचाप अपनी तैयारी जारी रखें।

### सिंह
आज मित्रों और कार्य के साथियों के साथ मिलकर काम करने का दिन है। समूह की गतिविधियों में आज आपको लाभ हो सकता है। आज के दिन भविष्य के बड़े लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें। कार्यक्षेत्र में आज आप एक भरोसेमंद टीम सदस्य के रूप में काम करेंगे। मेहनत जारी रखें, लोग आपकी योग्यता को अवश्य पहचानेंगे।

### मिथुन
आज का दिन संवाद के लिए बहुत उत्तम है। कार्यक्षेत्र में नेटवर्किंग से आज आपको बड़े अवसर प्राप्त हो सकते हैं। कहीं भी हस्ताक्षर करने से पहले दस्तावेजों को दो बार अवश्य पढ़ लें। आज कार्य का दबाव अधिक हो सकता है, परंतु आप अपने शांत विवेक से उसे आसानी से हल कर लेंगे।

### कन्या
आज धन प्रबंधन पूरी तरह आपके हाथों में है। एक उचित बजट बनाने का प्रयास करें, क्योंकि आज का दिन मेहनत का है न कि भाग्य के भरोसे बैठने का। आज छोटे-छोटे प्रयासों से ही बड़ा लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में आज निरंतरता बहुत आवश्यक है। कोई भी निर्णय जल्दबाजी में न लें। आपकी विश्वसनीयता ही आज आपकी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरेगी।

### तुला
बृहस्पति देव आपको आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। आज कोई भी बड़ा निर्णय लेने से पहले घर के बड़ों का आशीर्वाद अवश्य लें। साझेदारी के कार्यों में आज लाभ के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आज सभी आपके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक रहेंगे, तो आप भी अपनी टीम का हाथ थामें रखें।

### वृश्चिक
आज का दिन थोड़ा सावधानी का है। छोटे-छोटे अनावश्यक खर्चे आज बड़े हो सकते हैं, इसलिए धन के प्रति सचेत रहें। दिखावे के लिए आज कुछ भी न खरीदें। कार्यक्षेत्र में आज आपको अपनी पूरी निष्ठा के साथ काम करने की आवश्यकता है। जो कार्य लंबे समय से पेंडिंग हैं, उन्हें आज पूर्ण कर लें, क्योंकि प्रबंधन की दृष्टि आज आपकी कार्यक्षमता पर है।

### मकर
आज का दिन आपके लिए काफी सुकून भरा है। सूर्यदेव की कृपा से आज आपको आर्थिक मामलों में कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। कहीं से रुका हुआ धन आज आपको प्राप्त हो सकता है। तो लंबी अवधि की योजनाओं पर विचार करना आपके लिए शुभ रहेगा। कार्यक्षेत्र में आज आप कुछ नया सीखेंगे। विदेश या शिक्षा से जुड़े कार्यों में आज आपको सफलता का आशीर्वाद प्राप्त हो सकता है।

### कुंभ
आज आप कुछ नया और सृजनात्मक करने के लिए प्रेरित होंगे। यह कौशल आज आपको आर्थिक लाभ भी प्रदान कर सकता है। जोखिम लेने से पहले भली-भांति सोच-समझ लें। आज बच्चों की शिक्षा या उनकी जरूरतों पर ध्यान देना आपके लिए शुभ रहेगा। कार्यक्षेत्र में आज आपको अपनी कला और योग्यता दिखाने का सुंदर अवसर मिलेगा, इसे हाथ से न जाने दें।

### धनु
आज आपकी वाणी में अद्भुत प्रभाव है। बुध देव और शुक्र देव की युति से आज आप अपनी बातों से किसी को भी अपनी बात समझाने में सफल होंगे। एक छोटी सी सलाह है कि आज किसी के साथ मिलकर धन लगाने से बचें, अन्यथा भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आज आपकी बैठकें सफल रहेंगी। अपने विचारों को खुलकर साझा करें, वे सबको प्रिय लगेंगे।

### मीन
आज घर-परिवार और संपत्ति के मामले आपके लिए महत्वपूर्ण हैं। आर्थिक निर्णय लेते समय भावुक न हों, क्योंकि भविष्य में यह तनाव दे सकता है। करियर में आज बड़े बदलाव के बजाय अपनी नींव मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करें। आज अपने वरिष्ठ अधिकारियों से परामर्श लें, वे आपको सही दिशा प्रदान करेंगे।

### वर्ग पहेली 6115

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | 8 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | 9 | | | ■ | 10 |
| ■ | 11 | 12 | ■ | 13 | | 14 | |
| 15 | | | 16 | | ■ | 17 | |
| 18 | | ■ | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | 20 | | 21 | | ■ | 22 |
| 23 | | | ■ | 24 | | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1949 को इस राज्य को भारत में शामिल किया गया (3)
4. हरियाणा के प्रमुख राजनीतिज्ञ जो भारत के उपप्रधानमंत्री रहें (4)
7. वैश्वांतर दानव की चार पुत्रियों में से एक, शत्रुघ्न सिन्हा द्वारा निर्मित फ्लॉप फिल्म (3)
8. यदि ऐसा न होगा तो (3)
9. निगोड़ा, नाकारा (2)
11. एक बार सांस लेने का समय (2)
13. मथुरा से करीब 20 किमी दूर स्थित वृंदावन का एक गांव जहां नंद रहते थे (4)
15. उत्तरप्रदेश के इस शहर का नाम परिवर्तित कर प्रयागराज कर दिया गया है (5)
17. पैना किनारा, राजा भोज की नगरी (2)
18. जीव-जंतुओं के शरीर के त्वचा में से निकले सूक्ष्म तंतु (2)
19. यह बतौर नायिका पूनम ढिल्लों की पहली फिल्म थी (2)
20. हिलने-डुलने की क्रिया, गति (4)
23. पति-पत्नी का कानूनी रूप से संबंध विच्छेद (2)
24. सूर्यपुत्र कर्ण को यह भी कहते थे (4)

**ऊपर से नीचे**
1. तीनों काल (भूत, वर्तमान, भविष्य)(3)
2. इसे अंग्रेजी में ब्रिज कहते है (2)
3. पूर्णिमा की रात यह भी कहलाती है (2)
4. फिल्म इंडस्ट्री में मठाधीश अभिनेता जिनका निधन 3 दिसंबर 11 को हुआ था (5)
5. बहादुर, योद्धा, शूर (2)
6. ले आना, उपस्थित करना (2)
10. क्रोधपूर्ण दृष्टि, क्रोध सूचक भ्रूभंग (3)
11. मध्यस्थ, ब्रोकर (3)
12. बहुत बड़ा, महान, सर्वश्रेष्ठ (2)
14. पुराणानुसार यह गांधार देशाधिपति सुबल की पुत्री थी (3)
15. उपासना, आराना, पूजा (उर्दू)(4)
16. यह भारत में मुगल साम्राज्य का संस्थापक था (3)
19. नया, नवीन, नव (3)
20. अधिकार, इख्तियार (2)
21. किस समय, किस वक्त (2)
22. वीर, बहादुर, योद्धा (2)

### वर्ग पहेली 6114 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | त | र | ■ | का | न | पु | र |
| ल | ह | क | ना | ■ | ग | जा | ■ |
| आ | ■ | मी | ना | कु | मा | री | ■ |
| ज | ल | ■ | ना | ल | ■ | ■ | सा |
| औ | ला | द | ■ | प | खा | व | ज |
| र | ट | ना | ■ | ति | ल | क | ■ |
| क | ■ | द | स्ता | ■ | ■ | अ | ब |
| ल | गा | न | ■ | स | म | त | ल |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



चक दे इंडिया!

# भारत की शेरनियों का कमाल, साउथ कोरिया को धूल चटाकर जीता एशिया कप का ब्रॉन्ज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जापान के काकामिगाहारा में खेली जा रही महिला अंडर-18 एशिया कप 2026 हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम कर लिया है। शनिवार को खेले गए तीसरे स्थान के मुकाबले में भारत ने दक्षिण कोरिया को 3-0 से करारी शिकस्त दी। सेमीफाइनल में चीन के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में मिली करीबी हार की निराशा को पीछे छोड़ते हुए भारतीय बेटियों ने मैदान पर जबरदस्त वापसी की और पूरे मैच में कोरियाई टीम पर अपना दबदबा बनाए रखा।

### टीम इंडिया का शानदार खेल

इस अहम मुकाबले में भारतीय टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और मैच शुरू होने के दूसरे ही मिनट में संदीप कुमारी ने बेहतरीन मैदानी गोल दागकर टीम को 1-0 की शुरुआती बढ़त दिला दी। इस शुरुआती सफलता से भारतीय खिलाड़ियों का हौसला काफी बढ़ गया और उन्होंने कोरियाई रक्षापंक्ति पर दबाव बनाए रखा। मैच के 16वें मिनट में कप्तान स्वीटी कुजूर ने एक और शानदार फील्ड गोल करते हुए भारत की बढ़त को दोगुना (2-0) कर दिया और टीम को एक मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

# फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचे फैबियो कोबोली

## सेमीफाइनल से माटेओ अर्नाल्डी ने नाम वापस लिया; आज जर्मनी के ज्वेरेव से मुकाबला होगा



**इटली (एजेंसी)।** इटली के फैबियो कोबोली ने करियर में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में जगह बनाई है। फ्रेंच ओपन 2026 के मेंस सिंगल्स सेमीफाइनल से पहले उनके विरोधी माटेओ अर्नाल्डी ने बीमारी के कारण नाम वापस ले लिया, जिससे कोबोली को वॉकओवर मिल गया। 10वें सीड कोबोली का सामना अब रविवार के खिताबी मुकाबले में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा।ज्वेरेव ने चेक रिपब्लिक के याकूब मेन्सिका को हराया। इस जीत के साथ उन्होंने करियर में दूसरी बार रोलां गैरो के फाइनल में जगह बनाई।

इटली के माटेओ अर्नाल्डी वायरल इन्फेक्शन (पेट की खराबी) के कारण अपने करियर के पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल से हट गए। उन्होंने बताया कि तबीयत अचानक बिगड़ने से वे कोर्ट पर उतरने की स्थिति में नहीं थे। उनके हटने से कोबोली का फाइनल का रास्ता साफ हो गया।

**अर्नाल्डी बोले- रात 1 बजे से उल्टी हो रही थी, मैं कुछ भी खा-पी नहीं पा रहा हूं** - मैच से हटने के बाद अर्नाल्डी ने कहा,मैं ऐसा बिल्कुल नहीं करना चाहता था। कल रात से ही मुझे अस्वस्थ महसूस होने लगा था और डिनर के समय मेरे पेट में दिक्कत शुरू हो गई थी। इसके बाद रात को करीब 1 बजे मेरी आंख खुली और मुझे उल्टियां होने लगीं।

उन्होंने आगे बताया,मैं रातभर बिल्कुल सो नहीं सका। सुबह 6 से 7 बजे के बीच मुझे फिर से उल्टी हुई, जिसके बाद हमने डॉक्टर को कमरे पर बुलाया और उन्होंने मुझे कुछ दवाइयां दीं। लेकिन आज पूरे दिन मेरी हालत ऐसी रही कि मैं कुछ भी खा या पी नहीं पा रहा हूं, जब भी कुछ लेता हूं तो मुझे तुरंत वॉशरूम भागना पड़ रहा है।

**एलियासिमे को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे थे कोबोली** - बेहतरीन फॉर्म में चल रहे फैबियो कोबोली ने चौथी वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे को चार सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला अर्नाल्डी से होना था, लेकिन वॉकओवर मिलने से वे सीधे फाइनल में पहुंच गए हैं।

संकटमोचक बनकर उभरे केएल राहुल

# मुल्लानपुर टेस्ट में जड़ा धमाकेदार शतक



**मुल्लानपुर (एजेंसी)।** भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले जा रहे एकमात्र ऐतिहासिक टेस्ट मैच से भारतीय फैंस के लिए एक बेहद शानदार खबर सामने आई है। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के सस्ते में आउट होने के बाद, टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल ने मोर्चा संभाला और मुश्किल परिस्थितियों में एक बेहतरीन शतकीय पारी खेल डाली है। सीनियर खिलाड़ियों के बिना उतरी इस नई भारतीय टीम में केएल राहुल ने अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाया और टीम को एक मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया है।

**दबाव में खेली दमदार पारी, मुल्लानपुर में गूंजा राहुल का नाम**- मुल्लानपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में जब कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, तो शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। यशस्वी जायसवाल केवल 24 रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे। ऐसे समय में क्रीज पर उतरे केएल राहुल ने न सिर्फ एक छोर संभाला, बल्कि अफगानी गेंदबाजों की क्लास लगाते हुए अपने टेस्ट करियर का एक और यादगार शतक पूरा किया। राहुल ने अपनी इस पारी में क्लासिक शॉट्स और बेहतरीन रक्षात्मक खेल का नजारा पेश किया।

उन्होंने स्पिन और तेज गेंदबाजों दोनों के खिलाफ मैदान के चारों तरफ रन बटोरे। उनके इस शतक की बदौलत भारतीय टीम मैच के पहले ही दिन अफगानिस्तान पर अपना शिकंजा कसने में कामयाब रही है।

# प्रज्ञानानंदा नॉर्वे चेस खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने

## फाइनल राउंड में जर्मनी के विन्सेंट को हराया, वर्ल्ड नंबर-1 कार्लसन को दो बार मात दी

**ओस्लो (एजेंसी)।** भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने इतिहास रचते हुए नॉर्वे चेस 2026 का खिताब जीत लिया है। 20 साल के प्रज्ञानानंदा इस टूर्नामेंट को जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। फाइनल राउंड में उन्होंने जर्मनी के विन्सेंट कीमर को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। टूर्नामेंट के आखिरी दिन प्रज्ञानानंदा 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर थे। उन्होंने क्लासिकल मुकाबला जीतकर 3 अंक हासिल किए और कुल 18 अंकों के साथ खिताब अपने नाम कर लिया।नॉर्वे चेस टूर्नामेंट को सबसे ज्यादा 7 बार मैग्नस कार्लसन ने जीता। 2025 में भी वही चैंपियन थे।

**आखिरी राउंड में पलटी बाजी, वेस्ली टाईब्रेकर जीतने के बावजूद हारे** - टूर्नामेंट के आखिरी राउंड में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो 15.5 अंकों के साथ टॉप पर थे। लेकिन उनका मुकाबला ड्रॉ रहा और फैसला आर्मागेडन टाईब्रेकर में गया।इससे प्रज्ञानानंदा के लिए खिताब जीतने का रास्ता खुल गया। वेस्ली सो ने टाईब्रेकर तो जीत लिया, लेकिन उन्हें केवल 1.5 अंक मिले। इस तरह उनके कुल 17 अंक हुए, जो प्रज्ञानानंदा से एक कम थे। फ्रांस के अलीरजा फिरोजा 15.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।



आखिरी दौर में मैग्नस कार्लसन ने गुकेश को हराया, लेकिन वह भी खिताब नहीं जीत सके। कार्लसन 13 अंकों के साथ 5वें स्थान पर रहे।

**प्रज्ञानानंदा ने वर्ल्ड नंबर-1 कार्लसन को दो बार हराया** - इस टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में प्रज्ञानानंदा का प्रदर्शन साधारण रहा, लेकिन बाद के मुकाबलों में उन्होंने शानदार वापसी की। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक वर्ल्ड नंबर-1 और सात बार के नॉर्वे चेस चैंपियन मैग्नस कार्लसन को दो बार क्लासिकल मुकाबलों में हराना रहा। प्रज्ञानानंदा भारत के दूसरे ऐसे खिलाड़ी बने, जिन्होंने एक ही टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन को दो बार हराया। इससे पहले 2007 में विश्वनाथन आनंद ने लिनारेस इंटरनेशनल टूर्नामेंट में कार्लसन को लगातार दो मुकाबलों में शिकस्त दी थी।

**आनंद और गुकेश भी नहीं जीत सके थे नॉर्वे चेस खिताब** - प्रज्ञानानंदा ने वह कर दिखाया जो भारतीय शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद भी नहीं कर पाए थे। मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश भी अब तक यह टूर्नामेंट नहीं जीत सके हैं।2013 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट में पहली बार किसी भारतीय ने खिताब जीता है। प्रज्ञानानंदा दूसरी बार नॉर्वे चेस में खेल रहे थे। गुकेश 8 अंकों के साथ छठे (आखरी) स्थान पर रहे।

# जुरेल श्रीलंका ए के खिलाफ 2- 4 दिवसीय टेस्ट मैचों के लिए इंडिया ए के कप्तान होंगे

## आकिब नबी को भी मिली टीम में जगह

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की अजीत अगरकर वाली चयन समिति ने श्रीलंका ए टीम के खिलाफ होने वाली 2 चार दिवसीय मैचों के लिए इंडिया ए टीम का ऐलान कर दिया है। 25 जून से 5 जुलाई के बीच गाले में होने वाले 2 मैचों के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज इंडिया ए टीम की कप्तानी करेंगे। रणजी ट्रॉफी 2025-26 में शानदार गेंदबाजी करने वाले जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी को भी टीम में जगह मिली है। देवदत्त पडिक्कल को उपकप्तान बनाया गया है।



जुरेल और पडिक्कल के अलावा, बल्लेबाजी लाइन-अप में साई सुदर्शन, ऋतुराज गायकवाड़ और एन जगदीसन शामिल हैं। विदर्भ के बल्लेबाज अमन मोखाड़े और आंध्र के बल्लेबाज शेख रशीद को भी पहली बार इंडिया ए टीम में जगह मिली है। इस दौरे पर भारतीय बल्लेबाजों का मुख्य लक्ष्य स्पिन के अनुकूल परिस्थितियों में ढलना और लाल कूकाबुरा गेंद के साथ खेलने की आदत डालना होगा।

गेंदबाजी आक्रमण में नबी, यश ठाकुर, अंशुल कंबोज और गुरनूर बरार को शामिल किया गया है। गुरनूर को हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ चल रहे एकमात्र टेस्ट मैच के लिए टेस्ट टीम में भी बुलाया गया था। आकिब का चयन अहम है, क्योंकि उन्होंने इस साल की शुरुआत में जम्मू-कश्मीर को पहली बार रणजी ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाई थी और 60 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे।



लेग-स्पिनर जीशान अंसारी और ऑफ-स्पिनर सारांश जैन के साथ ऑलराउंडर आयुष बडोनी स्पिन गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे। आकिब और जीशान न्यू चंडीगढ़ में अफगानिस्तान के खिलाफ चल रहे टेस्ट मैच की तैयारी के लिए भारतीय टीम के नेट गेंदबाज थे।

गायकवाड़, बडोनी, ठाकुर और कंबोज पहले से ही श्रीलंका में हैं। वे इंडिया ए टीम के साथ 9 जून से दांबुला में श्रीलंका ए और अफगानिस्तान ए खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज के लिए गए हैं।



# वैभव सूर्यवंशी भारतीय टीम में चुने गए सबसे युवा क्रिकेटर

## श्रेयस टी-20 के नए कप्तान

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** वैभव सूर्यवंशी भारतीय क्रिकेट टीम में चुने गए अब तक के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। 15 साल, 71 दिन के वैभव को जून-जुलाई में आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के साथ-साथ सितंबर में होने वाले एशियन गेम्स के लिए चुना गया है। एशियन गेम्स में क्रिकेट के मुकाबले टी-20 फॉर्मेट में ही होते हैं। श्रेयस अय्यर टी-20 फॉर्मेट में भारत के नए कप्तान बनाए गए हैं। वर्ल्ड कप जीतने वाले सूर्यकुमार यादव से कप्तानी छीन ली गई है। उन्हें टीम से भी बाहर कर दिया गया है। तिलक वर्मा टी-20 टीम के उपकप्तान बनाए गए हैं।

**वैभव ने 149 दिन के फासले से तोड़ा शेफाली का रिकॉर्ड** - टीम में पहली बार सिलेक्शन होने के दिन सबसे कम उम्र के मामले में वैभव ने शेफाली वर्मा का रिकॉर्ड तोड़ा है। इससे पहले शेफाली पुरुष और महिला क्रिकेट मिलाकर भारतीय टीम के लिए चुनी जाने वाली सबसे युवा खिलाड़ी थीं। शेफाली जब पहली बार चुनी गई थीं, तब वह 15 साल, 220 दिन की थीं। वहीं, पुरुष क्रिकेटर्स में यह रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था। सचिन 16 साल, 194 दिन की उम्र में भारतीय टीम में चुने गए थे।

**सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले भारतीय भी बन सकते हैं वैभव** - शेफाली ने 15 साल 239 दिन की उम्र में भारत के लिए पहला मैच खेल लिया था। वहीं, सचिन ने 16 साल 205 दिन की उम्र में भारत के लिए डेब्यू किया था। वैभव को अगर इंग्लैंड-आयरलैंड टूर या एशियन गेम्स में एक भी मैच खेलने का मौका मिल जाता है तो वे शेफाली और सचिन दोनों को पीछे छोड़कर भारत के लिए खेलने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बन जाएंगे।

### आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टी-20 टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और प्रिंस यादव।

### एशियन गेम्स के लिए भारतीय टी-20 टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह।

### दुनिया के सबसे युवा खिलाड़ी नहीं बनेंगे वैभव

जर्सी की निया चार्लोट ग्रेग सबसे कम उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाली क्रिकेटर हैं। उन्होंने 2019 में 11 साल, 40 दिन की उम्र में पहला टी-20 इंटरनेशनल खेला था। उनेक नाम सबसे कम उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है। पुरुषों में रोमानिया के मारियन गेरासिम सबसे कम उम्र में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले पुरुष क्रिकेटर हैं। उन्होंने 2020 में 14 साल और 16 दिन की उम्र में पहला टी-20 इंटरनेशनल खेला था। यानी वैभव दुनिया के सबसे युवा क्रिकेटर नहीं बन सकते।

### कोहली की जगह वनडे खेलेंगे जायसवाल

अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में विराट कोहली की जगह यशस्वी जायसवाल खेलेंगे। चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर ने बताया कि जायसवाल चोटिल कोहली को रिप्लेस करेंगे।



# पाकिस्तान को हरा 18 एशिया कप के फाइनल में भारत

## आशीष के 'चौके' से बदली देश की किस्मत

**नई दिल्ली।** जापान के शहर काकमिगाहारा में जारी अंडर 18 एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को धूल चटा दी। भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने इस हाईवोल्टेज मुकाबले में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 5-3 से हराया। भारतीय टीम अंतिम क्वार्टर तक 2-3 से पिछड़ रही थी। फिर अंतिम 15 मिनट में तीन गोल करते हुए भारत ने वापसी ही नहीं की, बल्कि फाइनल का टिकट भी पक्का कर लिया।

भारत के लिए इस जीत के हीरो रहे आशीष तनी पूर्ति जिन्होंने चार गोल इस मैच में किए। उन्होंने अंतिम क्वार्टर में तीन गोल करते हुए भारत को हार से बचाया ही नहीं बल्कि जिताकर फाइनल में भी पहुंचा दिया।

**मैच में दिखी कांटे की टक्कर**- मैच की शुरुआत बेहतरीन थी और दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल दिखाया। भारत और पाकिस्तान दोनों के खिलाड़ियों ने पहले 11 मिनट तक एक भी गोल अपने खिलाफ नहीं होने दिया। फिर 12वें मिनट में भारत को पाकिस्तान की गलती से पेनल्टी स्ट्रोक मिला और आशीष पूर्ति ने इसे गोल में तब्दील कर दिया। भारत को पहले क्वार्टर में इस तरह 1-0 से बढ़त मिल गई।



### आशीष ने आखिरी 15 मिनट में बदली किस्मत

आशीष तनी पूर्ति ने आखिरी 15 मिनट में भारतीय हॉकी टीम की किस्मत बदल दी। 46वें मिनट से पाकिस्तान की किस्मत खराब होना शुरू हुई और भारत की जीत की तरफ बढ़ने लगा। भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले। 49वें मिनट में आशीष ने गोल दागा और स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। उसके बाद 53वें मिनट में आशीष ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और भारत को 4-3 से बढ़त दिला दी। 56वें मिनट में आशीष का चौथा गोल आया और भारत ने 5-3 से लीड बना ली।

# मलिंगा के साथ खेला क्रिकेट, अब जैवलिन में तोड़ा नीरज का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रोम डायमंड लीग में श्रीलंका के जैवलिन थ्रोअर रुमेश थरंगा पथिरागे का जलवा देखने को मिला है। एक समय श्रीलंका की अंडर 18 क्रिकेट टीम में मौजूदा इंटरनेशनल गेंदबाज इशान मलिंगा के साथ गेंदबाजी करने वाले रुमेश ने अब एथलेटिक्स में अपना जलवा दिखाया है। रुमेश ने रोम में 92.62 मीटर की दूरी पर भाला फेंकते हुए नीरज चोपड़ा का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

वह मौजूदा डायमंड लीग में पहले 90 मीटर से ज्यादा दूरी तक जैवलिन फेंकने वाले खिलाड़ी हैं।

रुमेश थरंगा ने नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग 2025 के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। जबकि पाकिस्तान के अरशद नदीम से वह पीछे रह गए। उनके नाम श्रीलंका का नेशनल रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। जबकि एशिया में वह सबसे दूरी तक जैवलिन फेंकने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। वहीं ओवरऑल जैवलिन के इतिहास में वह 8वें बेस्ट जैवलिन थ्रोअर बन गए हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### जम्होर थाना में लोक संवाद गोष्ठी आयोजित

**जम्होर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** सदर प्रखंड के ग्राम जम्होर स्थित मध्य विद्यालय परिसर में शनिवार को जम्होर थाना के तत्वावधान में लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन औरंगाबाद के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा स्थानीय समस्याओं पर विचार-विमर्श करना था। गोष्ठी की अध्यक्षता जम्होर थानाध्यक्ष सूर्यवीर कुमार गुप्ता ने की। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पुलिस-जनता संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने को लेकर अपने विचार एवं सुझाव रखे। संवाद गोष्ठी में उपस्थित लोगों ने सुझाव दिया कि जम्होर थाना क्षेत्र में अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन मार्ग तक ट्रकों के प्रवेश के लिए समय सीमा निर्धारित की जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो।

### राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए रवाना खिलाड़ियों से मिले विधायक

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पटना रवाना हो रहे खिलाड़ियों से औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक त्रीविक्रम नारायण सिंह ने मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान खिलाड़ियों ने जिले में खेल सुविधाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। खिलाड़ियों ने खेल मैदानों की कमी, खेल सामग्री (इक्विपमेंट) की उपलब्धता तथा प्रशिक्षण से संबंधित अन्य आवश्यकताओं के बारे में विधायक को अवगत कराया। विधायक ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर वातावरण और संसाधन उपलब्ध कराना आवश्यक है, ताकि वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि खेल मैदानों के विकास तथा आवश्यक खेल सामग्री की व्यवस्था के लिए संबंधित स्तर पर शीघ्र पहल की जाएगी। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे राज्य एवं अंतरराज्यीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर औरंगाबाद जिले का नाम रोशन करें। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन, समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

बाईक में पेट्रोल भरवाने जाते समय हुआ हादसा, सदर अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

# युवक की सड़क हादसे में हुई मौत
# नाबालिग गंभीर रूप से घायल

- विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी

**निज संवाददाता** | कुटुंबा (औरंगाबाद)



जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र में शनिवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा अंबा-नवीनगर मुख्य मार्ग पर तमसी मोड़ के समीप हुआ। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया, वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के झिकटिया गांव निवासी नवल मौआर के 25 वर्षीय पुत्र अमन कुमार पांडेय उर्फ कइल के रूप में हुई है। वहीं घायल नाबालिग की पहचान मुकेश के रूप में की गई है, जिसका इलाज चल रहा है। परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार, मुकेश अपनी मोटरसाइकिल में पेट्रोल भरवाने के लिए गांव से निकला था। उसने गांव के ही अमन कुमार पांडेय को साथ ले लिया। दोनों बाइक से पेट्रोल पंप की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तमसी मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने अमन कुमार पांडेय की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि सदर अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन सदर अस्पताल पहुंच गए। बेटे की मौत की खबर सुनकर मां रमी देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अस्पताल परिसर में वह अपने बेटे के शव से लिपटकर विलाप करती रहीं। मृतक के भाई नारायण समेत अन्य परिजन भी गहरे सदमे में हैं। परिजनों ने बताया कि अमन दो भाइयों में बड़ा था। वह पढ़ाई के साथ-साथ खेती-बाड़ी के कार्यों में अपने पिता का सहयोग करता था और परिवार की जिम्मेदारियों में सक्रिय भूमिका निभाता था।

सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। कुटुंबा थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि तमसी मोड़ के समीप दो बाइकों की टक्कर की सूचना मिली थी। घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। पुलिस दुर्घटना में शामिल दूसरे वाहन की पहचान करने तथा मामले की जांच में जुटी हुई है। हादसे के बाद झिकटिया गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है और ग्रामीण शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं।

## स्कॉर्पियो ने कार में मारी टक्कर, शादी में जा रहे छह लोग घायल, दो की हालत गंभीर



**निज संवाददाता** | ओबरा (औरंगाबाद)

जिले के ओबरा थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर शनिवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने एक कार में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे छह लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी घायल मदनपुर थाना क्षेत्र के इस्लामपुर गांव के निवासी हैं। वे गांव के ही मो. मुजाहिद अंसारी की शादी में शामिल होने के लिए कार से गोरखपुर जा रहे थे। इसी दौरान ओबरा थाना क्षेत्र में एनएच-139 पर उनकी कार दुर्घटना का शिकार हो गई। घायलों की पहचान 45 वर्षीय मो. मुख्तार अंसारी, 14 वर्षीय मो. अली, मो. आलमगीर, मो. पप्पू, मो. सोहेल और मो. राजू के रूप में की गई है। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के ग्रामीण और राहगीर बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए क्षतिग्रस्त कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और तत्काल इलाज के लिए ओबरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मो. मुख्तार अंसारी, मो. अली, मो. आलमगीर और मो. पप्पू की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इनमें मो. पप्पू और मो. आलमगीर की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी।

## गांव-गांव पहुंचे सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व केवल योजनाओं का उद्घाटन या विकास कार्यों की समीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। जनसंपर्क अभियान के तहत विधायक ने पोखराहां, फेसरा, देवरिया कला, बघोई कला, बगैया, दिल मोहम्मदगंज, सोहरैया सहित कई गांवों का भ्रमण किया। गांवों में पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, बिजली, सिंचाई, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। विधायक ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। विधायक के गांवों में पहुंचने पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की। लोगों ने कहा कि लंबे समय बाद कोई जनप्रतिनिधि गांवों में पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुन रहा है और समाधान का आश्वासन दे रहा है।

### जनता का विश्वास सबसे बड़ी पूंजी

ग्रामीणों से संवाद के दौरान विधायक त्रीविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि जनता का विश्वास और सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों के समक्ष उठाया जाएगा और उनके समाधान की दिशा में ठोस पहल की जाएगी।

कई ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से उनकी समस्याएं विभिन्न स्तरों पर लंबित थीं, लेकिन अब उन्हें उम्मीद जगी है कि उनकी आवाज शासन-प्रशासन तक पहुंचेगी। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ-साथ जनता से सीधा संवाद उनकी कार्यशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसी उद्देश्य से वे लगातार गांवों का दौरा कर रहे हैं, ताकि समस्याओं को जमीनी स्तर पर समझकर उनका प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## एनएच-139 को फोरलेन बनाने की मांग हुई तेज, आठ जून को होगा महाधरना

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद




राष्ट्रीय राजमार्ग-139 को फोरलेन बनाने की मांग को लेकर संघर्ष तेज हो गया है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय स्थित ब्लॉक मोड़ के समीप पृथ्वीराज चौहान स्मृति भवन परिसर में एनएच-139 संघर्ष समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क को फोरलेन बनाने की मांग को लेकर आगामी 8 जून को अनुग्रह मिडिल स्कूल के सामने महाधरना आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक का आयोजन समाजसेवी रामानुज पांडेय, इंजीनियर सुबोध कुमार सिंह, कुमार सौरभ सिंह, राकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू जी, प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, सुनील चौबे, स्वर्णजीत कुमार सिंह, मनोज सिंह, रवि कुमार सिंह एवं सुजीत कुमार सिंह सहित अन्य प्रबुद्धजनों के संयोजन में किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पिछले एक दशक से एनएच-139 पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। उनके अनुसार इस अवधि में लगभग 2500 से अधिक लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने अब तक इस राजमार्ग को फोरलेन बनाने की दिशा में ठोस पहल नहीं की है।

वक्ताओं ने कहा कि लोगों की सुरक्षा और बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए इस सड़क का फोरलेन होना अत्यंत आवश्यक है। संघर्ष समिति ने केंद्र सरकार से अविलंब इस दिशा में कार्रवाई करने की मांग की। बैठक में मौजूद लोगों ने कहा कि झारखंड के पलामू जिले में हरिहरगंज सीमा के उस पार फोरलेन सड़क का निर्माण दो-तीन वर्ष पहले ही पूरा कर लिया गया है, जबकि बिहार की सीमा में औरंगाबाद से बिहटा तक सड़क को अब तक फोरलेन नहीं किया गया। वक्ताओं ने इसे सरकार की दोहरी नीति करार दिया। बैठक में हाल ही में क्षतिग्रस्त हुए दोमुहान पुल का मुद्दा भी उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण भारी वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया है, जिससे लोगों और परिवहन व्यवस्था को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से डायवर्सन निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की। संघर्ष समिति के सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि यदि एनएच-139 को फोरलेन बनाने की मांग पर सरकार सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है तो महाधरना के बाद चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा।

## औरंगाबाद के अस्पतालों, नर्सिंग होम और होटलों का अग्नि सुरक्षा ऑडिट, मानक नहीं पूरा करने वालों को नोटिस



**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

जिले में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने अस्पतालों, नर्सिंग होम, होटल, लॉज एवं अन्य आवासीय प्रतिष्ठानों का विशेष अग्नि सुरक्षा प्रबंधन ऑडिट शुरू किया है। इसी क्रम में जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अंतरा कुमारी तथा अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी रामाकांत सिंह के संयुक्त नेतृत्व में विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले संस्थानों के विरुद्ध सीलिंग नोटिस जारी करने की कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अस्पतालों और नर्सिंग होम का किया गया निरीक्षण

अग्नि सुरक्षा ऑडिट के तहत क्लब रोड स्थित नवजात शिशु चिकित्सा केंद्र, एमजी रोड स्थित आस्था नर्सिंग होम सहित जिले के अन्य पांच नर्सिंग होम और अस्पतालों का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा दो होटलों की भी अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, उनकी कार्यशील स्थिति, आपातकालीन निकास व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा संसाधनों तथा सुरक्षा मानकों के अनुपालन का विस्तृत आकलन किया गया।

### होटल, लॉज और गेस्ट हाउस को 15 दिनों की मोहलत

जिला प्रशासन ने जिले में संचालित सभी होटल, लॉज, गेस्ट हाउस और अन्य आवासीय प्रतिष्ठानों का भी अग्नि सुरक्षा ऑडिट कराने का निर्देश दिया है। संबंधित प्रतिष्ठानों को 15 दिनों के भीतर अग्नि सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही प्रतिष्ठान संचालकों को आवश्यक अनुमतियों के प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने तथा एलपीजी सिलेंडर के उपयोग से संबंधित अनिवार्य स्व-घोषणा पत्र जमा करने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण टीम ने संबंधित संस्थानों के संचालकों को अग्नि सुरक्षा से जुड़े सभी मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि अस्पतालों और आवासीय प्रतिष्ठानों में आग जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था होना अत्यंत आवश्यक है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सुरक्षा मानकों का अनुपालन नहीं करने वाले संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अग्नि सुरक्षा ऑडिट का उद्देश्य लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना और संभावित दुर्घटनाओं को रोकना है।

## समूह का पैसा निकालने जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत

**निज संवाददाता** | गोह(औरंगाबाद)

औरंगाबाद जिले के उपहारा थाना क्षेत्र में शनिवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। हरीगांव मध्य विद्यालय के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसने इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान मियांपुर गांव निवासी रणविजय यादव की 38 वर्षीय पत्नी अनिता देवी के रूप में की गई है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अनिता देवी अपने गांव के छोटू कुमार के साथ मोटरसाइकिल से समूह का पैसा निकालने गोह जा रही थीं। इसी दौरान जब उनकी बाइक हरीगांव मध्य विद्यालय के पास पहुंची, तभी एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों लोग सड़क पर गिर पड़े। हादसे में अनिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि बाइक चला रहे छोटू कुमार को कोई गंभीर चोट नहीं आई और वह सुरक्षित बच गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया। हालांकि उनकी हालत बेहद गंभीर थी। इलाज के लिए ले जाने के दौरान तेयाप गांव के समीप रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

## सभी थानों में होगी लोक संवाद गोष्ठी, जनता सीधे पुलिस को बताएगी अपनी समस्याएं

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

आम जनता और पुलिस के बीच बेहतर संवाद एवं समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से औरंगाबाद पुलिस ने नई पहल शुरू की है। मगध रेंज के पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर अब जिले के सभी थाना क्षेत्रों में प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को लोक संवाद गोष्ठी आयोजित की जाएगी। इस दौरान आम नागरिक सीधे पुलिस अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव रख सकेंगे। पुलिस के अनुसार लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को शाम 4 बजे से 6 बजे तक निर्धारित स्थलों पर किया जाएगा। इसी कड़ी में शनिवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पुलिस द्वारा जारी सूची के अनुसार नगर थाना क्षेत्र में सिंचाई कॉलोनी, दानी बिगहा तथा मुफस्सिल थाना क्षेत्र में रावल बिगहा को संवाद स्थल बनाया गया है। वहीं सिमरा थाना क्षेत्र के बैरांव, रिसियप के सुंदरगंज, बारुण के सिरिस हाई स्कूल खेल मैदान, मध्य विद्यालय जम्होर तथा फेसर थाना क्षेत्र के करसोव पंचायत भवन में भी गोष्ठी आयोजित होगी। नवीनगर थाना क्षेत्र में अनुग्रह नारायण स्टेडियम और एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र में खैरा को संवाद स्थल के रूप में चयनित किया गया है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस-पब्लिक संवाद

कुटुंबा थाना क्षेत्र के कुटुंबा पश्चिम बाजार, अंबा के सतबहिनी मंदिर परिसर, मदनपुर के शिवनाथ बिगहा तथा देव थाना क्षेत्र के सूर्यकुंड तालाब परिसर में भी लोक संवाद गोष्ठी आयोजित होगी। इसी प्रकार सलैया थाना क्षेत्र के उच्च विद्यालय सलैया, ढिबरा थाना क्षेत्र के बालूगंज बाजार दुर्गास्थान तथा रफीगंज थाना क्षेत्र के आरबीआर हाई स्कूल के समीप संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पौथू थाना क्षेत्र के पंचायत सरकार भवन, कासमा के उच्च विद्यालय अरथुआ, उपहारा के मध्य एवं उच्च विद्यालय डड़वां तथा गोह थाना क्षेत्र के पुंदौल में भी पुलिस-पब्लिक संवाद होगा।

## अंचल कार्यालय में लगा जनता दरबार छह भूमि विवाद मामलों की हुई सुनवाई

**निज संवाददाता** | रफीगंज (औरंगाबाद)



भूमि विवादों के त्वरित निष्पादन को लेकर शनिवार को रफीगंज अंचल कार्यालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह की देखरेख में आयोजित इस जनता दरबार में भूमि संबंधी मामलों की सुनवाई की गई और फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। जनता दरबार में कुल छह आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से तीन मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष तीन मामलों की सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई है। अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह ने बताया कि भूमि विवादों के त्वरित और निष्पक्ष समाधान के उद्देश्य से नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित किए जा रहे हैं।

इससे लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ता और मामलों के निपटारे में भी तेजी आती है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आपसी तनाव और कानूनी जटिलताओं को कम किया जा सके।

## सड़क हादसे में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. रवि रंजन घायल

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद






एनएच-139 पटना-औरंगाबाद मार्ग पर शंकरपुर गांव के समीप शनिवार को तेज रफ्तार और ओवरटेक करने के दौरान एक अर्टिगा कार ने स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क दुर्घटना में औरंगाबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन घायल हो गए। हालांकि स्कॉर्पियो का एयरबैग समय पर खुल जाने के कारण वे गंभीर हादसे से बाल-बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अर्टिगा कार तेज गति से चल रही थी और ओवरटेक करने के प्रयास में चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे स्कॉर्पियो को जोरदार टक्कर लग गई। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

बताया जाता है कि दुर्घटना में स्कॉर्पियो को काफी क्षति पहुंची है, जबकि डॉ. रवि रंजन को हल्की चोटें आई हैं। चिकित्सकों ने उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई है। गौरतलब है कि एनएच-139 का यह हिस्सा लगातार सड़क दुर्घटनाओं के कारण चर्चा में बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार, लापरवाही से वाहन चलाना और नियमों की अनदेखी के कारण इस मार्ग पर आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से इस सड़क पर यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने, नियमित जांच अभियान चलाने तथा दुर्घटना-प्रवण स्थलों पर आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है। इस घटना ने एक बार फिर एनएच-139 पर सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार हो रही दुर्घटनाओं से लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है।

## पुनपुन के विष्णुधाम और गया के विष्णुपद मंदिर का है गहरा आध्यात्मिक संबंध : सुरेश विद्यार्थी

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



मोक्षदायिनी पुनपुन नदी और पुण्यदायिनी बटाने नदी के पावन संगम तट पर स्थित विष्णुधाम न केवल प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है, बल्कि धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल माना जाता है। शब्दवीणा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेश विद्यार्थी ने कहा कि यह स्थल गया जी तीर्थ का प्रथम द्वार तथा मगध के चार प्रमुख धामों में से एक है। उन्होंने बताया कि पुनपुन-बटाने संगम तट पर भगवान विष्णु का सूक्ष्म स्वरूप युगों-युगों से विद्यमान माना जाता है। कई शताब्दियों पूर्व परमहंस संन्यासी महर्षि हंसराज उर्फ खाकी बाबा को इस दिव्य स्वरूप की अनुभूति हुई थी। इसके बाद उन्होंने यहां भगवान विष्णु की आदमकद प्रतिमा स्थापित करवाई। साथ ही शिव परिवार, संकटमोचन हनुमान, भगवान भास्कर सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित कर इस स्थल को धार्मिक तीर्थ के रूप में विकसित किया। सुरेश विद्यार्थी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वर्ष 2016 में उन्होंने ग्रीष्मावकाश के दौरान विष्णुधाम पहुंचकर संगम में स्नान किया और भगवान विष्णु के दर्शन के बाद गया जी की यात्रा प्रारंभ की। उन्होंने बताया कि अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन से यात्रा कर गया पहुंचे और वहां से विष्णुपद मंदिर का दर्शन किया। उन्होंने कहा कि विष्णुधाम और विष्णुपद मंदिर के बीच लगभग 75 किलोमीटर की दूरी है, लेकिन दोनों स्थलों का धार्मिक संबंध अत्यंत गहरा और प्राचीन है। सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि गया स्थित विष्णुपद मंदिर में भगवान विष्णु के चरणचिह्न स्थापित हैं, जिन्हें हिंदू धर्म में विशेष श्रद्धा और आस्था का केंद्र माना जाता है। वर्तमान मंदिर का पुनर्निर्माण वर्ष 1787 में मालवा की प्रसिद्ध शासक अहिल्याबाई होलकर द्वारा कराया गया था।

उन्होंने कहा कि निरंजना नदी के तट पर स्थित यह मंदिर काले कसौटी पत्थरों से निर्मित है। लगभग 100 फीट ऊंचा यह भव्य मंदिर 44 विशाल स्तंभों पर खड़ा है, जिसकी वास्तुकला अद्भुत और अलौकिक प्रतीत होती है। सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार त्रेता युग में भगवान श्रीराम ने अपने पितरों के निमित्त प्रथम पिंडदान विष्णुधाम के समीप संगम तट पर किया था।

## उर्वरक निगरानी समिति की बैठक

**गोह (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिले के उपहारा थाना क्षेत्र में शनिवार को सड़क हादसे में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। हरीगांव मिडिल स्कूल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए ले जाते समय उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान मियांपुर गांव निवासी रणविजय यादव की 38 वर्षीय पत्नी अनिता देवी के रूप में हुई है। वह अपने गांव के छोटू कुमार के साथ बाइक से समूह का पैसा निकालने गोह जा रही थीं। जैसे ही उनकी बाइक हरीगांव मिडिल स्कूल के पास पहुंची, तभी एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े और अनिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं।